3 बस्तर संभाग
प्रदेश को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को मुआवजा दे ...

6 अभिमत
चेतना, मानवता व सहिष्णुता का प्रतीक हिंदी

10 संस्कारधानी
रौद्र वर्षा - तीन पहले गायब व्यक्ति की नदी किनारे ...

11 खेल
पंजाब के इस बल्लेबाज का बेस्ट आना अभी बाकी...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 15 सितम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 28 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### दो पाकिस्तानी आतंकवादी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। स्पेशल सेल के एक अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल की टीम ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि कई राज्यों में आतंक के खिलाफ अभियान के बाद हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

### वर्धा में नाव के पलटने से 11 लोगों के डूबने की आशंका

**अमरावती/नागपुर।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में मंगलवार सुबह नाव के पलट जाने से कम से कम 11 लोगों के वर्धा नदी में डूबने की आशंका है। सूत्रों के अनुसार घटना अमरावती जिले के बेनोदा शहीद थाना अंतर्गत श्री क्षेत्र झुंज में सुबह करीब साढ़े दस बजे तीन परिवारों के 11 लोगों को लेकर जा रही एक नाव नदी में पलट गई। घटना के सही कारण का तुरंत पता नहीं चल सका है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि नाव में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। सूत्रों ने बताया कि इस बीच बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अब तक नदी से एक नाबालिग लड़की समेत तीन शव बरामद किए हैं और अन्य शवों की तलाश की जा रही है।

### 'काला कोट पहन लेने से आपकी जिन्दगी कीमती नहीं हो जाती' : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** यदि आपने काला कोट पहना है तो इसका यह मतलब नहीं कि आपकी जिन्दगी ज्यादा कीमती है। यह महत्वपूर्ण टिप्पणी उच्चतम न्यायालय ने 60 साल की आयु से पहले कोरोना या अन्य कारणों से मरने वाले वकीलों के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि संबंधी जनहित याचिका खारिज करते हुए मंगलवार को की। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की खंडपीठ ने वकील प्रदीप कुमार यादव की याचिका खारिज करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना भी उनपर लगाया और कहा कि यह याचिका 'पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' नहीं, बल्कि 'पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन' है।

# अन्य राज्यों में शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे भी होंगे अब छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी

## जारी निर्देशों में संशोधन करते हुए नई शर्तें जोड़ी गई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए 'स्थानीय निवासियों' की परिभाषा निर्धारण के संबंध में सामान्य प्रशासन द्वारा पूर्व में जारी निर्देश में संशोधन करते हुए नई शर्त जोड़ी है। जिसके अनुसार अब छत्तीसगढ़ के बाहर अन्य राज्यों के विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे आवेदक या जिन्होंने राज्य के बाहर शिक्षा प्राप्त की हो, यदि उनके माता-पिता छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र प्राप्त करने की पात्रता रखते हैं तो, उन्हें भी छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र प्राप्त करने की पात्रता होगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में 8 सितम्बर को आयोजित केबिनेट की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया था। इसके परिपालन में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज यहां मंत्रालय नवा रायपुर से इस संबंध में शासन के सभी विभागों, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजस्व मंडल बिलासपुर, समस्त विभागाध्यक्षों, समस्त संभागायुक्तों, समस्त कलेक्टरों, जिला पंचायत के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को परिपत्र जारी कर दिया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि उपरोक्त नई शर्त के साथ संदर्भित परिपत्र की अन्य सभी शर्तें यथावत् लागू रहेंगी। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के ध्यान में यह आया है कि ऐसे आवेदकों को, जो छत्तीसगढ़ के बाहर अन्य राज्यों के विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं या प्राप्त किए हैं, छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। ऐसे आवेदकों को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाई न हो इसके लिए 'स्थानीय निवासियों' की परिभाषा के संबंध में सामान्य प्रशासन द्वारा 17 जून 2003 को जारी संदर्भित परिपत्र में जारी निर्देशों में संशोधन करते हुए नई शर्त जोड़ी गई है। जिसके अनुसार ऐसे आवेदक जिनके माता-पिता छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र प्राप्त करने की पात्रता रखते हैं, छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर अन्य राज्यों के विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, प्राप्त किए हैं, उन्हें भी छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र प्राप्त करने की पात्रता होगी।

## मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष ने अभियंता दिवस पर दी शुभकामनाएं





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अभियंता दिवस के अवसर पर सभी इंजीनियरों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र और राज्य के निर्माण में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वे अपने तकनीकी ज्ञान और कुशलता से विकास और समृद्धि की मजबूत अधोसंरचना तैयार करते हैं। ऐसे ही असाधारण प्रतिभा के धनी भारत के महान इंजीनियर भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की स्मृति में हम उनके जन्मदिन 15 सितम्बर को अभियंता दिवस के रूप में मनाते हैं।

वहीं शुभकामना देते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि भारत के महान इंजीनियर भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की स्मृति में उनके जन्मदिन 15 सितम्बर को अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के सबसे पहले सिविल इंजीनियर, बांध बनाने वाले, अर्थशास्त्री, राजनेता, और उन्हें पिछली सदी के अग्रणी राष्ट्र-बिल्डरों में रहे हैं। मैसूर में कृष्णा राजा सागर डैम के निर्माण के लिए मुख्य इंजीनियर थे और साथ ही हैदराबाद शहर के लिए बाढ़ सुरक्षा प्रणाली के प्रमुख डिजाइनर भी थे। उन्हें आधुनिक भारत के विश्वकर्मा के रूप में बड़े सम्मान के साथ याद किया जाता है। सर विश्वेश्वरैया ने अपनी असाधारण दृष्टि और प्रतिभा से भारत में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया। दक्षिण भारत के कर्नाटक को एक विकसित और समृद्धशाली क्षेत्र बनाने में उनका अभूतपूर्व योगदान रहा है। मैसूर में कृष्णा राज सागर बांध सहित अनेक बांधों के निर्माण और कई उद्योगों की स्थापना में उन्होंने अपनी उत्कृष्ट तकनीकी कुशलता से नये मापदण्ड स्थापित किये। किसी भी राष्ट्र और राज्य के निर्माण में इंजीनियरों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अपने कार्य के प्रति सर विश्वेश्वरैया की निष्ठा और समर्पण सबके लिए प्रेरणादायक है।

# 20वीं सदी की गलतियों को सुधार रहा है 21वीं सदी का भारत : मोदी

वार्ता ➤ अलीगढ़
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी शंखनाद करते हुए कांग्रेस पर आज कटाक्ष किया कि उसने अपने तप एवं त्याग से देश को दिशा देने वाले राजा महेन्द्र प्रताप सिंह जैसे राष्ट्रनायकों से देश की अगली पीढ़ियों को परिचित नहीं कराया और 20वीं सदी की उन गलतियों को 21वीं सदी का भारत सुधार रहा है। बृजभूमि के इस नगर में मंगलवार को राधाष्टमी के पर्व पर अलीगढ़ में रक्षा उत्पादन गलियारे और राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की आधारशिला रखने के बाद मोदी ने अपने संबोधन में नौजवानों का राजा महेन्द्र प्रताप सिंह के चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और कहा कि भारत का इतिहास ऐसे ऐसे राष्ट्रभक्तों की गाथाओं से भरा पड़ा है जिन्होंने अपने तप और त्याग से देश को नयी दिशा दी है। ऐसे कितने ही महान व्यक्तित्वों ने सब कुछ खपा दिया लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि ऐसे राष्ट्रनायकों नायिकाओं से देश की अगली पीढ़ी को परिचित नहीं कराया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी गाथाए जानने से पीढ़ियां वंचित रह गयीं। 20वीं सदी की इन गलतियों को 21वीं सदी का भारत सुधार रहा है। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेल देव, छोटूराम या राजा महेन्द्र प्रताप सिंह हों, राष्ट्र के विकास के लिए उनके योगदान को आगे लाने के ईमानदार प्रयास हो रहे है। श्री मोदी ने राजा महेन्द्र प्रताप सिंह के भारत के उज्जवल भविष्य की खातिर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान का उल्लेख किया और कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें इस विश्वविद्यालय के शिलान्यास का अवसर मिला। यह विश्वविद्यालय 21वीं सदी के भारत में शिक्षा एवं कौशल की आकांक्षा के अनुरूप रक्षा अध्ययन, रक्षा उत्पादन प्रौद्योगिकी, इस क्षेत्र में काम करने वाले कुशल मानवश्रम तैयार करेगा। यहां शिक्षा एवं कौशल स्थानीय भाषा में देने पर बल दिया जाएगा। अपने ताला उद्योग के कारण विख्यात अलीगढ़ में रक्षा उत्पादन गलियारे के शिलान्यास के मौके पर प्रधानमंत्री ने घरों और दुकानों की सुरक्षा में भूमिका निभाने वाला अलीगढ़ अब देश की सीमाओं की सुरक्षा में प्रमुख भूमिका निभायेगा। यहां सैकड़ों करोड़ रुपये के निवेश से डेढ़ दर्जन से अधिक कंपनियां आ रहीं हैं जो छोटे हथियार, ड्रोन, एयरोस्पेस मेटल कंपोनेंट, एंटी ड्रोन प्रणाली एवं अन्य रक्षा उपकरण बनायेंगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीतिक नब्ज़ पर हाथ रखते हुए श्री मोदी ने करीब पांच साल पहले हुए दंगों की याद दिलायी और कहा कि एक समय ऐसा माहौल था जब लोगों को पुश्तैनी घर छोड़ कर भागना पड़ा था। आज उत्तर प्रदेश में कोई भी अपराधी ऐसा करने से पहले सौ बार सोचता है। उन्होंने योगी सरकार की कानून व्यवस्था की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि एक समय यहां शासन प्रशासन गुंडो माफियाओं की मनमर्जी से चलता था लेकिन आज गुंडे और माफिया सलाखों के पीछे हैं। प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए केन्द्र और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कार्यों को गिनाया और कहा कि उनकी सरकार देश के 80 फीसदी से अधिक छोटी जोत वाले किसानों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चिंताओं से खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों और छोटे किसानों की समृद्धि के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड काल में गरीबों को भूख से बचाने के लिए भारत ने जो कार्य किये हैं वैसे कार्य दुनिया के तमाम बड़े देश भी नहीं कर पाये हैं।

## विधायक शर्मा और बीजेपी नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार से जेसीसी-जे विधायक प्रमोद शर्मा और बीजेपी जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगडे समेत उनके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है. उन पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, आवागमन बाधित करने और लोगों को परेशानी में डालने जैसे विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई हुई है. कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज हुआ है। दरअसल 11 सितंबर को कोतवाली थाने के सामने विधायक प्रमोद शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन कर चक्काजाम किया था। इसके अलावा यातायात थाने के सामने प्रदर्शन कर रहे बीजेपी जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगडे सहित उनके साथियों के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार विधायक प्रमोद शर्मा ने कोतवाली थाने में जाकर एक आरोपी को छुड़ाने का प्रयास कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया था। चक्काजाम कर आवागमन बाधित किया। इसके साथ ही यातायात थाने के सामने भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगडे और उनके साथियों ने चक्काजाम किया था. जिस पर दोनों ही मामलों में कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें 11 सितंबर को विधायक प्रमोद शर्मा अपने साथियों के साथ कोतवाली टीआई पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए धरना पर बैठ गए थे. भाजपा यातायात प्रभारी के खिलाफ की मांग और अन्यत्र हटाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया था. जिस पर दोनों ही मामलों में कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है।

## किसान आंदोलन से दिक्कतों पर मानवाधिकार आयोग का दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने किसान आंदोलन के कारण लोगों, औद्योगिक इकाइयों और कंपनियों को हो रही दिक्कतों से संबंधित शिकायतों का संज्ञान लेते हुए दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आयोग ने कहा है कि उसे इस संबंध में अनेक शिकायतें मिली हैं जिनमें आरोप लगाया गया है कि आंदोलन के कारण रास्तों के बंद होने से छोटी बड़ी 900 से अधिक औद्योगिक इकाइयों पर प्रभाव पड़ा है। आंदोलन के कारण सड़क मार्ग भी प्रभावित हुआ है जिससे आम लोगों, रोगियों और शारीरिक रूप से अक्षम लोगों तथा वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। आयोग को यह भी रिपोर्ट मिली है कि आंदोलनों स्थलों के पास बैरिकेड लगे होने के कारण लोगों को बहुत लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए आयोग ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों तथा पुलिस महानिदेशकों को इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा देने को कहा है। आयोग को मिली शिकायतों में यह भी आरोप लगाया गया है कि आंदोलन स्थलों पर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है साथ ही आसपास रहने वाले लोगों को रास्ते बंद होने के कारण अपने घरों में ही कैद होना पड़ रहा है। आयोग का मानना है कि विरोध प्रदर्शन मानव अधिकार का मुद्दा है लेकिन साथ ही इसके कारण अन्य लोगों के मानवाधिकार प्रभावित होने पर भी ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

## बच्चा गोद लेने के बाद दो साल तक देश में रहने की बाध्यता समाप्त

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्तियों के लिए भारत में बच्चा गोद लेने के बाद दो वर्ष तक यहां रहने की बाध्यता समाप्त कर दी है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि केंद्रीय दत्तक स्रोत प्राधिकरण (कारा) के इससे संबंधित प्रावधानों में बदलाव कर दिया गया है। कारा के प्रावधानों के अनुसार गोद लेने की प्रक्रिया में भारतीय, प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के निवासियों को एक समान माना जाएगा। इसके बाद बच्चा गोद लेने के बाद किसी भी प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्ति को दो वर्ष तक देश में रहने की बाध्यता समाप्त हो जाएगी। सूत्रों ने बताया कि हालांकि बच्चों को गोद देने के बाद उनकी दो वर्ष तक निगरानी की व्यवस्था जारी रहेगी। भारत से बाहर जाने वाले प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के व्यक्तियों की निगरानी भारतीय दूतावासों और उच्चायुक्तों के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने बताया कि हिन्दू विवाह अधिनियम में शामिल होने वाले हिन्दू, सिख, बौद्ध एवं जैन समुदाय के लोगों को गोद लिये गये बच्चों को विदेश ले जाने के लिए अदालत से अनुमति लेने की जरुरत नहीं होगी। इसके लिए उन्हें कारा से अनापत्ति प्रमाणपत्र हासिल करना होगा। सूत्रों के अनुसार गोद देने के लिए एक नयी प्राथमिकता जोड़ी गयी है। बच्चों को उन्हीं के सांस्कृतिक और सामाजिक परिवेश में गोद देने की प्राथमिकता दी जाएगी। एक अन्य सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि कोविड महामारी से प्रभावित बच्चों की देखभाल के लिए सरकार विशेष व्यवस्था कर रही है। सरकार ने ऐसे बच्चों के लिए एक विशेष योजना की घोषणा की है। जिनके माता-पिता महामारी में मारे गये हैं, उनको वित्तीय मदद दी जाएगी। ऐसे बच्चों के बैंक खाता में जिला अधिकारियों को शामिल किया जाएगा।

### सड़े हुए खाद्यान्न मामले में कलेक्टर ने 3 कर्मचारियों को प्रभार से हटाने डीईओ को किया निर्देशित

# स्कूल प्रबंधन की भी बड़ी लापरवाही उजागर, अतिरिक्त चावल और छः माह के भौतिक सत्यापन की जानकारी नहीं दी गई

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



पायनियर फॉलोअप

प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बंसत बाघ ने बताया कि आमापारा स्तिथ अंग्रेजी माध्यम स्कूल में चांवल का अतिरिक्त बोरा बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा वहां जाने के बाद वास्तविक में देखा गया कि टिन शेड के नीचे चावल की 42 बोरियां बाहर पड़ी हुई थी। ब्लॉक से अतिरिक्त आबंटित होने से फरवरी माह में 17 क्विंटल ज्यादा होने से वैसे वो बढ़ते गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा डिस्टीब्यूशन सहीं ना होने के कारण से अतिरिक्त रूप वो चावल बच गया और जिसको तत्काल वहां से शिफ्ट करवाएं हैं। श्री बाघ में आगे बताया कि ब्लॉक ऑफिस के जितने भी कर्मचारी संलग्न थे। उसमे काम करने वाले जैसे ऑपरेटर हैं, बाबू है, और एबीईओ जो इसमें काम करते थे उनको प्रभार से अभी हटाया जा रहा है। वही उक्त मामले में स्कूल प्रबंधन की गलती और लापरवाही बरतने पर श्री बाघ ने कहा कि पूरी गलती तो नहीं कह सकते पर उनको चावल को अंदर रखना था। कक्ष में ही रखना था और नियमित रूप से अतिरिक्त चावल की जानकारी बीईओ या डीईओ में देना था। भौतिक सत्यापन की प्रति माह जानकारी मांगी जाती है। लेकिन छः माह से वहां की जानकारी नहीं मिल पाई है। सीएसई भी वहां से बराबर जानकारी मांगी पर सही जानकारी वहां से नहीं मिल नहीं पाई।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में सड़ा हुआ खाद्यान्न रखे जाने मामले में खबर प्रकाशन के बाद जिले से लेकर शासन स्तर तक हड़कंप मच गया हैं। मध्यान भोजन के चावल में लगे कीड़े के मामले पर बालोद कलेक्टर ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मध्यान भोजन के बालोद ब्लाक के प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर तारकेश्वर देशमुख और एबीईओ मोहिनी यादव तीनों को तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए डीईओ को आदेशित कर दिया है। आपको बता दें कि बालोद नगर स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मध्यान भोजन के चावल में कीड़े एवं इल्ली लगा हुआ मिला। जिसके बाद में चावल में काफी बदबू भी आ रही थी। इस बात को लेकर पायनियर ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था, इस पूरे मामले पर प्रभारी डीईओ बंसत बाघ की माने तो हर माह भौतिक सत्यापन किया जाना रहता है। लेकिन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के प्रबंधन ने बीते 6 माह से भौतिक सत्यापन नहीं किया है। उन्हें जो चावल माध्यन भोजन के लिए दिया जाता है। उसकी कोई भी जानकारी उन्होंने उपलब्ध नही कराई हैं। वही बालोद ब्लॉक कार्यालय में पदस्थ मध्यान भोजन प्रभारी की लापरवाही सामने आई कि उसने भौतिक सत्यापन नहीं किया। इस तमाम बातों को लेकर कलेक्टर ने तत्काल रूप से बालोद ब्लॉक की मध्यान भोजन प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर और एबीईओ को प्रभार से हटाने के लिए कहा हैं।

### स्कूल प्रबंधन पर क्यों नहीं हुई कार्यवाही

पायनियर की खबर के बाद हालांकि कलेक्टर ने मध्यान भोजन प्रभारी से लेकर अन्य 2 लोगों को भी मध्यान भोजन के प्रभार से हटाने का आदेश तो कर दिया है। लेकिन अब सवाल यह उठता है कि जिला मुख्यालय बालोद के आमापारा में स्तिथ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा में पदस्थ प्रिंसिपल की इसमें जो बड़ी लापरवाही थी। उस पर कार्यवाही क्यों नहीं की गई है, यह सवाल उठने लगा हैं...? पूरे मामले पर देखा जाए तो स्कूल प्रबंधन की भी बड़ी लापरवाही है कि उन्होंने चावल को सुरक्षित जगह पर नहीं रखा था। जिस वजह से बच्चों को दिए जाने वाला चावल की बोरियां पूरी तरह खराब हो गई। इसकी बड़ी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की भी बनती है। लेकिन स्कूल प्रबंधन ने कार्यवाही नहीं करना उन्हें इस पूरे मामले से बचाना, यह भी सवाल खड़ा होता है कि आखिर स्कूल प्रबंधन पर मेहरबानी क्यों दिखवाई जा रही है...? अब इस पर भी सवाल उठने लगे है।

### पायनियर की खबर से मचा हड़कंप

पायनियर ने 13 सितंबर को शीर्षक 'क्या स्वामी आत्मानंद के सपनों को ऐसे ही साकार करेंगे? इंग्लिश मीडियम स्कूल और सड़ा हुआ खाद्यान्न' समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से किया था। जिसके बाद जिला शिक्षा विभाग से लेकर शासन स्तर तक हड़कंप मच गया। जिले के कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम राम सिंह ठाकुर ने नेतृत्व में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बंसत बाघ को जांच के आदेश दिए थे। प्रारंभिक जांच में चावल अतिरिक्त आबंटन को लेकर मध्यान भोजन के प्रभारी, ऑपरेटर और एबीईओ को प्रभार से हटाया गया हैं। लेकिन इस गंभीर मामले में अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रबंधन के ऊपर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही क्यो नही की गई...? इस गंभीर मामले में आखिरकार स्कूल प्रबंधन को क्यो बचाया जा रहा है..? क्योंकि फरवरी माह में चावल का आबंटन होने के बाद या अतिरिक्त चावल प्रदाय करने के बाद स्कूल प्रबंधन ने 8 माह तक इसकी सूचना उच्च अधिकारी को क्यो नही दी..? जबकि 2 माह स्कूल को शून्य चावल आबंटित हुआ था। बावजूद स्कूल प्रबंधन ने बच्चो को मध्यान भोजन के तहत दिया जाना वाले चावल को सुचारू रूप से वितरित नही किया। जो जांच का विषय है।

बात है अभिमान के
छत्तीसगढ़िया
स्वाभिमान के

# वनोपज से वन आश्रितों के जीवन में बहार... आदिवासियों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन संघ मर्यादित, भारत सरकार नई दिल्ली (ट्रायफेड) द्वारा वन धन योजना एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा किये जा रहे कार्यों को विभिन्न वर्गों में 10 राष्ट्रीय पुरस्कारों तथा 12 महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को 15 राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया है।









## भारत सरकार ने दिए 25 पुरस्कार

| छत्तीसगढ़ | अन्य राज्य |
| --- | --- |
| **लघु वनोपजों हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना** | |
| 52 प्रकार | महाराष्ट्र-द्वितीय 21 प्रकार |
| **भारत शासन की राशि से अधिकतम मूल्य का लघु वनोपज क्रय हेतु पुरस्कार** | |
| प्रथम- 180.51 करोड़ रु. | आंध्रप्रदेश-द्वितीय-4.51 करोड़ रु. |
| **भारत शासन एवं राज्य शासन की राशि से अधिकतम मूल्य का लघु वनोपज क्रय हेतु पुरस्कार** | |
| प्रथम- 1173 करोड़ रु. | उड़ीसा-द्वितीय-30.32 करोड़ रु. |
| **उपलब्ध करायी गयी राशि की वर्ष 2021-21 तक अधिकतम उपयोगिता हेतु पुरस्कार** | |
| प्रथम- करोड़ 127.09 रु. | उड़ीसा-द्वितीय-30.32 करोड़ रु. |
| **मूल्य-संवर्धन हेतु अधिकतम उत्पादों के निर्माण हेतु पुरस्कार** | |
| प्रथम-121 उत्पाद | महाराष्ट्र-द्वितीय-120 उत्पाद |
| **मूल्य संवर्धन कर उत्पादों के अधिकतम विक्रय हेतु परस्कार** | |
| प्रथम-4.24 करोड़ रु. | मणिपुर-द्वितीय 1.98 करोड़ रु. |


**अधिकतम सर्वेक्षण पूर्ण करने हेतु पुरस्कार**

**वन धन विकास केंद्र कलस्टरों में अधिकतम प्रशिक्षण हेतु पुरस्कार**

**महुआ सेनेटाइजर, इमली चस्का जैसे उत्पादों को प्रथम पुरस्कार**

**12 वन धन केन्द्रों को 15 पुरस्कार**

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़



श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

# प्रदेश को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को मुआवजा दे सरकार : केदार

■ जनता की सेवा करे अधिकारी न की सरकार की चाटुकारिता

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश को सूखाग्रस्त और खाद की कमी व अन्य संकट से जुझ रहे प्रदेश के किसानो की समस्याओ को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर भाजपा किसान मोर्चा नारायणपुर के बैनर तले तहसील स्तरीय धरना प्रदर्शन भाजपा कार्यालय के सामने किया गया इस दौरान पूर्व शिक्षामंत्री व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप ने कहा की आज किसान सहित प्रदेश का हर तबका कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से अपने को ठगा महसूस कर रहा है,खेती के समय मे किसानो को खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है सोसायटी मे खाद नही मिल रही है और दूसरी ओर खुले बाजार मे खाद की ऊंचे दामों में बिक्री हो रही है बारिश की कमी के कारण फसल बर्बाद हो गयी है जिससे किसान बहुत परेशान है और अधिकारी कांग्रेस की गुलामी में व्यस्त है अधिकारी भूले नहीं कॉग्रेस कोई पट्टा लेकर नही आयी है सरकार स्थिर नही होती बदलती भी है इसलिये जनता की सेवा करे न कि कोंग्रेसियो की। यह सब कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों की वजह से हो रहा है वही सरकार मे आने से पहले बड़ी बड़ी घोषणाओं का पिटारा खोल कांग्रेस ने जनता को गुमराह कर वोट बटोरने का काम किया,और सत्ता मे आते ही न शत प्रतिशत किसानों का कर्जा माफ हुआ न मिला बोनस न ही उपज का एक मुस्त 2500 रूपये क्विंटल की राशि मिली और न तो उपज का एक एक दाना खरीदा जा रहा है बल्कि किसानो को छला जा रहा है आगे कश्यप ने कहा एक ओर जहा केंद्र की मोदी सरकार किसानो की आय दुगनी करने के लिये अनेक योजनाओ का संचालन कर रही है तो एक ओर प्रदेश की भूपेश सरकार किसानों को आर्थिक चोट पहुंचाने की नियत से गिरदावरी कर रकबा कम करने का काम कर रही है किसानों की हितैषी होने का दावा करने वाली भूपेश सरकार की पहचान शराब दूकान व रेत खदान तक सीमित हो गयी,वही पूरे प्रदेश में अराजकता के साथ भय भ्रष्टाचार का माहौल निर्मित है वही उन्होंने कोरोना गाइड लाइन का पालन करने व सभी लोगों को टीका लगवाने हेतु प्रेरित करने का आवाह्न किया। तत्पश्चात धरने को जिला भाजपा संगठन प्रभारी भरत मटियारा ,किसान मोर्चा जिला प्रभारी प्रवीर बदेशा भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन ने सम्बोधित करते हुये कहा भूपेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है आये दिन प्रदेश मे कोई ना कोई घटनाएं घट रही जिससे प्रदेश का कोई वर्ग भी अछुता नही है और सरकार के सेहत मे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है वही जिन वादो व घोषणा पत्र के दम पर कांग्रेस सरकार सत्ता मे आयी आज वो वादे महज ढकोसला साबित हो रहे है सरकार की गलत नीतियो के चलते प्रदेश का किसान परेशान है वही प्रदेश के युवा ढाई साल से बेरोजगारी भत्ता का इंतजार करते बैठे है न ही उन्हे रोजगार मिला कब्ज़ाधारियों को उनका मालिकाना हक देते हुये पट्टा देने की बात हुई थी वो भी जुमला साबित हुई, शराबबंदी की बात कर महिलाओं का वोट बटोरने वाली भूपेश सरकार नई शराब दुकाने खोल अपना आर्थिक श्रोत बढ़ा रही है सभा को आगे भाजपा नेता रुपसाय सलाम, नारायण मरकाम, निर्देश ने भी अपने सम्बोधन मे प्रदेश की भूपेश सरकार को किसान विरोधी सरकार बताया वही झूठे सपने दिखाकर प्रदेश की जनता को ठगने का काम करी है ये कांग्रेस सरकार विकास के सारे कार्य ठप्प पड़े है और सरकार अपने घमंड मे है तत्पश्चात राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौपा गया। इस अवसर पर रतन दुबे, संजय नंदी, सागर, जागेश्वर ठाकुर, जयप्रकाश शर्मा, कमलजीत आहुजा, मंगडू नूरेटी, बिन्देश महावीर, मरण शील, प्रभूनाथ देवांगन, प्रताप मंडावी, संतनाथ उसेंडी, सुदीप झा, जैकी कश्यप, रीता मंडल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान व भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खुलेआम जुआ सट्टा के अवैध कारोबार के खिलाफ युकां ने दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम जुआ सट्टा का अवैध कारोबार चल रहा है जिससे युवा वर्ग खासा प्रभावित हो रहा है जिसको लेकर आज युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहसिन खान के नेतृत्व में युवा कांग्रेसियों द्वारा भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। मोहसिन खान ने कहा की रोज पैसे की होड़ हार जित से प्रभावित लोग क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं सट्टे से प्रभावित होकर लोगों के घर बिकने की नौबत तक आ गई है रोज पारिवारिक कलह बढ़ती जा रही हैं पुलिस द्वारा छोटे-मोटे सटोरियों को पकड़कर खानापूर्ति की कार्रवाई की जाती रही है लेकिन बड़े और रसूखदार खाईवालों के लोगों के खिलाफ आज भी भानुप्रतापपुर पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही हैं जबकि भानुप्रतापपुर के खाईवाल दबंगई के साथ चौक चौराहे पर बोलते हुए मिलते हैं की हमने थाना में बात कर लिया है अब यह क्या बात है वह यह खाईवाल और पुलिस थाना भानुप्रतापपुर ही जानता होगा। शहर अध्यक्ष अनमोल शुक्ला ने कहा की इन सब के ठीक विपरीत हमारे प्रदेश के मान. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी और पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने सभी जिलों के पुलिस कप्तान को स्पष्ट रूप से आदेश दिए हैं। कड़ाई के साथ सट्टा जुआ बंद हो पर भानुप्रतापपुर में चल रहे हैं धड़ल्ले से जुआ और सट्टा के कारोबार ना कि पुलिस, साथ ही साथ प्रदेश में बैठी हमारी सरकार की बदनामी हो रही है जिसको लेकर आज थाना ,एसडीओपी महोदय ,पुलिस अधीक्षक महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा है और सटोरियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही हैं ज्ञापन देने वालों में विधानसभा अध्यक्ष मोहसिन खान, जिला सचिव निलेश कटझरे, जिला सचिव वेद प्रकाश देवांगन, शहर युवक कांग्रेस के अध्यक्ष अनमोल शुक्ला, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर आकाश यदु, जगदीश ज्ञानवाणी, नागेश कोमरा, गणेश कोमरा आदि युकांई उपस्थित थे।

## शिक्षा समिति के सभापति की अध्यक्षता में बैठक, समस्याओं के निराकरण का आश्वासन

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी बीजापुर मे शिक्षक एल बी संवर्ग के समस्याओं के निराकरण हेतु जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति बीजापुर के सभापति सोनु पोट्टाम की अध्यक्षता मे एवं समिति के सदस्य दिलीप कोरसा वा राजेश्वरी यालम की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। सर्व प्रथम विकास खण्ड बीजापुर के बी ई ओ जाकीर खान द्वारा समिति के सभापति महोदय एवं उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया गया। तत्पश्चात एल बी संवर्ग के पदाधिकारियों जिसमें छ्ग शालेय शिक्षक संघ एवं छ्ग सहायक शिक्षक फेडरेशन ने अपना परिचय दिया।ज्ञात हो कि कोरोना काल के बाद एल बी संवर्ग की समस्याओं के निराकरण के लिए यह पहली बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी जाकीर खान के प्रयास से संपन्न हुई। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा संगठन के पदाधिकारियों से बिंदूवार पेंडिग मामलों की जानकारी ली एवं सभापति को अवगत कराया।छ्ग शालेय शिक्षक संघ के जिला सचिव कैलाश रामटेके वा ब्लाक अध्यक्ष विजय चापड़ी ने सर्वप्रथम पेंडिग मामलों मे राजीव गाँधी शिक्षा मिशन के तहत पूर्व मे कार्यरत शिक्षक जो कि 2005, 2006 वा 2007 में नियुक्त हुये हैं व जिनका समयमान का आदेश हो चुका है उनको आज पर्यन्त तक एरीयर्श राशि अप्राप्त है। इसी तरह छ्ग सहायक शिक्षक फेडरेशन के ब्लाक अध्यक्ष गोपाल पाण्डे, सचिव रमन झा एवं कोषाध्यक्ष मोहशीन खान ने अवगत कराया कि सहायक शिक्षक जो कि 2005 के कुछ सहायक शिक्षकों का वा 2006 व 2007 मे नियुक्त सहायक शिक्षकों का आज पर्यन्त तक जनपद पंयायत बीजापुर द्वारा समयमान आदेश जारी नही किया गया है।छ्ग शालेय शिक्षक संघ बीजापुर के महामंत्री वसीम खान ने दिवंगत पंचायत शिक्षकों के परिवार के सदस्यों हेतु अनुकंपा नियुक्ति का मुद्धा उठाया। बैठक में उपस्थित खण्ड स्त्रोत समन्यक बीजापुर कामेश्वर दुब्बा ने लापरवाही बरत रहे शिक्षकों का मुद्दा उठाया जिस पर बी ई ओ द्वारा वेतन रोकने की चेतावनी दी है। राजीव गाँधी शिक्षक मिशन के पेंडिग एरीयर्श राशि के बारे मे लिपिक रामधर राणा द्वारा बताया गया कि बजट हेतु माँग पत्र जिला पंचायत भेजा गया है जैसे ही बजट प्राप्त होगा ररीयर्श राशि का भुगतान हो पायेगा। सारे समस्याओं से अवगत होने के बाद सभापति सोनु पोट्टाम एवं बीईओ जाकीर खान द्वारा आशवस्त किया गया कि ब्लाक स्तर की समस्याओं को ब्लाक स्तर पर निपटारा किया जावेगा।

## राष्ट्रीय पोषण माह, 30 सितम्बर तक आयोजित किए जाएंगे विभिन्न गतिविधियां

**जगदलपुर।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पोषण माह 2021 अन्तर्गत बस्तर जिले में 30 सितम्बर तक विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अन्तर्गत 4 मुख्य थीम पर कैलेण्डर के अनुसार जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, शालाओं, ग्राम पंचायत, विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर विभिन्न प्रकार के गतिविधियां आयोजित की जाएंगे। इसके अन्तर्गत सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में श्रेष्ठ पोषण वाटिका प्रतियोगिता द्वितीय सप्ताह में पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता एवं तृतीय सप्ताह में निबंध लेखन, चित्रकारी, स्लोगन एवं रंगोली प्रतियोगिता तथा चुतर्थ सप्ताह में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## सराफा व्यापारी के साथ हुई लूट के एक और आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



वृदांवन कॉलोनी में 18 जुलाई को सराफा व्यापारी त्रिलोकचन्द्र सिसोंदिया के साथ हुए लूट के वारदात में शामिल 01 अन्य फरार आरोपी को पकड़ कर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता हासिल हुयी है ज्ञात हो कि 18.जुलाई.2021 को स्थानीय सराफा व्यापारी त्रिलोकचन्द्र सिसोदिया शाम को अपना दुकान बंद कर अपने घर वृदांवन कालोनी जाते समय कालीबाड़ी स्कूल के पास 06 आरोपियों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें पूर्व में 04 आरोपियों को बस्तर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया था। मामलें में कुछ आरोपी फरार चल रहे थे जिस संबंध में नियमित तौर पर माल मुलजिम की पता तलाश की जा रही थी। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुआ था की मामलें का एक अन्य आरोपी मनी प्रधान जिला जाजपुर उडीसा क्षेत्र में देखा गया है । सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा एवं अति पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में टीम गठित कर माल मुलजिम की पता तलाश हेतु टीम उडीसा रवाना किया गया। उक्त टीम के द्वारा जिला जाजपुर उड़ीसा क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर घेराबंदी कर पकडा गया जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम मनी प्रधान निवासी - जिला जाजपुर उडीसा होना बताया पूछताछ करने पर बताया कि 18 जुलाई 2021 को आरोपी आर.रवि कुमार, शिवा राव, ई.रवि कुमार, राजकुमार दास के साथ जगदलपुर में आकर लूट की घटना को अंजाम दिया था घटना के पश्चात लूटे गये सोने को बंटवारा कर कुछ सोना अपने पास रखा है आरोपी मनी प्रधान के कब्जे से लूट के बंटवारे में से 83 ग्राम सोना एवं घटना कारित मोटर सायंकल एफ.जेड ओडी-34-एन-4707 को बरामद कर जप्त किया गया है।

## एनएमडीसी के अधिकारियों ने किया राघव मंदिर का दर्शन

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद से मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) प्रवीण कुमार एवं महाप्रबंधक (कार्मिक) के. मोहन कुमार का किरंदुल परियोजना आगमन पर नगर परिवार के आस्था का केंद्र प्रमुख देव स्थल राघव मंदिर में पहुँच कर मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीरामजी दरबार का विशेष पूजा अर्चना के साथ साथ देव स्थल में विराजमान समस्त दिव्य शक्तियों का पूजा अर्चना करते हुए दर्शन कर आशीर्वाद लिये। इस अवसर पर किरंदुल परियोजना के कार्मिक विभागाध्यक्ष बी. के. माधव, डी. सिन्हा, वेल्वसन्थन, शिव प्रसाद गुप्ता, बैलाडीला देवस्थान समिति के राजेन्द्र यादव, रवीश तिवारी अयप्पा सेवा समिति श्री बालाजी मंदिर के देवरायलु, जी गणपत राव उपस्थित रहे। प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल द्वारा विशेष पूजा अर्चना सम्पन्न कराई गई।



**किरंदुल।** एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद से किरंदुल परियोजना के प्रवास पर मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) के प्रवीण कुमार तथा महाप्रबंधक के मोहन राव की आज यूनियन प्रतिनिधियों से मुलाकात हुई, इस दौरान निगम एवं परियोजना स्तरीय तथा क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा कर ज्ञापन सौपी गई। प्रवीण कुमार द्वारा उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस दौरान परियोजना के उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी के माधव उपस्थित थे।

## गलत जानकारी देकर आभार लेने वाले राज्य के पहले विधायक : गागड़ा

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



क्षेत्रीय विधायक का अतिउत्साही में बगैर जानकारी के विद्यार्थियों को एमएससी खुलने की गलत जानकारी देकर आभार लेने का लालसा हास्यास्पद है। विदित हो कि पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने एमएससी कक्षाओं की मांग को लेकर रैली कर उच्च शिक्षा विभाग को ज्ञापन दिया था, साथ ही क्षेत्रीय विधायक से भी विज्ञान संकाय खोलने की मांग छात्रों की ओर से किया गया था,जिस पर विधायक ने उसी दौरान एमएससी कक्षाएं चालू होने की जानकारी विद्यार्थियों को दे दिया जिस पर विद्यार्थियों ने विधायक का आभार व्यक्त कर खुशी जाहिर किया था। पर मामला अब विधायक के लिए हास्य का विषय बन गया है उक्त विषय पर साझा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा और भाजपा जिला अध्यक्ष ने विधायक को श्रेय का भूखा बताया है,श्रेय लेने के चक्कर में विद्यार्थियों को गुमराह कर रहे हैं विधायक, और गलत जानकारी देकर आभार लेने वाले राज्य के पहले विधायक बने हैं।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में आगे कहा कि प्रशासन व महाविद्यालय प्रशासन की ओर से आज पर्यन्त तक कोई प्रस्ताव या जानकारी भेजा ही नही गया है, और ऐसे में कक्षाएं प्रारंभ होने का इंतजार करना हास्यप्रद से कम नही। ऐसे में विधायक का झूठ बोलना अनभिज्ञता को दर्शाता है। इस विषय पर विधायक प्रयासरत भी नही है वे महज दिखावा कर रहे हैं,और हमेशा की तरह झूठ के आदि हैं इसलिए विद्यार्थियों से झूठ कहा है। विधायक पूरी तरह से इस प्रक्रिया से ही अनभिज्ञ हैं इसलिए अतिउत्साहित होकर आभार लेने की लालसा में हास्यपद का पात्र बने हैं।

## अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



गोड़वाना भवन भीरावाही कांकेर में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला कांकेर के जिला पदाधिकारियों एवं समस्त ब्लॉक के पदाधिकारियों की बैठक आहूत हुई। बैठक में सभी सातों विकासखंडों से ब्लाक के पदाधिकारी और प्रतिनिधि गण उपस्थित थे। सब लोगों ने आपसी सहमति से जिला कार्यकारणी एवं ब्लॉक पदाधिकारियों की शपथ ग्रहण समारोह 03 अक्टूबर को रखे जाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिवासी समाज के प्रकृति शक्तियों की सेवा के साथ हुआ। तदोपरान्त प्रांतीय पदाधिकारियों प्रांताध्यक्ष आर.एन. ध्रुव, प्रांतीय उपाध्यक्ष बस्तर संभाग प्रभारी सदेसिंह कोमरे, प्रान्तीय महासचिव मोहन कोमरे, प्रांतीय सलाहकार डीआईजी सेवानिवृत्त अकबर कोर्राम, प्रांतीय सचिव जयपाल सिंह ठाकुर एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य सोमेश पात्र के आगमन से हार्दिक स्वागत, अभिनंदन पश्चात प्रांताध्यक्ष आर.एन. ध्रुव ने सरल, सीधा और स्पष्ट शब्दों में पूरी विनम्रता के साथ संगठन के सभी गतिविधियों को विस्तार पूर्वक रखते हुए कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों को शासन जब चाहे तब निलंबन, बर्खास्तगी किये जाने के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आव्हान किये। प्रांतीय उपाध्यक्ष बस्तर संभाग प्रभारी सदेसिंह कोमरे जी के द्वारा समाज हित व शासकीय सेवक संघ के ज्वलंत समस्या जैसे 32 प्रतिशत आरक्षण को कम करने की याचिका कोर्ट में चल रहा है। हम मुगालते में है कि हम सुरक्षित हैं।


## SHRI BALAJI INTITUTE OF NURSING, MOWA, RAIPUR (C.G.)

### APPOINTMENT

Approved by Regulatory council under temporary Affiliation College to
Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience as per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01. | Vice Principal Cum Professor | 01 | 12 Year Experience with M.Sc (N) out of which 10 Year should be teaching experience with minimum of 5 year in collegiate programme Ph.D (N) is desirable. |
| 02. | Professor | 02 | 10 Year Experience with M.Sc (N) out of which 07 Year should be teaching experience |
| 03. | Associate Professor/Reader | 05 | M.Sc. (N) With 8 Year experience including 5 years teaching experience Ph.D (N) desirable. |
| 04. | Assistant Prof./ Lecturer | 10 | M.Sc.(N) with 3 Years teaching experience Ph.D (N) desirable |

**Other terms & conditions :-** 1. Teaching Experience : As per Council Norms. 2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale/ State Govt/ Pay Scale. 3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection Criteria :-**
Selection will decide on Merit . Merit list will be prepared on the basis of academic marks, Educational qualification ,interview, experience and Academic Contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publication in Various national/ international journals * Paper presentation in conference. * Total No. of Conference Attended.

**Last date of receipt of application :-** within 15 Days from the date of publication of advertisement.


## साल में सिर्फ एक बार खुलता है यह मंदिर, संतान प्राप्ति के लिए आते है भक्त

# दो साल बाद आज खुलेगा 'लिंगई माता मंदिर'

पायनियर संवाददाता < कोंड़ागांव
www.dailypioneer.com



फरसगांव ब्लॉक से लगभग 8 किमी दूर पश्चिम से बड़ेडोंगर मार्ग पर ग्राम आलोर स्थित है. ग्राम से लगभग 2 किमी दूर उत्तर पश्चिम में एक पहाड़ी है जिसे लिंगई गट्टा लिंगई माता के नाम से जाना जाता है। इस छोटी से पहाड़ी के ऊपर विस्तृत फैला हुई चट्टान के ऊपर एक विशाल पत्थर है। बाहर से अन्य पत्थर की तरह सामान्य दिखने वाला यह पत्थर स्तूप-नुमा है। इस पत्थर की संरचना को भीतर से देखने पर ऐसा लगता है कि मानो कोई विशाल पत्थर को कटोरानुमा तराश कर चट्टान के ऊपर उलट दिया गया है. लिंगई माता मंदिर के दक्षिण दिशा में एक सुरंग है जो इस गुफा का प्रवेश द्वार है. द्वार इनता छोटा है कि बैठकर या लेटकर ही यहां प्रवेश किया जा सकता है. गुफा के अंदर 25 से 30 आदमी बैठ सकते हैं. गुफा के अंदर चट्टान के बीचों-बीच निकला शिवलिंग है, जिसकी ऊंचाई लगभग दो फुट होगी. श्रद्धालुओं का मानना है कि इसकी ऊंचाई पहले बहुत कम थी समय के साथ यह बढ़ गई।

**जाने कब खुलेगा मंदिर-** परंपरा और लोक मान्यता के कारण इस प्राकृतिक मंदिर में प्रतिदिन पूजा अर्चना नहीं होती है। लेकिन मंदिर का पट वर्ष में एक बार खुलता है और इसी दिन यहां मेला भरता है। यह पट इस साल 15 सितंबर को खुलेगा। समिति ने बैठक में निर्णय लिया है कि कोरोना को देखते हुए इस बार पुजारी ही पूजा करेंगे। भक्तों को एंट्री नहीं मिलेगी। मंदिर के पुजारी ने कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण मंदिर का पट दो साल बाद खुलेगा।

**मंदिर से जुड़ीं हैं दो मान्यताएं-** लिंगई माता मंदिर के इस धाम से जुड़ी दो विशेष मान्यताएं प्रचलित हैं। पहली मान्यता संतान प्राप्ति के बारे में है. यहां आने वाले अधिकांश श्रद्धालु संतान प्राप्ति की मन्नत मांगने आते है। यहां मनौती मांगने का तरीका अनूठा है। संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाले दंपत्ति को खीरा चढ़ाना होता है। प्रसाद के रूप में चढ़े खीरे को पुजारी, पूजा के बाद दंपति को वापस लौटा देता है। इसके बाद दंपत्ति को शिवलिंग के सामने ही इस ककड़ी को अपने नाखून से चीरा लगाकर दो टुकड़ों में तोड़कर इस प्रसाद को दोनों को ग्रहण करना होता है। चढ़ाए हुए खीरे को नाखून से फाड़कर शिवलिंग के समक्ष ही (कड़वाभाग सहित) खाकर गुफा से बाहर निकलना होता है।

### दूसरी मान्यता

यहां प्रचलित दूसरी मान्यता भविष्य के अनुमान को लेकर है। एक दिन की पूजा के बाद मंदिर बंद कर दिया जाता है। बाहरी सतह पर रेत बिछा दी जाती है. अगले साल इस रेत पर जो चिन्ह मिलते हैं, उससे पुजारी भविष्य का अनुमान लगाते हैं। उदाहरण स्वरूप यदि कमल का निशान हो तो धन संपदा में बढ़ोत्तरी होती है, हाथी के पांव के निशान हो तो उन्नति, घोड़ों के खुर के निशान हों तो युद्ध, बाघ के पैर के निशान हो तो आतंक तथा मुर्गियों के पैर के निशान होने पर अकाल होने का संकेत माना जाता है।

# छात्रों ने नारियल फोड़ कर की नव-प्रेरणा कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

## नव प्रेरणा के कोचिंग सेंटर के माध्यम से नि:शुल्क करायी जाएगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सुनील कुमार जैन के विशेष प्रयासों से जिला प्रशासन द्वारा संचालित नव-प्रेरणा कोचिंग सेटर शुभारंभ छात्रों के द्वारा ही माँ सरस्वती की तैलचित्र में माल्यार्पण एवं नारियल फोड़ कर की गयी। नव प्रेरणा जिला प्रशासन का अभिनव प्रयास है। जिसके द्वारा जिलें के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क शिक्षा मुहैया करायी जाएगी। कोचिंग का संचालन नगर के हृदय स्थल में स्थित रघुनाथ प्रसाद केसरवानी बुनियादी प्राथमिक शाला में संचालित की जाएगी। इस कोचिंग सेंटर में संघ लोक सेवा,राज्य लोक सेवा एवं व्यापमं जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जाएगी। कोचिंग के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सी एस ध्रुव ने बताया कि जिलें के करीब 272 छात्रों ने कोचिंग में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म जमा किए है। जिसमें से 107 छात्रों ने अपनी उपस्थिति दी है। जिसमें जिला मुख्यालय समेत पलारी भाटापारा कसडोल विकासखंडों के छात्र भी शामिल है। 8 सितंबर को छात्रों से रूबरू हुए कलेक्टर-एसपी प्रतियोगी छात्रों को प्रोत्साहित करनें के उद्देश्य से 8 सितंबर को कलेक्टर सुनील कुमार जैन एवं एसपी आई के एलेसेला ने छात्रों से चर्चा कर नव प्रेरणा के उद्देश्य को बताया। उन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन देतें हुए कहा जिला प्रशासन सतत आप के सहयोग में खड़ा है। आप सभी केवल मेहनत कर परिणाम देवे जो भी कोचिंग हेतु संसधानों की आवश्यकता होगी उसको मुहैया कराने की जिम्मेदारी प्रशासन की है। आप सभी अपना 100 प्रतिशत इस कोचिंग सेंटर को देवे। कोई भी छात्र बिना कारण लगातार 3 दिनों तक अनुपस्थित रहनें पर दूसरे छात्रों को मौका दे जायेगी साथ प्रत्येक सप्ताह टेस्ट एवं ग्रुप डिस्कशन का प्रावधान किया गया है।शिक्षकों के द्वारा टेस्ट में गुणवत्ता निजी कोचिंग एवं पीएसी के तरह रखी जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमनें बहुत ही अनुभवी शिक्षकों का चयन इस कोचिंग के संचालन हेतु किया है।

कोचिंग के संचालन हेतु 10 शिक्षकों का चयन किया गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता, एसडीएम आईएसएस प्रतिष्ठा ममगाई, एडिशनल एसपी पीतांबर पटेल, सँयुक्त कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र बंजारा एवं डीआरसीएस उमेश गुप्ता भी उपस्थित रहें। उन्होंने भी छात्रों के साथ अपनें अनुभव साझा किए। आईएसएस प्रतिष्ठा ममगाई के विशेष दिशा निर्देश में होगा कक्षाओं का संचालन कोचिंग की कक्षाओं के संचालन के संबंध में कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने बलौदाबाजार एसडीएम आईएसएस प्रतिष्ठा ममगाई को विशेष दिशा निर्देश दिए है। आईएसएस प्रतिष्ठा ममगाई के देख रेख में ही होगा कक्षाओं का संचालन होगा।

### छात्रों सहित जनप्रतिनिधियों की जिला प्रशासन की तारीफ

बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम लटुवा के छात्र कुमारी आरती वर्मा ने कहा जिला प्रशासन के इस प्रयास से हम लोगों को एक नयी दिशा मिला। आर्थिक स्थिती ठीक नही होने एवं कोचिंग संस्थानों में भारी भरकम फीस के चलते हम बिलासपुर एवं रायपुर में पढ़ नहीं पाते है और अपनें सपनों को पूरा नही कर पाते है। पर कलेक्टर सर के द्वारा किया गया प्रयास निश्चित ही एक सराहनीय कदम है। पाठ्य पुस्तक निगम शैलश नितिन त्रिवेदी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने की प्रशंसा कलेक्टर सुनील कुमार जैन के प्रयासों को सहारते हुए पाठ्य पुस्तक निगम शैलष नितिन त्रिवेदी ने कहा यह छात्रों के लिए मिसाल साबित होगा। नव प्रेरणा अपनें नाम के अनुरूप ही जिलें के छात्रों को एक नयी दिशा देगा। गरीब छात्रों के लिए जिला प्रशासन द्वारा इस तरह व्यवस्था करना गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार करनें जैसा है। जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा निश्चित ही यह कदम प्रशासन की दूरदर्शी सोच को दिखाता है। हम सब मिलकर नव प्रेरणा के सपनों को साकार करनें में यथासंभव मदद करेंगे।

# नगर के सड़कों पर आवारा पशुओं का डेरा, हटाने नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**सरायपाली।** नगर के सड़कों में पिछले कई महीनों से आवारा पशुओं का डेरा जमा रहने से आमनागरिकों, व्यवसायियों व वाहन चालकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है सड़कों में आवारा पशु न घूमे इसके लिए शासन द्वारा गौठानो का निर्माण व रोका छेका कार्यक्रम लागू किया गया है। किंतु वर्तमान में इस योजना की कोई सार्थकता व जमीनी हकीकत नहीं है। नगर के महालपारा, बस स्टैंड, पुराना पेट्रोल पंप, स्कूलों के सामने, गायत्री मंदिर के पास, बैदपाली चौक व झिलमिला की सड़कों में बहुतायत की संख्या में मवेशियों को घूमते व सड़कों में बैठे देखा जा सकता है।

इन्ही सब परेशानियों को ध्यान में रखते हुए शिवसेना के सरायपाली विधानसभा अध्यक्ष अजय कुमार द्वारा अपने साथियों के साथ नगरपालिका कार्यालय जाकर नपाध्यक्ष अमृत पटेल को ज्ञापन सौंपकर सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने व यातायात में व्यवधान उत्पन्न कर रहे मवेशियों के साथ ही उनके मालिकों पर भी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

# बिजली बिल में बढ़ोतरी, खाद की कमी के खिलाफ धरना प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के बैनर तले सभी मोर्चा प्रकोष्ठ एवं प्रमुख संगठित होकर बिजली बिल में बढ़ोतरी, खाद की कमी, और पूर्व के बचे 2 साल के बोनस की माँग एवं रायपुर जिले को सुखाग्रसित जिला घोषणा करने को लेकर भूपेश सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम 14 सितंबर दिन मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय चौक में दोपहर 2.00 बजे से 4.00 बजे के बीच में किया गया ।

भाजपा एवं किसानों नेताओ ने प्रमुख रूप से पत्र के माध्यम से प्रदेश के अल्प बारिश वाले विकासखंडों को जल्द सूखाग्रस्त घोषित करने, घोषणा पत्र के अनुरूप किसानों को 02 साल का बकाया बोनस प्रदान करने,अधोषित बिजली कटौती पूर्णतः बंद कर बढ़ी हुई बिजली दर की कम करने, स्थाई पम्प कनेक्शन हेतु किसानों को तत्काल अनुमति प्रदान करने, सोसायटियों में खाद की नियमित आवक एवं कालाबाजारी पर अंकुश, 01 नवम्बर धान खरीदी प्रारंभ करें बार-बार दाने की उचित व्यवस्था खरीदी की पूरी सुनिश्चित करने जैसी मांग रखी। राज्यपाल महोदया के नाम 06 सूत्रीय मांग सहित तहसील दारी सरिता मढ़रिया को ज्ञापन सौंपा गया। नवनयुक्त मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु ने कहा की प्रदेश में अवर्षा एवं खंड वर्षा के कारण किसानों को इस बार अकाल के संकट का सामना करना पड रहा है इससे फसल को नुकसान पहुँचने की आशंका है। इसलिए तहसील को सुखा ग्रस्त घोषित करने की मांग की जा रही है। प्रदेश में खाद बिजली संकट को तत्काल खत्म किया जाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता एवं किसान गण उपस्थित थे।

# जलमग्न हुआ इलाका अलर्ट मोड पर जिला प्रशासन





गरियाबंद जिला मुख्यालय बना टापू

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

बीते दो दिनों की झमाझम बारिश से चारो और पानी ही पानी नजर आ रहा है। छोटे नदी नाले उफान पर है और बड़ी नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कई इलाकों का सम्पर्क जिला मुख्यालय से टूट चुका है। यहां तक कि जिला मुख्यालय भी टापू बन गया है। जिला मुख्यालय पहुंचने वाले ज्यादातर रास्ते बंद हो गए है। नेशनल हाइवे 130 सी बंद हो गया है। राजिम-गरियाबंद के बीच पन्टोरा के पास सड़क पर पानी आ जाने से हाइवे बंद हो गया है। वाहनों की आवाजाही भी बंद कर दी गयी है। ऐसे ही हालात मैनपुर और छुरा इलाके में देखने को मिल रहे है।जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर कोंदकेरा-खेरटीकारा के पास डेका नाला में 3 मजदूर पानी के बीच फंस गए है। मजदूरों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। तीनो मजदूर पुल निर्माण कार्य मे लगे हुए थे। अचानक पानी बढ़ जाने से फंस गए है। मदद के लिए जिला प्रशासन की टीम मौके के लिए रवाना हो चुकी है। हालाकिं यहां तक पहुंच पाना रेस्क्यू टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी। क्योंकि बीच रास्ते मे पड़ने वाले कई नदी नाले उफान पर है।जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर कोंदकेरा-खेरटीकारा के पास डेका नाला में 3 मजदूर पानी के बीच फंस गए है। मजदूरों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। तीनो मजदूर पुल निर्माण कार्य मे लगे हुए थे। अचानक पानी बढ़ जाने से फंस गए है। मदद के लिए जिला प्रशासन की टीम मौके के लिए रवाना हो चुकी है। हालाकिं यहां तक पहुंच पाना रेस्क्यू टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी। क्योंकि बीच रास्ते में पड़ने वाले कई नदी नाले उफान पर है। भारी बारिश को देखते हुए सिकासर बांध के 17 गेट खोल दिए गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 हजार क्यूसिक पानी नदी में छोड़ा गया है। पैरी ओर सोंढूर नदी का जलस्तर बड़ी तेजी बढ़ना शुरू हो गया है। दोनों नदियों के आसपास लगे गांवों के लोगों को एलर्ट रहने कहा गया है। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर से बातचीत में बताया कि तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिले के कई नदी नालों के उफान पर होने की जानकारी मिली है। जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सभी एसडीएम को हालात पर नजर बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

# कलेक्टर ने किया स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आकस्मिक निरीक्षण, शीघ्र कार्य पूरा करनें के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने कसडोल नगर स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने बिल्डिंग सुधार कार्य शीघ्र ही पूरा करनें के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कार्य में धीमी गति को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के एसडीओ एवं ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस कार्य किसी भी तरह लापरवाही ना बरतें है। जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलके सामने ही यह भी स्कूल बनाना चाहिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से लैब का अवलोकन किया।

इस दौरान अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता, एसडीएम मिथलेश डोण्डे, तहसीलदार श्यामा पटेल समेत शिक्षा एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# लगातार 4 दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश चारों ओर पानी-पानी

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के प्रभाव से सोमवार को शहर और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश हुई तेज बारिश से शहर में चारों ओर पानी ही पानी नजर आने लगा। इस वर्ष मानसून के शुरुआती दौर से ही मौसम के मिजाज और फिर आषाढ़ व सावन की बेरुखी को देखते हुए यह माना जा रहा था कि आने वाले ग्रीष्म ऋतु में एक बार फिर क्षेत्रवासियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा लेकिन देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर वर्षा काल के इस सीजन में भादो माह में नगर सहित अंचल में हो रही झमाझम बारिश को देखते हुए माना जा रहा है कि भादो की बारिश लोगों को अब ग्रीष्मकालीन के संभावित जल संकट से बचा लेगी यहां यह बताना लाजिमी होगा कि क्षेत्र में इस वर्ष मानसून के शुरुआती दौर से ही लोग अच्छी बारिश देखने को तरस रहे थे यहां तक कि आषाढ़ और सावन के महीने मैं भी लोगों को अच्छी बारिश देखने को नहीं मिली नतीजतन जहां बारिश के अभाव में खेती-किसानी दम तोड़ रही थी वही अंचल की नदी नालों तथा जलाशयों मैं भी जलस्तर नहीं बढ़ पा रहा था और इस बात की आशंका जाहिर की जाने लगी थी कि आने वाले ग्रीष्म ऋतु में भी लोगों को मौसम की इस बुरी खुश रख सामना करते हुए गंभीर जल संकट से जूझना पड़ेगा। लेकिन इसे भगवान इंद्र देव की कृपा ही कहे की भादो के शुरुआती दिनों से ही अंचल में अच्छी बारिश हो रही है जिसका लाभ इन दिनों खेतों में खड़ी फसलों को तो मिल ही रहा है साथ ही अंचल के जलाशयों तथा भू-जल स्तर में भी वृद्धि हो रही है जो निश्चित ही बड़ी राहत की बात है।

**शहर सहित अंचल में हुई झमाझम बारिश**

वैसे तो शहर में बीते कुछ दिनों से मौसम मेहरबान नजर आ रहा है और पराया हर दिन हल्की तेज बारिश हो रही है लेकिन जहां तक सोमवार की बात की जाए तो सोमवार को यहां दोपहर बाद अचानक बदले मौसम के बीच झमाझम बारिश देखने को मिली इस बारिश से जहां लोगों ने गर्मी व उमस से राहत महसूस की वही मौसम सुहाना हो गए लगातार हो रही बारिश से धान की फसल को भी नया जीवन मिल गया मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो आने वाले दिनों में भी शहर से अंचल में कुछ इस तरह की बारिश देखने को मिल सकती है।

**महल जलाशय का बढ़ा जलस्तर**

सितंबर माह के शुरुआती दिनों से ही क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों से लेकर वनांचल और मैदानी इलाकों में हो रही अच्छी बारिश से प्रयास सभी जलाशयों नदी नालों का जलस्तर बढ़ गया है। शहर में स्थित महल जलाशय है जिसके जल का उपयोग के पेयजल के साथ-साथ सिंचाई के लिए किया जाता है। माना जा रहा है कि जलाशय के भरने से आने वाले ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की संभावना नहीं रहेगी।

# पॉलीटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए 15 सितम्बर को परीक्षा

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा पालीटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्री पी टी परीक्षा 15 सितम्बर को आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में केवल एक परीक्षा केन्द्र- शासकीय दाऊ कल्याण सिंह कॉलेज बनाया गया है। परीक्षा सवेरे 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12.15 बजे तक चलेगी। परीक्षा में बैठने के लिए 352 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया है। परीक्षा के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कोविड प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए परीक्षा संपन्न होगी। परीक्षार्थियों को व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र के साथ कोई भी फोटो युक्त परिचय पत्र की मूल प्रति दिखाने पर ही केन्द्र के भीतर प्रवेश दिया जाएगा।

# सिंचाई जलाशयों में औसत 47 प्रतिशत जलभराव

**बलौदाबाजार।** जिले की सिंचाई जलाशयों में अब तक औसत 47 प्रतिशत जलभराव हुआ है। इन जलाशयों से जिले में अल्प वर्षा के हालात में 59 हजार एकड़ से ज्यादा रकबे में खरीफ फसलों की सिंचाई कर फसल बचाई गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा 23 हजार एकड़ क्षेत्र में सिंचाई जोंक डायवर्सन परियोजना से संभव हुई है। बलार मध्यम सिंचाई जलाशय परियोजना में फिलहाल 53 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध है। इससे कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड क्षेत्र के 16 हजार एकड़ क्षेत्र में सिंचाई हुई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल बिलाईगढ़ के मल्दी जलाशय, परसाडीह जलाशय, देवरबोड़ जलाशय, बम्हनपुरी जलाशय और बलौदाबाजार के खैरा दतान जलाशय में सौ फीसदी लबालब पानी भरा हुआ है।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद**

Phone No. :- 07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in

**मैनुअल पद्धति जोनल निविदा सूचना (प्रथम)**

क्रमांक/ 05/व.ले.लि./ ग्रा.यां. सेवा/2021-22/ बालोद, दिनांक 08.09.2021

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से मनरेगा एवं अन्य योजना के तहत बालोद जिले में स्वीकृत होने वाले कार्यों के लिये **जनपद पंचायत बालोद/गुरूर/डौण्डी/डौण्डीलोहारा एवं गुण्डरदेही (ग्रुप ''अ'' एवं ''ब'')** सामग्री प्रदाय हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार अथवा वाणिज्यकर विभाग में सामग्री प्रदाय हेतु पंजीकृत फर्म/डीलर से कार्य विभाग मैन्युअल के अपेडिंक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र ''सी'' में स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 24.09.2021 को अपरान्ह 5.30 बजे तक जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है।

प्राप्त निविदाऐं दिनांक 25.09.2021 को प्रातः 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

**(1) निविदा राशि रू. 34.03 लाख (प्रति ग्रुप)**
**(2) अमानत राशि रू. 34300.00 (प्रति ग्रुप)**
**(3) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 1500 (प्रति ग्रुप)**

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल http://cg.nic.in/resworks एवं http://cg.nic.in/resworks/Tender_test_report.aspx या अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 10.09.2021 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी-63600/6

(डी.पी. भूआर्य)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

## खरीफ में संख्या बढ़ने की संभावना

# रबी में औसत खनन की उम्मीद...!

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

औसत ही रहेगी नए बोर खनन की संख्या क्योंकि बीते तीन दिन से हो रही बारिश ने किसानों की चिंता काफी हद तक दूर की है लेकिन इतना तो तय माना जा रहा है कि रबी के बाद आने वाला खरीफ सत्र निश्चित ही बोर खनन की संख्या बढ़ाएगा। विलंब से मानसून का प्रवेश।

जरूरत के समय बारिश का नहीं होना। इन दोनों स्थितियों ने किसानों को एक बार फिर से बोर खनन की ओर कदम बढ़ाने के लिए मजबूर कर दिया है। सितंबर में हो रही बारिश की नमी, रबी फसल के लिए अच्छी मदद करेगी लेकिन खरीफ के लिए यदि अभी से तैयारी नहीं की, तो परिणाम



विपरीत जा सकते हैं। इसी सोच ने उम्मीद बढ़ाई है बोर खनन करने वाली मशीनों के लिए, जो आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से आते हैं।

### रबी में औसत कारोबार की उम्मीद

बोर खनन से जुड़े कारोबारियों का मानना है कि सितंबर माह में हो रही बारिश से सूखे की चिंता काफी हद तक दूर हुई है। हो रही बारिश के बाद अब यह जानकारी सामने आ रही है कि रबी सत्र में नए बोर खनन की संख्या औसत ही रहेगी क्योंकि इस बारिश की वजह से नमी काफी दिनों तक बनी रहेगी। इसकी वजह से दलहन-तिलहन की फसल लेने वाले किसानों को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत कम ही होगी।

### खरीफ में बढ़ सकता है

मानसून की टेढ़ी चाल से हतप्रभ किसान अब ज्यादा खतरे में नहीं आना चाहता। लिहाजा तैयारियां, आगामी खरीफ सत्र के लिए अभी से शुरू किए जाने की जानकारी आ रही है। उम्मीद है कि खरीफ सत्र में नए बोर खनन का आंकड़ा चौकाने वाला हो सकता है। इसके अलावा औसत गहराई भी सामान्य की तुलना में कुछ अधिक ही जा सकती है। यह इसलिए क्योंकि ज्यादा गहराई में भरपूर पानी की संभावना अभी भी बनी हुई है।

### अभी ध्यान इस पर

नए बोर खनन के लिए योजना तो है लेकिन फिलहाल पहली प्राथमिकता घरेलू कामकाज और शादी-ब्याह के साथ पूरे साल की जरूरत को ही दी जा रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि खरीफ की फसल ही पूरे साल की जरूरत का आधार मजबूत करती है। बहरहाल रबी में औसत और खरीफ में अच्छे दिन की उम्मीद में हैं बोरवेल खनन कारोबार।

# गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान है ''102 महतारी एक्सप्रेस सेवा''

## कोरोना काल में 1 हजार से ज्यादा संक्रमित मरीजों का भी किया गया सुरक्षित परिवहन

**1 लाख 22 हजार प्रसूताओं को मिला वक्त पर सहारा**

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा मातृ एवं शिशु सुरक्षा हेतु संचालित ''102 महतारी एक्सप्रेस सेवा'' राज्य के निवासियों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस सेवा से बिलासपुर जिले में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं एवं उनके जरूरत मंद परिजनों को बड़ी राहत ही नही मिली है बल्कि कोरोना काल में भी यह सेवा आम नागरिकों के लिए मददगार रहा। इसके माध्यम से एक हजार से ज्यादा कोविड संक्रमित मरीजों का सुरक्षित परिवहन किया गया।

छत्तीसगढ़ में माह अगस्त 2013 से शुरू की गई यह सेवा 21 एम्बुलेंस के साथ बिलासपुर जिले में भी प्रारंभ हुआ था। वर्तमान में जिले में 11 और गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में 6 एम्बुलेंस महतारी एक्सप्रेस सेवा दे रहे है। किसी भी प्रकार के प्रसव संबंधी सहायता, प्रसव पूर्व जांच, नसबंदी एवं एक वर्ष तक के बीमार नवजात शिशुओं हेतु निःशुल्क सेवा का लाभ टोल फ्री नंबर 102 पर कॉल कर लिया जा सकता है। दिन हो या रात जब भी जरूरत होती है, महतारी एक्सप्रेस मौके पर पहुंचकर महिलाओं एवं शिशुओं को सुविधा प्रदान करती है।





महतारी एक्सप्रेस के माध्यम से माह अगस्त 2021 तक जिले में 99 हजार 386 गर्भवती महिलाओं को घर से अस्पतालों तक परिवहन किया गया एवं 1 लाख 22 हजार से अधिक महिलाओं को प्रसव उपरांत अस्पतालों से सुरक्षित घर पहुंचाया गया। इसके साथ ही एक वर्ष उम्र तक के 28 हजार 945 शिशुओं को स्वास्थ्य सहायता प्रदान की गई। प्रसव पूर्व जांच के लिए 72 हजार 306 गर्भवती महिलाओं का 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा द्वारा घर से अस्पताल एवं पुनः घर तक परिवहन किया गया तथा उच्च अस्पताल में रिफर किए गए 25 हजार 703 गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं का भी परिवहन किया गया।

**102 महतारी एक्सप्रेस सेवा मुस्तैदी से कर रही कार्य**

इस वर्ष 1 अप्रैल से अगस्त माह तक 15 हजार 582 प्रकरणों में सेवाएं दी गई है। प्रसव पूर्व जांच के लिए 4 हजार 270 महिलाओं को अस्पताल लाया गया, वहीं प्रसव के लिए 3 हजार 622 गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाया गया। प्रसव उपरांत 6 हजार 426 प्रसूताओं एवं उनके नवजात को घर तक सुरक्षित पहुंचाया गया। रिफर किए जाने वाले 910 मरीजों को उच्च अस्पताल पहुंचाया गया और 298 नवजात शिशुओं को स्वास्थ्य सहायता प्रदान की गई। नौनिहालों के सुखद भविष्य और सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधा के लिए चाहे वे मैदानी क्षेत्र हो या पहाड़ी क्षेत्र या जंगल के ईलाके हर जगह 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा मुस्तैदी से कार्य कर रही है, जिससे गर्भवती महिलाओं को होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिली है।

# धर्मांतरण के विरुद्ध दोषियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को प्रेषित किया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के महामंत्री एवं जांजगीर-चांपा के विधायक नारायण चंदेल तथा भाजपा जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने 13 सितंबर को जिला पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा को एक ज्ञापन प्रेषित कर धर्मांतरण के विरोध में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है,तथा इस संबंध में भाजपा जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने अपने प्रेषित शिकायती पत्र में अरुण पन्नालाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम एवं गुरविंदर सिंह चड्ढा के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ख, 295 के तहत अपराध पंजीबद्ध किए जाने का भी आवेदन दिया है, तथा इस संबंध में कृष्णकांत चंद्रा पिता स्व. श्री मोतीलाल चंद्रा ग्राम नगझर विकासखंड-मालखरौदा द्वारा प्रेषित 13 सितंबर 2021 को आवेदन में बताया गया है कि मैं अपने मोबाइल से यूट्यूब देख रहा था तथा उस दौरान एक वीडियो देखा जिसका यू आर एस लिंक भी शिकायती पत्र में दर्शित है एवं उक्त वीडियो में अरुण पन्नालाल एवं गुरविंदर सिंह चड्ढा प्रेस मीडिया को वाइट दे रहे थे,तथा बार-बार उक्त बाइट में धर्मांतरण करने एवं भारतीय संविधान का अपमान कर रहे थे, उक्त दोनों व्यक्तियों ने मीडिया में कथन दिया कि हम धर्मांतरण करेंगे,भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 हमें देता है, और यदि हमें धर्मांतरण करने से रोका जाता है अथवा बाधा उत्पन्न की जाती है तो ऐसे संविधान को जला देना चाहिए, साथ ही उक्त बाइट में उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा यह भी धमकी दी गई कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तो प्रत्येक दिवस एक क्रिश्चियन व्यक्ति आत्मदाह करेगा।

कृष्णकांत चंद्रा ने जिला पुलिस अधीक्षक को प्रेषित ज्ञापन में कहा है कि महोदय उक्त वक्तव्य निसंदेह धार्मिक भावना को आहत करने वाला,असौहाद्र, शत्रुता व घृणा पैदा करने वाला, साथ ही संविधान को जला दो कहने वाली टिप्पणी स्पष्ट रूप से दिखाती है कि उक्त व्यक्ति भारतीय संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा नहीं रखते और अपने कृत्य से भारत की प्रभुता व अखंडता को मर्यादित नहीं रख सकते, जो कि स्पष्ट रूप से राजद्रोह कृत्य है, अतः मेरी उपरोक्त शिकायत पर अविलंब संज्ञान लेकर दोषी अरुण पन्नालाल एवं गुरविंदर सिंह चड्ढा के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

### प्रदेश में धर्मांतरण को लेकर सियासत गर्म

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में धर्मांतरण को लेकर सियासत गर्म है, एवं विगत दिनों मूसलाधार बारिश के बावजूद प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने राजधानी रायपुर में पैदल शांति मार्च निकालकर महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा था, तथा विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा धर्मांतरण के दोषियों के विरुद्ध ज्ञापन दिया जा रहा है।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता, कुछ घंटों में ही हत्या के 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शक्ति थाना अंतर्गत हत्या कर शव को नहर के पानी में फेंकने वाले छह आरोपियों को शक्ति पुलिस ने किया गिरफ्तार**

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



पुलिस थाना शक्ति के अंतर्गत मोहनलाल पटेल पिता साहस राम उम्र 40 वर्ष ग्राम जाजग ने सक्ती थाने में एक रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 सितंबर को 10:00 बजे उनका लड़का गंगाराम पटेल उम्र 20 वर्ष बाहर घूमने जा रहा हूं कहकर निकला था तथा शाम करीब 6:00 बजे गांव का बडू यादव ने उसे बताया कि तुम्हारे लड़के को तो तोहिलाडीह में कुछ युवकों द्वारा मारपीट की जा रही है तब मैं वहां गया तो वहां मेरा लड़का नहीं मिला एवं शक्ति की ओर खोज करने निकला तथा रास्ते में दोडकी नहर के पास कुछ लोग खड़े थे तथा प्रार्थी के अनुसार उसने शाम 6:30 बजे जाकर देखा तो उसका लड़का गंगाराम पटेल नहर के पानी में पड़ा हुआ था तथा उसके बदन में चाकू एवं हथियार से मारने तथा गला रेतने एवं डंडा से मारने के निशान थे। प्रार्थी ने बताया कि पिछले साल गर्मी के समय तथा पिछले महीने भी जगदल्ली के सरपंच के लड़के प्रदीप चौहान द्वारा मेरे लड़के गंगाराम पटेल को लड़ाई- झगड़ा कर जान से मारने की धमकी दी गई थी, तथा प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध शक्ति पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओ पुलिस शक्ति के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए तथा पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में शक्ति थाना प्रभारी रूपक शर्मा के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देश मिलने पर टीम बनाकर रवाना किया गया जिसमें विवेचना के दौरान प्रदीप कुमार चौहान पिता संतोष कुमार चौहान उम्र 23 वर्ष, लेखराज पटेल पिता चंद्रकांत पटेल उम्र 21 वर्ष, प्रकाश सिंह सिदार पिता बेदराम सिदार उम्र 22 वर्ष, सागर पटेल पिता चंद्रकांत पटेल उम्र 18 वर्ष, सूरज कुमार यादव पिता सोताराम यादव उम्र 18 वर्ष 7 माह, गणराज कुमार सिदार पिता स्वर्गीय डमरुराम सिदार उम्र 23 वर्ष जगदल्ली को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया तथा करीब आठ नौ माह पूर्व जाजग के गंगाराम पटेल अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से कहीं पिकनिक मनाकर जब जगदल्ली आए हुए थे एवं गंगाराम पटेल एवं उसके दोस्त कुछ शराब के नशे में थे जो हम लोग को देखकर रास्ता से क्यों नहीं हटते हो कह कर गाली गलौज किए उसी समय से गंगाराम पटेल हम लोगों से दुश्मनी रखता था और बीच-बीच में हम सागर पटेल को जान से मारने की धमकी दिया करता था, तभी हम सभी ने मिलकर कल दिनांक 12 सितंबर को गंगाराम पटेल को खोजते हुए तो तोहिलाडीह में मारपीट की एवं उसे हमारे मोटरसाइकिल में बैठा कर दोड़की नहर के पास ले जाकर जान से मारने की नियत से वहां पर बेशर्म के डंडे तोड़कर मारपीट किए तथा चाकू से प्रदीप चौहान द्वारा उसके गले को रेतकर उसके पेट पर भोंक दिया गया।

जिससे उसकी मृत्यु हो गई तथा साक्ष्य छुपाने के लिए उसके शव को नहर के पानी में फेंक दिया गया आरोपी प्रदीप चौहान के द्वारा पेश करने पर घटना में प्रयुक्त एक नग चाकू, प्रकाश सिदार एवं गणराज सिदार के द्वारा घटना में प्रयुक्त 1 1 नग बेशर्म का डंडा, पोखराज पटेल एवं सागर पटेल के द्वारा घटना में प्रयुक्त 1 1 मोटरसाइकिल तथा सूरज यादव के द्वारा गंगाराम के सोने का लॉकेट बरामद करने पर समक्ष गवाहों के जप्त किया गया, तथा आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर दिनांक 13 सितंबर को गिरफ्तार कर अजमानतीय अपराध होने के कारण न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## पी.पी.टी. प्रवेश परीक्षा आज

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा 15 सितम्बर 2021 बुधवार को पी.पी.टी. प्रवेश परीक्षा प्रातः 09.00 बजे से 12.15 बजे तक संचालित किया जाना है। उक्त परीक्षा में जिला बेमेतरा अंतर्गत जिसके लिए जिले में लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शास.कन्या महाविद्यालय बेमेतरा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान द्वारा उक्त परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा परीक्षा केन्द्र में पर्यवेक्षक के दायित्व हेतु श्रम पदाधिकारी एन.के.साहू को नियुक्त किया गया है। केन्द्रों में नकल अथवा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने व आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला प्रशासन की ओर से अरविन्द मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

# जनपद सदस्य ने जिला कलेक्टर से मिलकर 15 वे वित्त के अंतर्गत आवंटित राशि की अनुमोदित कार्य योजना पर रोक लगाने की करी मांग

**धर्मेंद्र सिंह द्वारा प्रेषित ज्ञापन में 09 जनपद सदस्यों ने किया हस्ताक्षर**

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत शक्ति के सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने 13 सितंबर को जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला से मिलकर जनपद पंचायत शक्ति में 15 वे वित्त के अंतर्गत आवंटित राशि से अनुमोदित कार्य योजना पर रोक लगाने की मांग की है,तथा धर्मेंद्र सिंह द्वारा प्रेषित ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में जनपद सदस्य रामकुमार गबेल, श्रीमती शशि कंवर, श्रीमती भुनेश्वरी कंवर, श्रीमती गायत्री सिदार, श्रीमती सावित्री नेताम, अमर सिंह सिदार,अशोक यादव एवं श्रीमती ननकी नोनी प्रमुख हैं, धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में मिलने गए प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को बताया कि जनपद पंचायत शक्ति में 15वें वित्त योजना के अंतर्गत वर्ष 2020- 21 एवं वर्ष 2021-22 में लगभग ?25200000 के कार्य स्वीकृत किए जाने हेतु वर्किंग कमेटी का गठन किया गया था।

किंतु वर्किंग कमेटी के गठन के बावजूद मनमाने ढंग से उपरोक्त राशि को अपने- अपने क्षेत्रों में ही दे दिया गया है, तथा विगत महीनों संपन्न सामान्य सभा की बैठक में पारित संकल्प प्रस्ताव को वर्तमान परिपेक्ष में बिना चर्चा कराए ही जनपद सदस्यों की अनदेखी की जा रही है, तथा 15 वें वित्त की आवंटित राशि को कुछ जनपद सदस्यों के क्षेत्र में ही लगभग 80त्न राशि दे दी गई है, एवं जनपद पंचायत में सदस्यों की मांगों को निरंतर नजरअंदाज किया जा रहा है, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में कलेक्टर से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने उनके प्रेषित ज्ञापन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शक्ति को टीप कर आवश्यक संज्ञान लेने के निर्देश दिए हैं, तथा प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व में पारित संकल्प पत्रों सहित अन्य दस्तावेजों की छाया प्रति भी अपने ज्ञापन के साथ प्रेषित कर 15 वे वित्त की वर्तमान में आवंटित राशि की अनुमोदित कार्य योजना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है, साथ ही धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि जनपद पंचायत को प्राप्त कुल राशि का आवंटन सभी जनपद क्षेत्रों में बराबर- बराबर किया जाए, तथा जब तक राशि का आवंटन विधिवत नहीं हो जाता तब तक इस पर रोक लगाई जाए।

# सफलता की कहानीः तुलसी के पक्के मकान का सपना हुआ साकार

**बेमेतरा।** मेहनत मजदूरी कर तुलसी बाई ढीमर अपने परिवार का गुजर बसर कर रही थी। प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी से उसके पक्के मकान का सपना पूरा हो गया है। तुलसी जो कि अन्य पिछड़ा वर्ग से है वे बताती है कि उनका सपना था के उनका भी पक्का मकान हो लेकिन गरीबी के चलते मकान बनाने में असमर्थ थे।

बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता रहता था जिस कारण उनका पूरा परिवार बहुत तकलीफ से गुजर बसर कर रहा था। फिर एक दिन उनके वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी देने एवं फर्म प्राप्त करने के लिए नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा शिविर लगाया गया, जिसमे तुलसी बाई ने भी आवेदन किया। आवेदन करने के 02 महीने में ही प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्राप्त हो गई तथा इसके पश्चात 04 माह में तुलसी का मकान बनकर तैयार हो गया जिसमें वे तथा उनका परिवार निवास करने लगे। तथा कुछ हि दिनों में तुलसी का अपने पक्के घर का सपना साकार हुआ।



# अकलतरा शहर में राधा कृष्ण महिला मंडल द्वारा आयोजित ऋषि पंचमी के उद्यापन में 83 महिलाओं ने किया पाठ

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा शहर में धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाली राधा-कृष्ण महिला मंडल की सखियों द्वारा 11 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर्व के द्वितीय दिवस ऋषि पंचमी त्यौहार के पुनीत दिवस पर उद्यापन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जहां अकलतरा शहर सहित नैला, तिल्दा- नेवरा, रायगढ़, झारसुगड़ा, पत्थलगांव सहित राज्य के विभिन्न स्थानों से पहुंची करीब 83 महिलाओं ने इस उद्यापन में शामिल होकर पूजा अर्चना की, तो वही इस उद्यापन कार्यक्रम का आयोजन जानकीलाल लिखमनिया धर्मशाला अकलतरा में किया गया जिसमें देश के पवित्र धर्म की नगरी हरिद्वार से पधारे पुनीत कृष्ण जी महाराज एवं उनकी टीम के अन्य सदस्यों ने पूजन- हवन संपन्न कराया। तथा राधा-कृष्ण महिला मंडल की ओर से आयोजित इस ऋषि पंचमी के उद्यापन में जहां मंडल की सखियों मे भी धार्मिक आयोजन को लेकर उत्साह देखा गया तो वही राधा कृष्ण महिला मंडल अकलतरा की सखियों ने बताया कि ऐसा धार्मिक आयोजन पूरे क्षेत्र में इतने भव्य रूप से प्रथम बार हो रहा है, एवं इस आयोजन में शामिल होने वाली महिलाओं से 1100 रुपये की सहयोग राशि ली गई है, तथा महिला मंडल द्वारा 50 चौकिया भी सजाई गई है।

# रसायनिक खाद के बदले शिवप्रसाद ने चुना वर्मी कम्पोस्ट-धान के पौधे हुए मजबूत

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गोधन न्याय योजना का सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों मे देखने को मिल रहा है। बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम बोरतरा के कृषक श्री शिवप्रसाद साहू अपने खेतों मे वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग कर रहे हैं। उन्होने बताया कि वे विगत् 10 वर्षो से कृषि कर रहे है। जिसमें वे लगातार रासायनिक उर्वरको का उपयोग कर रहे थे लेकिन इस वर्ष कृषक द्वारा कृषि विभाग के मार्गदर्शन से 0.40 हेक्टेयर में रासायनिक खाद की मात्रा में कमी करते हुये 1.00 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद का भी उपयोग किया गया जिससे की धान की फसल गत् वर्ष की अपेक्षा अधिक अच्छी है एवं किट व्याधि आदि का प्रकोप नही हुआ है। कृषक शिवप्रसाद ने बताया कि उनके खेत की मिट्टी गत् वर्ष की अपेक्षा अधिक नरम व उपजाऊ है, जिसका सीधा प्रभाव धान की फसल पर दिख रहा है।



किसान ने यह भी बताया की धान की फसल में वे हर वर्ष 5 से 10 किलो जिंक सल्फेट डालते थे लेकिन इस वर्ष जिंक सल्फेट का उपयोग नही किया गया है। केवल वर्मी कम्पोस्ट खाद के उपयोग से ही फसल की जिंक व अन्य माइक्रोन्यूट्रियन्ट की कमी पुरी हो गई है। जिससे फसल अधिक हरी-भरी व अधिक कंसे लिये हुये है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार व जनसमस्या की मुद्दों को लेकर छात्र-छात्राओं, बेरोजगार नौजवानो व पालको, ग्रामीणों का बैठक हुआ सम्पन्न**

# एआईएसएफ एवं एआईवाईएफ की हुई इरपा में संयुक्त बैठक

पायनियर संवाददाता छिन्दगढ़
www.dailypioneer.com



ब्लाक के ग्राम पंचायत डोलेरास के आश्रित गाँव ईरपा में अखिल भारतीय नौजवान सभा व ऑल इंडिया स्टूडेन्टस् फेडरेशन ब्लाक कमेटी की अगुआई में छात्र छात्राओं, बेरोजगार नौजवान व ग्रामीणों का बैठक रखा गया था जिसमें मुख्य रूप से बैठक में शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आदि जनसमस्या के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया ।इस दौरान एआएसएफ प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम,एआईवायएफ महासचिव देवाराम मंडावी ने विस्तार से चर्चा करते हुए।

ग्रामीणो से आग्रह करते हुए कहा कि हर बच्चों को स्कूल भेजने की जिम्मेदारी लें शिक्षा समाज में अतिआवश्यक है ये पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होने कहा कि शिक्षा व्यवस्था ठीक नहीं है, इसे ठीक कराने के लिए शासन प्रशासन से हमेशा संगठन मांग करता है, जिले में पन्द्रह सौ से ज्यादा शिक्षको की रिक्त पदों को भर्ती करने, स्थानीय युवकों को लिए जाने की मांग करता रहा है, मौजूदा प्रदेश सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया था कि सरकार आने से प्रदेश के बेरोजगार युवाओ को नौकरी देने का बात कही, जिनको नौकरी नही मिला उनको बेरोजगारी भत्ता पच्चीस सौ रुपये प्रतिमाह देने की बात ,जनता के लिए 60 से ऊपर की आयु वाले वृद्ध को एक हजार से पन्द्रह सौ तक पेंशन देने का वादा भी नाकाम साबित हुआ है। सरकार अपनी वादों से मुकर रही है। उल्टे अन्य भर्तियो में बाहरी लोगों को अवसर दे रही है। बस्तर फाइटर नामक पुलिस भर्ती में शतप्रतिशत स्थानीय युवाओ को प्राथमिकता है तो पांचवी अनुसूची क्षेत्र की नियमों का आरक्षण रोस्टर अमल।इसके अलावा अन्य विभागो में शिक्षको, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर स्थानीय अभ्यर्थी का आरक्षण रोस्टर के आधार पर स्थानीय बेरोजगार युवा को नौकरी क्यों नहीं मिलना चाहिए? आदि मुद्दों पर तथा फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनाने पर रोक लगाने के लिए भी चर्चा हुई। इस अवसर पर ब्लाक पदाधिकारी जीवन बघेल, रामकुमार पोड़ियाम, उमेश मरकाम, ने संगठन को मजबूत करने की बात की और आगामी दिनों शिक्षा स्वास्थ्य, रोजगार व जनहित की मांग को लेकर ब्लाक मे लड़ेगी ये बात कहा।

इस अवसर पर एआईवायएफ/ एआईएसएफ के कार्यकर्ता महेन्द्र, लखेन्द मुचाकी, मानका सोड़ी, दिनेश मुचाकी, महादेव कवासी, दिनेश मरकाम, गंगा माड़वी, लक्ष्मण मुचाकी गंगा मुचाकी वर्तमान युवा सरपंच गोविन्द मुचाकी, पूर्व सरपंच सुकड़ा मुचाकी, मुड़ा राम कवासी, विज्जा मुचाकी, ग्राम पटेल यशवंत मुचाकी आदि महिला सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# निर्भया कांड की पुनरावृत्ति

## शर्मनाक घटना

**'मुंबई** की निर्भया' कांड एक और शर्मनाक घटना है जिससे हमारे समाज का पतन स्पष्ट होता है। किसी समाज में सामाजिक प्रगति का आंकलन इस बात से किया जा सकता है कि किसी महिला के 'न' कहने पर कितने पुरुष रुक जाते हैं। हालांकि, भारत में इसका आंकलन समस्याओं से घिरा हो सकता है। रविवार को अखबार बलात्कार की त्रासद खबरों से भरे रहे। लगभग 30 वर्ष की आयु वाले एक व्यक्ति ने महाराष्ट्र के पालघर में एक मानसिक दिव्यांग महिला से बलात्कार किया। एक 45 वर्षीय युवक को उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में सात वर्षीय बच्ची से बलात्कार के आरोप में आजीवन कैद की सजा दी गई। उत्तर प्रदेश के ही बिजनौर में एक युवा राष्ट्रीय खोखो खिलाड़ी की लाश पाई गई जिस पर चोट के निशान थे तथा उसके कपड़े अस्तव्यस्त थे। भारत की राजधानी मुंबई में एक विकृत व्यक्ति ने 'निर्भया' कांड अंजाम दिया। उस पर दो बच्चों की मां से बलात्कार तथा उसके बाद उसके शरीर में एक छड़ डालने का आरोप है। मृत्युपूर्व बयान देने से पहले ही महिला की मौत हो गई। 2012 में दिल्ली में कुख्यात 'निर्भया' बलात्कार कांड के बाद पुलिस और राजनीतिक मशीनरी जनता के गुस्से के भय से ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई शुरू करती है। यह बात अलग है कि हर बलात्कार मामले में गिरफ्तारियों के बाद अनेक मामलों में अनदेखी होती है या उनको रफा-दफा करने का प्रयास किया जाता है। इसलिए वर्तमान समय में मुद्दा एफआईआर दर्ज करने, आरोपी की गिरफ्तारी तथा मामले को सुनवाई तक लाने का नहीं है। इसका संबंध दिमागी सोच से है। पिंक फिल्म में मीनल अरोड़ा के वकील दीपक सिंघल अदालत से कहते हैं, 'एक शब्द न, अपने आप में पूरा वाक्य है।' लेकिन कोई यह नहीं कह रहा है कि इस वाक्य को समझने में इतनी कठिनाई क्यों होती है।

'निर्भया' कांड के बलात्कारियों को फांसी पर लटकाया जा चुका है। लेकिन फांसी की सजा संभवतः अपराधियों को डराने में सक्षम नहीं है। 'निर्भया' के बाद बलात्कार मामलों में कमी नहीं आई है। यौन अपराध के अधिकांश मामलों में उच्च श्रेणी की विकृति पाई गई है। पीड़िता के साथ बलात्कार के बाद हिंसा आम हो गई है। इन दिनों आमतौर से बलात्कार के बाद हत्या भी की जाती है। इसका अर्थ केवल इतना नहीं है कि बलात्कारी अपनी पहचान छिपाए रखने के कारण हत्या करता है। यह एक प्रकार की उत्पीड़न की भावना है जिसकी अभिव्यक्ति बार बार होती है जब बलात्कार के बाद महिला के यौनांगों को भयानक क्षति पहुंचाई जाती है। इससे किसी व्यक्ति की विकृत मानसिकता पता चलती है जो महिला का यौन उत्पीड़न करने से अधिक कुछ चाहता है। समाज और संवैधानिक संस्थाओं को इस स्थिति के प्रति जागरूक होना होगा। जांचें, समितियां तथा मोमबत्ती लेकर विरोध मार्च इससे निपटने के लिए काफी नहीं हैं। जनता के रूप में हमें उस बढ़ती संवेदनहीनता पर बहस करनी होगी जिसका व्यवहार महिलाओं के साथ होता है। यहां तक कि न्यायपालिका भी इस समस्या से अछूती नहीं है। मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ का फैसला अभी भी लोगों के दिमाग में हलचल मचा रहा है जिसमें एक व्यक्ति द्वारा बच्ची के स्तनों के साथ छेड़छाड़ को यौन उत्पीड़न नहीं माना गया था क्योंकि इसमें 'त्वचा से त्वचा' का संपर्क नहीं था। ऐसे आदेश पीड़ितों के बारे में भ्रम पैदा करते हैं और वे जानते हैं कि यदि कुछ आश्चर्यजनक स्थितियां पैदा हों तो वे दंड से बच सकते हैं। हमारे समाज की प्रगति उसी दिन होगी जब किसी महिला के 'न' कहने पर पुरुष रुक जाएंगे।

# चेतना, मानवता व सहिष्णुता का प्रतीक हिंदी

## हिंदी हमारी चेतना, मानवता और सहिष्णुता को प्रभावित करती है। हिंदी साहित्य में जो ओज, क्रांति, समरसता तथा माधुर्य है वह अन्य भाषा के साहित्य में नहीं है।



रेणु कुमारी सिन्हा
(लेखिका सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं कवियित्री हैं)




**अति** प्राचीन काल में हमारा भारत विश्वगुरु था। हमारी देवभाषा संस्कृत जिसने हमें संस्कृति और मानवता का पाठ पढ़ाया हिंदी भाषा की जननी मानी जाती है। अंग्रेजों के आगमन के बाद हमारी बिरासत छीन गयी। राज्य के समस्त कार्यों की भाषा अंग्रेजी हो गयी थी। हिंदी में लिखे गए प्रार्थना पत्र को फाड़कर रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाने लगा।

परतंत्रता के घोर अंधकार में हमारी भाषा और संस्कृति धूमिल हो गयी। करीब दो सौ सालों तक अंग्रेजो का शासन रहा। हज़ारों नर-नारी के शहादत के बाद 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली।

जब देश का संविधान बनने लगा तब प्रश्न उपस्थित हुआ कि देश की राष्ट्रभाषा कौन सी हो। क्योंकि बिना राष्ट्रभाषा के कोई भी देश पूर्ण स्वतंत्र होने का दावा नहीं कर सकता। संविधान निर्माण में कुछ ऐसे भी व्यक्ति थे जो अंग्रेजी को ही राष्ट्रभाषा बनाये रखने के पक्ष में थे। उन्हें भय था कि यदि हिंदी राष्ट्रभाषा हुई तो कहीं उनका पद उनसे छीन न जाये। इस प्रकार इस विचारधारा के पीछे स्वार्थपरायणता ही थी। अन्य प्रांतीय भाषाएं अपनी व्यापक्ता में हिंदी से बहुत पीछे थीं। हिंदी भाषा-भाषी जनता की संख्या देश में सबसे अधिक है। इसकी लिपि वैज्ञानिक और सुबोध है। लेकिन दक्षिण भारत के हिंदी विरोध के चलते हमारा संविधान राष्ट्रभाषा की चर्चा भी नहीं करता। वरण यह सिर्फ राजभाषा का ही जिक्र करता है।

अतएव 14 सितम्बर 1949 को काफी विचार-विमर्श के बाद संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। और तभी से 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

हिंदी भाषा का साहित्यिक इतिहास 12 वीं शताब्दी का है। हिंदी भारत गणराज्य की 22 आधिकारिक भाषाओं में तीसरे नंबर पर है। भारत के अलावा हिंदी भाषा नेपाल, मॉरीशस, सूरीनाम, फिजी, त्रिनिदाद और टोबैगो में भी प्रचलित है।

हिंदी हमारी चेतना, मानवता और सहिष्णुता को प्रभावित करती है। हिंदी साहित्य में जो ओज, क्रांति, समरसता तथा माधुर्य है वह अन्य भाषा के साहित्य में नहीं है।

तुलसी, कबीर, बिहारी, केशव आदि हिंदी साहित्य के प्रणेताओं से हमें धर्म, संस्कृति, मानवता की गंगा में डुबकी लगाकर जो आनंद मिलता है उससे हम अपने को धन्य मानते हैं और भविष्य में भी वो हिंदी साहित्य के मार्गदर्शक रहेंगे। समय-समय पर अनेक हिंदी कवियों की रचनाएं जन-जाग्रति में चिंगारी बन दिशा-निर्देश करती रही है। दिनकर जी की ओजस्वी वाणी एक तरफ ललकार कर कहती है।

कह दे शंकर से आज करें,
वे प्रलय नृत्य फिर एक बार।
सारे भारत में गूंज उठे,

**हिंदी दिवस पर विशेष**

हर-हर बम का फिर महोच्चार।

तो दूसरी ओर प्रसाद की रचना माधुर्य से मन भाव-विभोर हो जाता है। वे नारी को पुरुष के लिए संजीवनी मानते हैं।

नारी! तुम केवल श्रद्धा हो
विश्वास रजत नग पगतल में।
पीयूष स्रोत सी बहा करो
जीवन के सुंदर समतल में।

वीर रस की कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता झांसी की रानी पूरे हिंदी साहित्य में भारत के लोगों द्वारा सबसे ज्यादा सुनाई और गायी जाती है।

सिंहासन हिल उठे राजवंशों ने भृकुटी तानी थी, बूढ़े भारत में आई फिर से नयी जवानी थी, गुमी हुई आजादी की कीमत सबने पहचानी थी, दूर फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी।

चमक उठी सन सत्तावन में वह तलवार पुरानी थी, बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी।।

समय-समय पर हिंदी साहित्य में ऐसे लेखक और कवि हुए जो अपनी लेखनी और रचना से मानव मस्तिष्क को झकझोर देते थे। उनकी रचना लोगों में देश के प्रति अनुराग, प्रेम, एकता की लहर नस-नस में जगा देती फिर लोग राष्ट्रहित समर्पित होना अपना परम सौभाग्य मानते थे।

कलम के सिपाही प्रेमचंद के उपन्यास सेवासदन, गोदान, गबन, कर्मभूमि, रंगभूमि, प्रेमा आदि मानव ह्रदय को अभिभूत कर देता है और सिखाता है कि कर्तव्यनिष्ठा, प्रेमभक्ति आदि सद्गुण समाज व राष्ट्र के लिए हितकर है। हिंदी साहित्य में प्रसाद, पंत, निराला, महादेवी वर्मा ऐसे मानस हंस है जो मोती ही बिखेरते हैं।

पंत जी कहते हैं-

''खुल गए छंद के बंध, प्रास के रजत पाश, अब गीत मुक्त, औ, युग वाणी बहती अयास''

महादेवी वर्मा प्रकृति में समस्त चेतन भाव को प्रदर्शित कर कहती हैं-

''मधुर मधुर मेरे दीपक जल, प्रियतम का पथ आलोकित कर''

या फिर-

''मैं नीर भरी दुःख की बदली.... विस्तृत नभ का कोई कोना, मेरा न कभी अपना होना, परिचय इतना इतिहास यही उमड़ी कल थी मिट आज चली! मैं नीर भरी दुःख की बदली....''

अपनी मातृभाषा से जुड़ाव होना स्वाभाविक और सत्य भी है; भावनाओं की अभिव्यक्ति अपनी भाषा में करने से आत्मसुख मिलता है। अपनी मानसिकता को विकसित करना हमारा कर्तव्य है जो मातृभाषा से मिलती है और इसका हमें गौरव होना चाहिए।

यहां मेरी हिंदी साहित्य से जुड़ी कुछ व्यक्तिगत भावनाएं है जिसे मैं अपने शब्दों की माला में पिरोकर व्यक्त कर रही हूं।

''ज्ञान राशि का कोष साहित्य मातृ जननी है, संस्कृति सभ्यता व पूर्वजों के अनुभूत विचारों और अनुसंधानों की अमर जननी है'', अथवा ''साहित्य और समाज का अविच्छिन्न संबंध है, समाज यदि शरीर है तो आत्मा साहित्य है। साहित्य में जो शक्ति है चेतना संचार की, वह तोप और तलवार में भी नहीं।''

आज भी तुलसी के मानस भटकते प्राणियों को आकाशदीप बन प्रेरक बन रहा है। पुरुषोत्तम राम के कुशल शासन और लोकप्रियता का गुणगान कर रहा है।

''साहित्य समाज की प्रतिध्वनि है और है प्रतिछाया भी, यह मनोवृति, जिज्ञासा और प्रतिबिंब है राष्ट्र की।''

साहित्य भावना से ओतप्रोत यह मेरी रचना है -

''धरती के कण-कण हैं जागे,
प्रस्तर लौह भी जाग गए, उषा की किरणें हैं जागी, रजनी के मन जाग गए, जागो मेरे देशवाशियों, सारा जग है जाग पड़ा, कण-कण में हो हरित क्रांति, जंगल मंगल जाग पड़ा।''

हमारा राष्ट्रगान जो हमारी मातृभाषा में है - ''जन गण मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता'', गाकर हम गौरवान्वित और प्रसन्न होते हैं इसकी अनुभूति का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता, यह हमारी आत्मा की आवाज है।

हिंदी साहित्य पर बहुत कुछ कहना बाकी है परन्तु मैं ''सीप में समुद्र'' को समाना ही बेहतर समझती हूं। हिंदी दिवस को मेरा नमन और मेरी शुभकामनाएं।

# अफ़गानिस्तान में विश्व शक्तियों की भूमिका

> रूस या तत्कालीन सोवियत संघ ने अफगानिस्तान में अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए नौ साल तक लड़ाई की है जो उसके सैनिकों द्वारा समर्थित फर्जी शासकों के माध्यम से थी।



प्रफुल्ल गोराड़िया
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

**यह** बहुत असाधारण बात है कि अमेरिका, रूस और ब्रिटेन के सर्वोच्च सुरक्षा और खुफिया अधिकारी पिछले सप्ताह लगातार नई दिल्ली आए और संभवतः उन्होंने संयुक्त बैठकें भी कीं। इन उच्चाधिकारियों में सीआईए प्रमुख विलियम बर्न्स, केजीबी प्रमुख निकोलाई पात्रूशेव तथा ब्रिटेन की मी-16 के प्रमुख रिचर्ड मूर शामिल हैं। इन उच्चाधिकारियों के आतिथेय भारतीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए अजीत डोवल थे। ऐसी बैठक अभूतपूर्व है और इससे संकेत मिलता है कि ये शक्तियां अफगान संकट को कितनी गंभीरता से ले रही हैं। लेकिन इन स्थितियों के बावजूद चीन ने काबुल की नई सरकार को 31 मिलियन डालर के सहायता पैकेज की घोषणा की है। इस प्रकार उसने स्पष्ट घोषणा कर दी है कि वह किस पक्ष के साथ है, चाहे वे आतंकी हों या कोई और।

नितान्त आश्चर्य की बात है कि आतंकी राज्यों से जुड़े, संयुक्त राष्ट्रसंघ के सदस्य तथा सुरक्षा परिषद के भी स्थाई सदस्य ऐसे देश का इस प्रकार का व्यवहार कैसे सहन किया जा सकता है। एक ओर अमेरिका और ब्रिटेन सार्वजनिक रूप से आतंकवाद की निन्दा करते हैं और दूसरी ओर उसी चीन के साथ सुरक्षा परिषद की बैठकों में भाग लेते हैं। क्या ऐसा कर वे आतंकवाद को वैधता नहीं प्रदान कर रहे हैं? क्या दिल्ली में हालिया महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य भारत को कुछ तार्किक शर्तों पर मना कर चीन को अफगानिस्तान से दूर रखने के लिए बने गठबंधन में शामिल कराना है? यदि ऐसा कुछ है तो नई दिल्ली को अनेक दृष्टिकोण से वर्तमान स्थिति के बारे में सोचना चाहिए। उसे याद रखना चाहिए कि उन्नीसवीं शताब्दी में ब्रिटेन तीन बार अफगानिस्तान को पराजित करने में विफल रहा है। रूस या तत्कालीन सोवियत संघ ने अफगानिस्तान में अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए नौ साल तक लड़ाई की है जो उसके सैनिकों द्वारा समर्थित फर्जी शासकों के माध्यम से थी। अफगानिस्तान में रूस का दुःसाहस भयानक रूप से विफल सिद्ध हुआ।

इसके बाद अमेरिका ने एक बार के बजाय दो बार ऐसा ही प्रयास किया। दोनों बार उसे दुम दबा कर भागना पड़ा, हालांकि अभी कुछ अमेरिकन जीआई अफगानिस्तान में मौजूद हैं। यदि इतिहास में पीछे देखा जाए तो पता चलेगा कि मुगल बादशाह शाहजहां तथा औरंगजेब को भी अफगानिस्तान में कड़वे अनुभव हुए थे। हालांकि, उनके पहले अकबर महान अफगानिस्तान को अपने अधिकारक्षेत्र में लाने में सफल हुए थे। इतिहास



के ये सबक हमें सोचने की प्रेरणा देते हैं। हमें उसी धरती पर भारतीय सैनिक भेजने की प्रतिबद्धता व्यक्त करने से पहले सोचना होगा। यह सच है कि अफगानिस्तान का भारत के लिए बहुत महत्व है। महमूद गजनवी, शहाबुद्दीन गोरी तथा बाद में अहमद शाह अब्दाली ने भारत पर आक्रमणों की शुरुआत की थी। लेकिन हमें इस मामले में वर्तमान असाधारण स्थिति पर गौर करना होगा कि अब थलसेना के प्रयोग से क्षेत्र पर कब्जा बनाए रखने की अवधारणा का युग बीत गया है। क्षेत्र पर कब्जे के बाद उसे बनाए रखने के लिए पैदल सेना की आवश्यकता होती है। लेकिन वर्तमान युग विमानों, मिसाइलों और ड्रोनों का है।


यदि लोग अफगानिस्तान छोड़ कर भागना चाहें तो उनके लिए भाग कर जाने के लिए पहला देश पाकिस्तान है। अगला देश संभवतः भारत हो सकता है जहां वे कश्मीर घाटी या राजस्थान के रेगिस्तान में जैसलमेर क्षेत्र से आ सकते हैं जहां अभी बाड़ नहीं बनी है। इस दृष्टिकोण से देखने पर कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तान घुसपैठियों के कारण अतीत का बांग्लादेश न बन जाए। अमेरिका की नवीनतम चिन्ता अफगानिस्तान की विशाल खनिज संपदा को लेकर है जिसका अभी दोहन नहीं हुआ है। वाशिंगटन यह बिल्कुल नहीं चाहता है कि यह खनिज संपदा चीन के हाथ लगे। अपनी ओर से रूस भी नहीं चाहता है कि चीन का ज्यादा विस्तार हो और वह प्रभुत्वशाली बन जाए। अफगानिस्तान में चीन की मजबूत स्थिति मध्य एशिया पर ड्रैगन की छाया बड़ी कर देगी जिसकी सीमाएं रूस के साइबेरिया से लगी हैं और चीन की इस विशाल क्षेत्र पर काफी पहले से नजरें गड़ी हैं। इन परिस्थितियों में तुर्की के रेसिप तैयब इर्दोगान ने नई समस्या पैदा कर दी है क्योंकि अचानक उनकी दिलचस्पी अफगानिस्तान में बहुत बढ़ गई है। हालांकि, इर्दोगान के पास खर्च के लिए ज्यादा पैसा नहीं है, पर उनकी महत्वाकांक्षा बहुत बड़ी है। मुस्तफा कमाल पाशा के समय से इस्लाम के खलीफा की कुर्सी खाली है। कमाल अतातुर्क ने 1924 में खलीफा को अवैध घोषित कर उसके अंतिम प्रतिनिधि को देश से बाहर निकाल दिया था। अब उसके स्थान पर कब्जा कर इर्दोगान दुनिया में सभी सुन्नी मुसलमानों के आध्यात्मिक व भौतिक नेता बनना चाहते हैं। इसके लिए वे सऊदी अरब के शाह से यह दिखाने के लिए मुकाबले को तैयार हैं कि वे अरबों से ज्यादा इस्लामवादी हैं। अफगानिस्तान में इर्दोगान के हस्तक्षेप का एक और कारण पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ाना है। वे पाकिस्तान के कुछ नाभिकीय आयुधों को प्राप्त करना चाहते हैं ताकि आवश्यकता होने पर उनसे रूस या यूरोप या दोनों को ब्लैकमेल किया जा सके। इर्दोगान के मन में बहुत लंबे समय से आटोमन तुर्क जैसी शक्ति प्राप्त करना है। इर्दोगान के नेतृत्व में तुर्की ने यूरोपीय देश बनने के सारे प्रयास छोड़ दिए हैं जो पहले से जारी थे। इसके बिल्कुल उलट तुर्की में लंबे समय से व्यवहार किया जाने वाला सेक्युलरवाद नव-इस्लामवाद की बढ़ती लहर में डूब गया है। यदि ऐसे नव-आटोमनवादी तुर्की को नाभिकीय हथियार मिल गए तो वह असंदिग्ध रूप से न केवल यूरोप, बल्कि सारी दुनिया के लिए एक विभीषिका बन जाएगा। इन परिस्थितियों में बनने वाले गोपनीय समीकरणों को नई दिल्ली दिशा दे सकता है। वर्तमान समय के पहले तुर्की और अफगानिस्तान के बीच बहुत महत्वपूर्ण संबंध नहीं थे। इर्दोगान तथा उनके पूर्ववर्तियों ने तुर्की को इस ढंग से पेश किया था, जैसे वह यूरोप का हिस्सा हो।

## फरमाया



**भारत** को पुनरुत्थानवादी बनाने का सपना पूरा करने के लिए हमें आज के युवाओं में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को स्थापित करना चाहिए।

**- एनवी रमण**
भारत के प्रधान न्यायाधीश



**हमारे** सामान्य जीवन में एक दुर्भावनापूर्ण शक्ति काम करती है जो हर असहमति को एक तर्क में और हर तर्क को संस्कृतियों के टकराव में बदल देती है।

**- जॉर्ज डब्लू बुश**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



**तमिलनाडु** के नए राज्यपाल के रूप में आरएन रवि की पोस्टिंग संदिग्ध है। उनकी पोस्टिंग में सरकार का कुछ एजेंडा लगता है।

**- केएस अलागिरि**
टीएनसीसी अध्यक्ष

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

### संस्कृत की उपेक्षा क्यों?

**संस्कृत** भाषा अपने ही देश में पराई होकर अस्तित्व तलाश रही है ,यह कटु सत्य है। संस्कृत भाषा के अध्ययन को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक होगा ताकि संस्कृत अपना मूल स्थान पाकर विलुप्त होने से बच सके। यह सही है की कोई भी भाषा बोलते -लिखते समय अंग्रेजी प्रयोग का समावेश होता ही है। शुद्ध भाषा का प्रतिशत इसी कारण कम होता जा रहा है। जर्मन वैज्ञानिको ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि अंग्रेजी ने प्राथमिक वैज्ञानिक भाषा के रूप मे जर्मन पर अधिपत्य जमा लिया है। अंग्रेजी इस समय एक वायरस के रूप मे कार्य कर रही है ,जिससे प्रभावित होकर अन्य देशों कि प्रचलित भाषाए भी अंग्रेजी से पीड़ित हो गई है। मानाकि अंग्रेजी का ज्ञान आज के इलेक्ट्रॉनिक युग बेहद आवश्यक है ,किंतु उससे इतने भी प्रभावित न हो कि अपनी प्राचीन संस्कृत भाषा मे भी अंग्रेजी का प्रयोग करके उसकी गरिमा व सम्मान के हक़ को छिन लें। क्या हम मनीषियों की भाषा को ऐसे ही खो जाने देंगे ? शास्त्रों ,पुराणों, ग्रंथों की मूल भाषा जिसका हम वंदन करते आए है वह हमारे सबके लिए एक धरोहर होकर आज भी सम्मानीय है। लेकिन उसको बढ़ावा देने में हम अब भी पीछे हैं।

**- संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

### हिंदी भाषा की सार्थकता

**प्रतिवर्ष** हिन्दी दिवस देश मे मनाया जाता है। कवि गोष्टि, हिन्दी दिवस से सम्बंधित वेबिनार , सेमिनार , वाद विवाद प्रतियोगिता , व कई कार्यक्रमों का आयोजन होता है। पर दुख वंहा होता है कि इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले अतिथियों की सहमति अंग्रेजी में हस्ताक्षर युक्त देखने मे आती है। मातृभाषा का दर्जा विगत वर्षों से पश्चिमी सभ्यता की आहट से व अंग्रेजी की अधिकता से कही न कही प्रभावित जरूर हुआ है। अक्सर लोग अंग्रेजी में बाते करना अपनी महानता समझते है। इसका मतलब यह नही की अँग्रेजी का प्रयोग नही करना है। परन्तु हिन्दुस्तान में रहकर हिन्दी के प्रति अनदेखी भी कही से कही तक उचित नही। सरकारी संस्थानों में बैंकों में हिन्दी के प्रचार प्रसार हेतु श्लोगन लिखे होते है। पर वो असहाय जब महसूस करते है कि अधिकतर काम अंग्रेजी में होता है। हम सभी भारतवासी व हर नागरिक को यह समझना होगा कि हमारी मातृभाषा हिन्दी का अस्तिव कभी भी खतरे में ना पड़े। बच्चो को भी हिन्दी के प्रति रुझान पैदा करना होगा। डैडी , व डेड से निकलकर , पापा , व पिताजी का ज्ञान करवाना होगा। हिन्दी हमारी आन बान शान है कभी इसकी महत्ता को हम नजरअंदाज नही करना चाहिए।

**- योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### ड्रोन परिवहन

**आधुनिक** युग में ड्रोन परिवहन के वैकल्पिक साधन के रूप में उभरता नजर आता है। हाल ही मे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों और कमजोर समुदायों के लिए अनुमोदित दवाओं के त्वरित वितरण के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी के अभिनव उपयोग को शुरू करने वाला तेलंगाना देश का पहला राज्य बन गया है। अधिकारियों के मुताबिक, ड्रोन डिलीवरी हब-एंड-स्पोक मॉडल पर काम करती है। ड्रोन की सेवाओं को मोबाइल ऐप के जरिए अभिगम किया जा सकता है। ड्रोन परिवहन में एक बार जैसे ही सेंट्रल हब में ड्रोन संचालन करने वाली टीम को जरुरत अनुसार दवाएं या अन्य चीजें पहुचाने का संदेश मिलता है, जरुरतें लोड कर निर्देशांक सिस्टम में फीड कर दिए जाते हैं और अंत मे स्वास्थ्य कर्मियों तक ड्रॉप-ऑफ बिंदु पर ड्रोन के जरिए दवाईयां व अन्य जरुरते पहुंचा दी जाती हैं। चिकित्सा क्षेत्र में ड्रोन बहुत अच्छा काम करता नजर आ रहा है। यह न केवल आपात स्थिति में जरूरतों को पूरा करता है बल्कि स्वास्थ्य कर्मियों को बिना किसी बाधा के स्वास्थ्य से जुडी प्रक्रियाओं को पूरा करने में भी मदद करता है।

**- निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विवि

# महेश्वरी समाज की बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान एवं लिए गए कई निर्णय

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जब भी कोई मुझे मुझसे मेरा परिचय पूछता है तो मुझे अपने आपको माहेश्वरी कहने पर में अत्यंत गर्व महसुस करता हूं कारण यही है कि समाज का योगदान किसी से छिपा नहीं है हमारे समाज में लगभग हर क्षेत्र में समाज की प्रतिभाएं अपनी सफलता का ध्वज लहरा रही है उपरोक्त बातें दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष नरेन्द्र राठी ने बेमेतरा मे जिला माहेश्वरी सभा की साधारण सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए उन्होंने कहा कि इसके पीछे भगवान महेश का आशीर्वाद ही कहा जा सकता है. हमारा समाज हमेशा से विलक्षण प्रतिभा से परिपूर्ण रहा है. जिन्होंने समाज को सदैव गौरवान्वित करते आया है दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा के लिए आज गौरव दिवस है कि हमे बेमेतरा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ समाज सेवा के क्षेत्र, पर्यावरण एवं कोविड-19 मानवता की सेवा कर संपूर्ण नगर में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है. सभा को अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा के सदस्य एवं प्रादेशिक माहेश्वरी महासभा के पूर्व अध्यक्ष विठ्ठलदास भुतड़ा ने अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज द्वारा समाज हित में चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी और समाज बंधुओं से आव्हान किया कि सामाजिक योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय सहित अनेक कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं सभा को दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चांडक, अशोक राठी दुर्ग, माहेश्वरी सभा बेमेतरा के अध्यक्ष देवरतन तापड़िया, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सदस्य जगदीश चांडक, प्रादेशिक माहेश्वरी सभा छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष राजकुमार राठी दुर्ग आदि ने संबोधित किया इस अवसर पर दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा की बैठक में भावी कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई जिसमें की सेहत मेला का आयोजन सभी स्थानीय संगठन अपनी और से रोग निदान शिविर लगाकर करें जिसके लिए कार्यक्रम प्रभारी डॉ शंकरलाल दममानी एवं अजय सोमानी दुर्ग को बनाया गया है. निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर दिसंबर माह में गुंडरदेही में लगाए जाने का निर्णय लिया गया है. जिसका आयोजन गुन्डरदेही परिक्षेत्र सभा द्वारा किया जाएगा .दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा के समस्त परिवारों का मेडिक्लेम पॉलिसी होनी चाहिए पर चर्चा हुई जिन सामाजिक बंधुओं के पास स्वयं का आवास नहीं है उनके आवास के लिए कार्य योजना बनाए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया महेश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित माहेश्वरी हॉस्टल में बच्चों को प्रवेश देने पर चर्चा हुई वैवाहिक बायोडाटा का संकलन कर पुस्तिका के माध्यम से प्रकाशन कराने का निर्णय लिया गया प्रतिभा सम्मान समारोह का प्रादेशिक माहेश्वरी द्वारा जो कोविड-19 मे विवाह हुए हैं उन्हे बधाई संदेश प्रमाण पत्र भी दिए गए उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए नीतू कोठारी, ताराचंद माहेश्वरी, पर्यावरण के क्षेत्र में रमण काबरा, संतोष चांडक सौ.कां.प्रीती चांडक को मनोरोग प्रशिक्षक (नारायणपुर) को कोविड-19 योगदान के लिए,अमित माहेश्वरी कोविड-19 प्रोटोकॉल अनुसरण करते हुए संपन्न हुए विवाहित जोड़ों के लिए अभिभावकों के साथ वर-वधू को प्रादेशिक सभा द्वारा अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राधेश्याम राठी दुर्ग, आनंद चांडक, राधेश्याम भुतड़ा, राधेश्याम राठी दुर्ग, रमेश राठी अध्यक्ष माहेश्ववरी पंचायत साजा, गोपालदास चांडक साजा, राजकुमार गांधी, अशोक राठी, अजय सोमानी, मुरारी भुतड़ा, कमल, रमेश राठी, रणछोड़दास भुतड़ा दुर्ग, अमृतलाल भट्ठड़, शैलेश माहेश्वरी बेरला, देवरतन तापड़ीया, अरुण राठी बेमेतरा, आनंद राठी, मोहन टावरी, मुकेश राठी, जगदीश चांडक , चिरंजीलाल राठी, डॉ. शंकरलाल दम्मनी, मोतीलाल गिलड़ा, चंद्र प्रकाश मुनदड़ा, नंदकिशोर चांडक, रमन काबरा, ताराचंद माहेश्वरी, संजय चांडक, संजय बाजाज, अशोक राठी, विजय मुदड़ा एवं अन्य युवा मंडल एवं महिला मंडल बेमेतरा के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही. कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश की पूजा अर्चना एवं महेश वंदना के साथ प्रारंभ हुआ कार्यक्रम का संचालन माहेश्वरी सभा बेमेतरा के सचिव अरुण राठी ने किया आभार प्रदर्शन चंद्र प्रकाश मुद्‌ड़ा सहसचिव दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा ने किया।




## चार्ज संभालते ही भिलाई निगम के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने विभागीय कार्यों की ली समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

भिलाई निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज चार्ज लेते ही विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी जोन आयुक्त मार्निंग विजिट में अपने-अपने क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण करे। सफाई, जल जनित बीमारी की रोकथाम, शुद्ध पेयजल, विद्युत एवं मुलभूत समस्याओं से रूबरू होकर इसका निराकरण करे। 15 सितंबर से आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर की व्यवस्थाओं के बारे में आयुक्त ने जानकारी ली। प्राप्त होने वाले आवेदन के गुणवत्तापूर्वक निराकरण एवं निराकरण पश्चात आवेदक को इसकी सूचना देने के निर्देश दिये। प्रत्येक जोन आयुक्त से उनके जोन क्षेत्र में चल रहे प्रमुख कार्यों पर उन्होंने विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि लक्ष्य लेकर काम करे, हर कार्यों का डेड लाइन तय करे, प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करे। अप्रारंभ कार्यो के बारे में उन्होंने कहा कि बहुत से कार्य अप्रारंभ है, जो कार्य प्रारंभ किये जा सकते है शीघ्र प्रारंभ करे। अप्रारंभ होने के कारणों को भी उन्होंने पूछा। मुख्यमंत्री की घोषणा, ईडब्ल्यूएस की जमीन, जन चौपाल, पीजीएन, जनदर्शन, 14 वे वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, बीएसपी से एनओसी प्राप्त नहीं होने वाले कार्य, गोठान, गोधन न्याय योजना, पेंशन, जल जनित बीमारियों की रोकथाम एवं डेंगू नियंत्रण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, अमृत मिशन, अतिक्रमण, स्वास्थ्य, राजस्व जैसे विषयों पर भी जानकारी ली। उन्होंने जोन आयुक्त से कहा कि बारिश का मौसम है जलभराव वाले स्थलों का चिन्हांकन कर ऐसे क्षेत्रों पर विशेष नजर रखे, कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने।

## नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



नगर के हर्दिय स्थल पर स्थित कवर्धा के प्रतिष्ठित विद्यालय शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बड़े ही धूमधाम के साथ हिंदी दिवस मनाया गया। हिंदी हमारी मातृभाषा है इस पर हमको गर्व करना चाहिए इस विषय को लेकर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित की गई इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रमोद शुक्ला उपस्थित रहे ,उन्होंने सर्वप्रथम माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी को हमको वैश्विक भाषा बनाना है हिंदी केवल व्यवहारी भाषा नहीं हो सकती है। अनेक महापुरुषों ने अंग्रेजी जानते हुए भी हिंदी को अपनाया है जिसमें महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, पं. जवाहर लाल नेहरु, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार पटेल, भीमराव अंबेडकर ,विनोबा भावे ,वीर सावरकर, सुभाष चंद्र बोस जैसे लोगों ने अंग्रेजी की पकड़ होते हुए भी हिंदी को उचित स्थान पर रखा है जिस प्रकार से हम अपनी मां के अलावा अन्य मां को मां स्वीकारते नहीं अपितु मातृ तुल्य कह समतुल्य रखते हैं। उसी प्रकार से हम अंग्रेजी सीखें लेकिन अंग्रेजियत को न अपनाये। ऐसे हमारे विचार होना चाहिए हिंदी दिवस के इस कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा भी हिंदी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न जानकारी दी गई,छात्रों ने बताया कि हिंदी यदि शासकीय स्तर पर और प्रशासनिक स्तर पर पूर्ण रुप से लागू की जाए तो आने वाले समय में अन्य प्रतियोगी परीक्षा या तकनीकी परीक्षा या तकनीकी योग्यता भी श्रेष्ठ हो सकती है ,इस तरह हमको हिंदी को मात्र भाषा ना बनाते हुए मातृभाषा हमें बनाना होगा। इस गरिमामय कार्यक्रम में विद्यालय के संतोष पांडे पीपी पांडे ,राकेश पांडे ,दिनेश ठाकुर ,कृष्णलता उपाध्याय, गायत्री गुप्ता ,पूजा वर्मा ,उमेंद्र निर्मलकर ,बिसेन चंद्रवंशी विजय सिंह ठाकुर लक्ष्मी मरकाम एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन अन्तर्गत नवागांव वासियों को मिल रहा है शुद्ध पेयजल

**बेमेतरा।** सरकार की ''हर घर नल, हर नल मे जल'' जलजीवन मिशन के तहत् जिला मुख्यालय बेमेतरा से लगभग 25 कि.मी. की दूरी पर विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम पंचायत हेमाबंद के आश्रिम ग्राम नवागांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सोलर पंप आधारित नलजल योजना के माध्यम से ग्राम में कुल 49 परिवारों के सभी घरों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मान से 24 घण्टा जल प्रदाय किया जा रहा है तथा ग्राम के स्कूल एवं आंगनबाड़ी में भी टेप कनेक्शन के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा है।

पूर्व में ग्राम में 04 हैण्डपंप के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा था। घरों में मुफ्त नल कनेक्शन लगाने की वजह से समस्त ग्रामीण बहुत खुश है।

## जिला पंचायत सीईओ रीता यादव को दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा बेमेतरा मे पदस्थ जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के बलरामपुर-रामानुजगंज जिला पंचायत सीईओ के पद पर स्थानांतरण होने पर मंगलवार को जिले के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उन्हे भावभीनी विदाई दी गई। नवागंतुक सीईओ लीना कमलेश मण्डावी का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने कहा कि शासकीय सेवा मे स्थानानंतरण, पदोन्नति एक सामान्य प्रक्रिया है। बलरामपुर एक आदिवासी बाहुल्य एवं वनांचल जिला है, वहां काम करने का एक अलग ही अनुभव होगा। नये स्थान पर नयी चुनौती एवं अवसर आयेंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि रीता अपने शासकीय कर्तव्यों एवं दायित्वों का बखुबी निर्वहन करेंगी। मैं उनके स्वस्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। निवर्तमान सीईओ रीता यादव ने कहा कि बेमेतरा सीईओ के रुप मे उन्होने 14 जनवरी 2020 को पदभार ग्रहण किया था। 20 माह के कार्यकाल के दौरान पंचायत चुनाव का संपादन, कोविड संक्रमण से निपटना जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये इसके अलावा शासन की सुराजी गांव योजना, मनरेगा का बेहतर क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल है। यादव ने जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों कर्मचारियों एवं आम जनता से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विदाई समारोह को संयुक्त कलेक्टर ज्योति सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला संदीप ठाकुर, नवागढ़ विश्वास राव मस्के, साजा रश्मि ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग मेनका चन्द्राकर, एसडीओ वन एमआर साहू, जनपद पंचायत सीईओ बेमेतरा रविकुमार, साजा कुमारी कांति ध्रुव, ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्य म का संचालन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गेश कुमार वर्मा ने किया।

## जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी में ग्राम पंचायत भरेली में निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कोरोनाकाल के चलते ग्रामीण विकास के कार्यों की रफ्तार धीमी हो गया था ऐसे में 15 वें वित्त आयोग मद से निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिल रहा है अब गांवों में होंगे विकास कार्य। छत्तीसगढ़ सरकार के कद्दावर मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव तुकाराम चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत भरेली में अलग-अलग निर्माण के लिए विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। तुकाराम चन्द्रवंशी ने बताया कि ग्राम भरेली में 15 वें वित्त आयोग से 3.57 लाख रु.भागवत के घर से नाला तक नाली निर्माण कार्य व 2.60 लाख रु का मालिक के घर से लेकर रामानुज के घर तक नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। चंद्रवंशी ने कहा मंत्री अकबर भाई के कबीरधाम जिला के प्रति बेहद संवेदनशील है अकबर भाई नेतृत्व कवर्धा विधानसभा में नया आयाम गढ़ रहा है लगातार हर क्षेत्रों में जनाकांक्षाओं के अनुरूप कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर रहे है वही अब कही भी विकास कार्य रुकने वाले नही है, माननीय मंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जनपद पंचायतों के अंतर्गत सभी सरपंच व सचिवों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और जिला पंचायत सीईओ, जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारियों से बात कर जिले की समस्या से अवगत हुए साथ ही निर्माण कार्यों की जानकारी मांगे थे उसी के अनुरूप निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिल रहा है।

ग्राम पंचायत भरेली के सरपंच भगेला धुर्वे व ग्रामवासियों मंत्री मोहम्मद अकबर व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी का आभार जताया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम सरपंच भगेला धुर्वे, पूर्व सरपंच नरेश चंद्रवंशी, जिला महासचिव नरेंद्र चंद्रवंशी, सुखचैन चंद्रवंशी, जयकुमार चंद्रवंशी, सरजू चंद्रवंशी, द्वारिका चंद्रवंशी ग्राम सचिव मालिक चंद्रवंशी ,रोजगार सहायक कोमल यादव उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

### जिले मे वर्षा की स्थिति एवं टीकाकरण की समीक्षा की

कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष मे समय सीमा की बैठक लेकर लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जिले मे अतिवृष्टि से जनहानि का आंकलन कर रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए गए है। भू-अभिलेख शाखा के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि बेमेतरा जिले मे अब तक 1042 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी मैदानी क्षेत्र के भ्रमण कर सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ वास्तविक एवं जरुरतमंद लोगों को मिले इस दिशा मे अधिकारी कार्य करें। कलेक्टर ने राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना के पंजीयन कार्य की जानकारी ली जिसके तहत राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को संबल प्रदान करने के लिए 6 हजार रूपये सालाना अनुदान सहायता प्रदान की जायेगी। इसके तहत पंजीयन एवं आवेदन लेने का कार्य जिले में 30 नवम्बर 2021 तक किया जायेगा। संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव के पास आवेदन जमा कराना होगा। जिलाधीश ने अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर पात्रता अनुसार इसका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इन प्रकरणों के निराकरण मे मानवीय सहानुभुति बरती जाय। जिलाधीश ने निवेशकों से चिटफण्ड कम्पनी के आवेदन की जानकारी ली। अवेदनों को ऑनलाईन दर्ज किये जाने की कार्यवाही जारी है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले मे टीकाकरण की स्थिति की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले मे प्रथम एवं द्वितीय खुराक 2 लाख 96 हजार 580 टीकाकरण किया गया है। जिलाधीश ने उप संचालक कृषि से जिले में खाद के भण्डारण एवं उठाव की जानकारी ली। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मे प्रवेश प्रक्रिया एवं स्टॉफ की भर्ती के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा गोधन न्याय योजना, वर्मी कम्पोस्ट खाद के उत्पादन एवं विक्रय, चारागाह, बारदाना की उपलब्धता, जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिग जल कनेक्शन स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सचिवालय जनचौपाल, संभागायुक्त कार्यालय जनशिकायत निवारण प्रकोष्ठ (पी. जी. एन.) से प्राप्त पत्रों का विभागवार जानकारी लेकर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत की नवनियुक्त सीईओ लीना कमलेश मण्डावी, निवर्तमान सीईओ जिप. रीता यादव, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा दुर्गेश कुमार वर्मा, साजा रश्मि ठाकुर, बेरला संदीप ठाकुर, नवागढ़ विश्वास राव मस्के, संयुक्त कलेक्टर ज्योति सिंह, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी, जनपद पंचायत के सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

## जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा ने मनाया हिंदी दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्थानीय जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा के द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप निमोंणकर व न्यायाधीश ओमकार गुप्ता, पंकज सिन्हा, जगदीश राम, कामिनी वर्मा, तनुश्री गवेल सहित सभी अधिवक्ता गण एवं न्यायाधीश गण उपस्थित थे इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ सदस्य मोहित राम वर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि भाषा की अभिव्यक्ति किसी भी भाषा में कीजिए चाहे अंग्रेजी हो चाहे हिंदी हो चाहे उर्दू हो अपनी बात को यह कहने का माध्यम है लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि आज तक हिंदी देश की नंबर वन भाषा नहीं बन पाई है आज भी लोग अंग्रेजी में बात करने से अपने आप को अधिक बुद्धिमान और समझदार महसूस करते हैं।

न्यायालय की भाषा भी उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में अंग्रेजी ही है इसमें बदलाव होना चाहिए और हिंदी को उसका उचित सम्मान मिलना चाहिए इसी तरह से परिवार न्यायालय के न्यायाधीश गुप्ता साहब ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि न्यायालय की भाषा हिंदी कर दी गई है अब सभी न्यायालयों में कार्य हिंदी में किए जाते हैं अंत में जिला न्यायाधीश ने संगोष्ठी को संबोधित किया और कहा कि हिंदी भाषा में सभी भाषाओं के शब्द समाहित किए गए हैं जो रोजमर्रा के बोलचाल में काम आते हैं इससे ही हिंदी का विकास आगे बढ़ रहा है देश में हिंदी बोलने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

अंत में जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा के अध्यक्ष प्रणीश चौबे ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया तथा सचिव डिकेन्द्र देवांगन ने संगोष्ठी में उपस्थित अतिथियों को श्रीमद् गीता भागवत और रामायण की प्रतियां भेंट की गई इस अवसर पर परस राम देवांगन, विश्वराज भूवाल, प्रसून शुक्ला, मानस मिश्रा, भानु मिश्रा, प्रभाकर पाठक, हेमंत वर्मा, प्रभात शर्मा ,सलमा सरिफ अधिवक्त ागण आदि उपस्थित रहे है।

## चने की उन्नत किस्म से शिवप्रसाद को अधिक उत्पादन प्राप्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अन्तर्गत लाभान्वित कृषक शिवप्रसाद साहू के द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा चना फसल मे लोकल किस्म का उपयोग कर खेती करता था। मुझे कृषि विभाग के अधिकारियो के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के बारे मे बताया गया एवं उन्नत किस्म का बीज चना (किस्म-आरवीजी-201) 40 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर साथ ही कीटनाशक दवाई 01 लीटर बीजोपचार दवाई निःशुल्क प्रदाय किये और मैने उनके बताये अनुसार बोनी पद्धति कतार में अंतरवर्ती चना के साथ धनिया सीड ड्रील से बुवाई किया गया। जिसमें मुझे गत् वर्ष की तुलना में 3.50 क्वि. ज्यादा उत्पादन प्राप्त हुआ जिसकी किमत 18500 प्रति हेक्टेयर अधिक शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक-4721/NIT-15 /2021-2022/व ले लि** — **दिनांक 07/09/2021**

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः- 17/09/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथिः- 24/09/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथिः- 25/09/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एन. आई. टी. क्रं निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 15 T0111 | मेन रोड अमोरा से प्राथमिक शाला भवन अमोरा सी.सी. पहुंच मार्ग लं. 315 मी. | 19.99 15000.00 |
| 15 T0112 | अमोरा जेवरी मार्ग से आंगनबाड़ी भवन अमोरा सी.सी. पहुंच मार्ग | 19.95 15000.00 |
| 15 T0113 | मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 2 देवरबीजा सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य | 19.97 15000.00 |
| 15 T0114 | मुख्य मार्ग से कन्या माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी भवन देवरबीजा सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 19.97 15000.00 |
| 15 T0115 | मुख्य मार्ग से पंचायत भवन भोईनाभाटा सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 19.98 15000.00 |
| 15 T0116 | मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी स्कूल भोईनाभाटा सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 20.00 15000.00 |
| 15 T0117 | मुख्य मार्ग आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 01 एवं 02 रांका सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 20.00 15000.00 |
| 15 T0118 | मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला रांका सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य। | 20.00 15000.00 |
| 15 T0119 | मुख्य मार्ग से सल्धा बस्ती सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 20.00 15000.00 |
| 15 T0120 | मनियारी बोतका मार्ग से बोतका बस्ती सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 20.00 15000.00 |
| 15 T0121 | मुख्य मार्ग से हाईस्कूल लावातरा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 20.00 15000.00 |
| 15 T0122 | मुख्य मार्ग से पंचायत भवन लेंजवारा सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 19.96 15000.00 |
| 15 T0123 | मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला लेंजवारा सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 19.97 15000.00 |
| 15 T0124 | मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला सिलघट व सी.सी. पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 19.99 15000.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

G- 63590/5

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ./स) संभाग**
**बेमेतरा, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)**


### दवा सेवन करने से पेट में पनप रहे कृमि को खत्म करेगा

## विधायक ने किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ कल बेमेतरा शहरी क्षेत्र स्थित शासकीय कन्या स्कूल, बेमेतरा में विधायक आशीष छाबडा एवं नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया, उक्त कार्यक्रम में जनभगीदारी सदस्य अनुराधा पाण्डेय, पार्षदगण, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्राचार्य शासकीय कन्या शाला एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, शिक्षक, शहरी क्षेत्र बेमेतरा की मितानिन दीदी एवं छात्राएं उपस्थित रहे। विधायक द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए कृमि नाशक दवा क्यो आवश्यक है, इसके बारे में जानकारी देते हुए सभी लक्षित उम्र के छात्र व छात्राओं को दवा सेवन अवश्य किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। इसी तारतम्य में नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू द्वारा उपस्थित सभी छात्राओं को कृमि नाशक दवा के सेवन व उसके लाभ के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दिन जिले के समस्त 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेन्डाजॉल की गोली मितानिन दीदी एवं आंगनबाडी कार्यकर्तओं के द्वारा गृह भ्रूमण कर खिलाई जायेगी। कृमि नाशक दवा खिलाने के लिए समुदाय स्तर के साथ साथ समस्त विद्यालय, निजी/शासकीय, तकनिकि शिक्षण संस्थान, जो कि वर्तमान में संचालित हो रहे है, वहां छात्र एवं छात्राओं को कृमि नाशक दवा की खुराक खिलाई जायेगी। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली चुरा करके एवं 2 से 19 वर्ष के बच्चों को एक पूरी गोली चूरा करके/चबाकर खाये जाने हेतु वितरित किया जायेगा। बच्चों को दवा खिलाने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम बनाई गई है। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार घोष ने बताया कि कृमि के वजह से बच्चों में कुपोषण व खून की कमी हो जाती है।



कमजोरी, एकाग्रता में कमी होती है, कृमि नाशक दवा सेवन करने से पेट में पनप रहे कृमि को खत्म करेगा, इसके साथ साथ कृमि से बचाव के तरीको के बारे में भी जानकारी दी गई, कृमि से बचाव हेतु आसपास साफ सफाई, नाखुन छोटे रखना, अपने हाथ साबून से धोएं विशेषकर खाना खाने से पहले और शौच के बाद, खने को ढक कर रखना व खुले भोजन नही करना, खुले में शौच न जाना, जूते पहने, हमेशा साफ पानी पीयें, साफ पानी से फल एवं सब्जियों को धोएँ व उपयोग करने की जानकारी दी गई।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान अनुपमा तिवारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, द्वारा सभी उपस्थित छात्राओं को महावारी स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई, कि महावार किशोरियों में होने वाली सामान्य (प्राकृतिक) प्रक्रिया है, इससे संबंधित सभी प्रकार की भ्रांति व भ्रम से अवगत कराते हुए उन बातों में ध्यान ना देते हुए अपनी स्वच्छता बनाये रखने संबंधित जानकारी दी गई। उपस्थित मितानिन द्वारा महावारी के दौरान रखने वाली सावधानी एवं स्वच्छता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, इस दौरान छात्राओं के द्वारा अपनी स्वयं का अनुभव साथियों को साझा किया गया।

## क्विक न्यूज

### महज सौ रूपए के लिए पत्नी की हत्या!



**रायगढ़।** सारंगढ़ थाना क्षेत्र से कल शाम हत्या की वारदात सामने आई है। जहां सनकी पति ने अपनी पत्नी को हाथ मुक्का व डंडे से मारकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर सारंगढ़ पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर पत्नीहंता को गिरफ्तार कर थाने ले आई है। पूरा मामला सारंगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भेंजनाथ का है। जहां कल शाम 7 बजे आरोपी पति ने अपनी पत्नी से 100 रु पैसे के लेनदेन पर विवाद किया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उसने डंडे से सिर पर वार कर हमेशा के लिए पत्नी को मौत की नींद सुला दी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पति का नाम दयाराम उम्र 40 वर्ष है तो वही मृतिका का नाम पार्वती मुंडा उम्र 37 वर्ष बताया जा रहा है।

### अवैध महुआ शराब विक्रेता को आबकारी ने भेजा जेल



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह और सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल ने अवैध शराब पर सख्त कार्यवाही करने विभाग को निर्देशित किया है। आबकारी उपनिरीक्षक बरमकेला विकास पाल सांडे को मुखबिर सूचना मिलने पर तत्काल छापामार कार्यवाही की जिसमें गिरहुलपाली ग्राम में जयराम साहू पिता श्रीधर साहू के मकान की तलाशी लेने पर 20 बल्क लीटर महुआ मदिरा बरामद हुई। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2), 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने 1 करोड़ 30 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के जनसंपर्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 1 करोड़ 30 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा गांवों में बसती है क्योंकि प्रदेश की करीब 80 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। इसको ध्यान रखते हुए शासन ने प्राथमिकता से उनके विकास पर केंद्रित योजनाओं को तैयार कर लागू किया। कृषि प्रधान राज्य में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से फसल आदान दिया है जिससे खेती किसानी को मजबूती मिली है। ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में निवासरत वनोपज संग्राहक परिवारों के आमदनी के प्रमुख स्रोत को ध्यान में रखते हुए विभिन्न वनोपज को समर्थन मूल्य में खरीदी के दायरे में शामिल कर दामों में वृद्धि की गयी। 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ किया गया। गोधन न्याय योजना और गौठान से ग्रामीण आजीविका संवर्धन को नई दिशा मिली है। इसके साथ ही अब भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए योजना शुरू की गई है। जिससे भूमिहीन परिवारों को सालाना 6 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी पात्र लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराने की अपील की। उच्च शिक्षामंत्री ने कहा कि गांवों में जरूरत व मांग के अनुसार निर्माण कार्य करवाये जा रहे हैं। उन्होंने घघरा में निर्मित मिडिल स्कूल भवन निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि गांव में पंचायत ने इतना बढ़िया स्कूल भवन बनाया जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। इसके साथ ही उन्होंने यहां अन्य निर्माण कार्यों के लोकार्पण की सभी ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इससे गांव में मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में आसानी होगी। जनसम्पर्क के दौरान ग्रामवासियों की समस्याओं से वे अवगत हुए तथा जल्द उसका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा विजय जायसवाल, अध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया महेत्तर राम उरांव, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया कन्हैया पटेल, सरपंच घघरा राजू राठिया, उपसरपंच दीपक कृष्ण पाण्डेय, मनोज गबेल, अभय महंती, विक्की सिंह राठौर, सुनिता भीषम राठौर, भुवनेश्वर पाण्डेय, एसडीएम अभिषेक गुप्ता, सीईओ जनपद हिमांशु साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### इन कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन

ग्राम घघरा में 20 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन निर्माण, 5.61 लाख रुपये की लागत से ग्राम पंचायत भवन जीर्णोद्धार, 1.75 लाख रुपये की लागत से प्रवेश द्वार निर्माण, 6.45 लाख रुपये की लागत से महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण, 7.80 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण, 6.45 लाख रुपये की लागत से मिनी आंगनबाड़ी भवन निर्माण, 1.15 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, 55 हजार रुपये की लागत से पुलिया निर्माण, 47 हजार रुपये की लागत से नाली निर्माण का लोकार्पण किया। साथ ही घघरा में 80 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने जा रहे पानी टंकी निर्माण का उन्होंने भूमिपूजन किया।

## नाले को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने एमआईसी ने लिया निर्णय

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सोमवार को नगरनिगम में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक हुई। इसमें शहर के 5 तालाबों में मिलने वाले नाला को परिवर्तित कर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने की सहमति दी गई। एमआईसी की बैठक में सबसे पहले जिला न्यायालय रायगढ़ में पैनल लॉयर नियुक्ति संबंधित एजेंडा पर चर्चा की गई। इसे एमआईसी की सदस्यों ने स्वीकृति दी। इसके बाद वार्ड क्रमांक 11 अशोक पांडे के घर से मोहम्मद बैंड पार्टी एवं बल्लू बनी घर से शैलेंद्र ठाकुर के घर तक तक सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई। इसी तरह नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत भूमि भवन का नए सिरे से सर्वे करने की स्वीकृति दी गई। इसके बाद फटामुड़ा तालाब, दर्रीडीपा तालाब, मिट्ठूमुड़ा तालाब, सोनूमुड़ा तालाब, कैदीमुड़ा तालाब से संबंधित एजेंडा पर चर्चा की गई। इन तालाबों में पास के मोहल्लों से लगे हुए नालों का गंदा पानी आता था। जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत करने पर सभी तालाबों के प्राक्लन तैयार करने और नालो को परिवर्तित कर निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जोड़ने का निर्णय लिया गया था। सभी पांचों तालाब के स्टीमेट पर चर्चा करते हुए एमआईसी सदस्यों ने प्रकरण को स्वीकृति दी। इसके बाद सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति दी गई। इसी तरह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन सहित राष्ट्रीय परिवार सहायता के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति दी गई। बैठक में एजेंडा से संबंधित जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए सवाल के जवाब कमिश्नर एस जयवर्धन ने दिए। बैठक में एमआईसी सदस्य शेख सलीम नियारिया, संजय देवांगन, रमेश भगत, प्रभात साहू, रत्थु जायसवाल, राकेश तालुकदार, विकास ठेठवार, श्रीमती अनुपमा शाखा यादव, श्रीमती लक्ष्मी मिरी सहित निगम के विभाग प्रमुख सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



शादी का झांसा देकर दो साल तक नाबालिग का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी युवक को धरमजयगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 12 सितंबर को थाना धरमजयगढ़ में युवती रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम दाहीडांड का करम सिंह पिता जंगल सिंह राठिया उम्र 22 वर्ष शादी का प्रलोभन देकर दिसम्बर 2019 से शारीरिक शोषण करता रहा, जो अब शादी से इंकार कर दिया। धरमजयगढ़ थाना प्रभारी अंजना केरकेट्टा द्वारा आरोपी को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है, आरोपी, युवती को उसके नाबालिग समय से शोषण कर रहा था। पीड़िता ने बताई कि करम सिंह को काफी दिनों से जानती है, वर्ष 2019 में जब नाबालिग थी, उस समय करम सिंह पसंद करता हूं, शादी करूंगा बोला तो उसे मना की थी। करम सिंह लगातार इसी बात पर अड़ा था, दिसम्बर 2019 में करम मिलने बुलाया और जबरदस्ती खेत में शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद से करम सिंह शारीरिक संबंध बनाने लगा। इस मार्च महीने में करम को गर्भवती होने की बात बताई उस समय करम सिंह अपने साथ रखूंगा बोला। कुछ दिनों बाद करम सिंह गर्भपात के लिये कहने लगा और शादी करने से मना कर दिया।

## तमनार अंचल में श्री विधि से खेती को प्रोत्साहित कर रहा अदाणी फाउंडेशन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से प्रशिक्षित तमनार के किसानों ने सिस्टम ऑफ राइस इंटेसिफिकेशन यानी कि श्री विधि तकनीक से धान की रोपाई का कार्य शुरू किया है। श्री विधि खेती की एक ऐसी पद्धति है जिसके जरिए किसान कम पैसा लगाकर लाखों की कमाई कर सकते हैं। इससे किसानों को धान की पारंपरिक खेती के मुकाबले 50 फीसदी बीजों की बचत भी होती है। अदाणी फाउंडेशन ने श्री विधि से खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तमनार अंचल के ग्राम खमरिया और मिलूपारा के किसानों को श्री विधि से खेती का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया है। इस विधि से एक प्रकार के छोटे छोटे पौधों की रोपाई की जाती है। इस पद्धति से कम मात्रा में पानी की जरुरत होती है और यह सिंचाई के लिए पानी की खपत को भी कम करता है। धान की खेती में श्री विधि का उपयोग करने से किसानों को खाद, पानी, बीज और मजदूरी में आने वाली लागत काफी कम हो जाती है और मुनाफा ज्यादा होता है। गौरतलब है कि धान की साधारण पद्धति से खेती में प्रति एकड़ में 18 क्विंटल तक की पैदावार होती है, जबकि श्री विधि से किसान एक एकड़ में 20 से 25 क्विंटल तक की उपज का लाभ ले सकते हैं। दरअसल, रायगढ़ जिला स्थित **GP-III** कोयला खदान तमनार के आसपास का क्षेत्र घने जंगल और पहाड़ी से घिरा हुआ है। इस जगह की 60 प्रतिशत आबादी आदिवासी हैं और उनकी आय तथा आजीविका का मुख्य साधन पारंपरिक धान की खेती है। अदाणी फाउंडेशन, रायगढ़ द्वारा चलाए जा रहे पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत किसानों को अलग-अलग चरणों में आवश्यक प्रशिक्षण, बीजोपचार तथा आवश्यक मशीन और उपकरण प्रदान कर लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। कम लागत, कम श्रम और ज्यादा कमाई के कारण किसान श्री विधि से धान की बुवाई में काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अदाणी फाउंडेशन का कृषि क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने में मिल का पत्थर साबित होगा।

### युवा घर बैठे ही प्राप्त कर सकते है रोजगार पंजीयन क्रमांक

**शिवरीनारायण।** रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर वर्तमान में जिला पंचायत परिसर में संचालित हो रहा है। इस कार्यालय में बेरोजगार युवाओं का निःशुल्क रोजगार पंजीयन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में शिक्षित युवाओं के रोजगार पंजीयन की प्रक्रिया ऑनलाईन हो गई है। आवेदक ऑनलाईन रोजगार पंजीयन करके पंजीयन नंबर प्राप्त कर सकते है एवं तीन माह के अंदर अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर वेरिफिकेशन करा सकते है। आनलाईन पंजीयन करने हेतु आवेदक वेबसाईट पर सर्च कर छत्तीसगढ़ रोजगार सर्विस की ई-रोजगार सेवा में जाकर पेज ओपन कर सकते है। इसके बाद सलेक्ट एक्सचेंज में जाकर जांजगीर चांपा जिला सलेक्ट करके आवेदन भरकर रोजगार पंजीयन क्रमांक प्राप्त कर सकते है।

## डेंगू से बचाने वार्ड 34, 35 में चला जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



डेंगू मुक्त शहर हेतु नगर निगम महापौर ने वार्डो में महाभियान चालू कर दिया है हर दिन अलग अलग वार्ड का जायजा लेकर वार्डवासियों को जागरूक कर रही हैं, उसी क्रम में सोमवार को वार्ड क्रमांक 34 और 35 क्षेत्र में निगम आयुक्त एस जयवर्धन एवं एम आई सी सदस्य तथा वार्ड पार्षद के साथ क्षेत्रवासियों को साफ सफाई तथा डेंगू रोकथाम के लिये जागरूक करने निकले। शहर में डेंगू के जिन मरीजो की पुष्टि हुई है वे भले ही बाहर से आने वाले है किन्तु उसे देखते हुए नगर निगम पूरी सक्रियता से शहर के वार्डो में हफ्ते में 2 बार फॉगिंग तथा समय समय पर टेमीफास्ट दवा तथा मेलाथियान पावडर से छिड़काव करा रहा है।साथ साथ महापौर समेत जनप्रतिनिधि और निगम के अधिकारी कर्मचारी वार्डो में लोगो को जागरूक कर रहे है।बारिश से पूर्व ही संजय काम्प्लेक्स में जिला प्रशासन और निगम की टीम द्वारा डेंगू रोकथाम के लिये मुहिम भी चालू कर दिया गया है। आज वार्ड भ्रमण दौरान वार्डवसियो को पूरे टीम ने जागरूक करते हुए बाहर रखे कोटना के पानी को फिकवाया,घर पर जमे हुए पानी जैसे गमला, बर्तन, टायर, छत में रखा कोई पात्र जिसमे पानी जमा हो उसे नष्ट करते रहने कहा क्योंकि साफ जमा पानी मे ही मच्छर अपना लार्वा छोड़ता है इसलिये घर के आस पास गली मोहल्लों में सफाई बनाये रखने अपील की गई। निरीक्षण दौरान महापौर आयुक्त एम आई सी सदस्य स्वास्थ्य प्रभारी संजय देवांगन,पार्षद बबलू बरेठ,जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री शाखा यादव,अमृत काट्जू एवं निगम की टीम शामिल रही।

स्वास्थ्य प्रभारी संजय देवांगन ने बताया कि डेंगू मुक्त शहर के लिये हम हरसंभव प्रयास कर रहे है आप सभी से भी अपील है कि अपने घर और शहर को स्वच्छ रखे। आगामी बुधवार को हमने वृहद बैठक भी रखी है जिसमे डेंगू को हराने कार्ययोजना तैयार करेंगे।

## हिंदी दिवस पर सर्वाधिक उपयोग का लेना चाहिए संकल्प : उषा केडिया

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



हिंदुस्तान में हिंदी दिवस के मौके पर लोग एक दूसरे को हिंदी दिवस की सोशल मीडिया पर तथा सोशल मीडिया के विभिन्न सशक्त माध्यमों से शुभकामनाएं दे रहे हैं, किंतु आज भी हिंदी के सर्वाधिक शासकीय कार्यों एवं अन्य संस्थाओं में उपयोग पर और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है, आज हिंदी दिवस का यह पुनीत दिवस हम सभी के लिए एक गौरवशाली दिन है, तथा इसी अवसर पर देश के कर्नाटक राज्य के मैसूर शहर की प्रतिष्ठित साहित्यकार, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के मासिक अग्र ज्योति पत्रिका की वरिष्ठ संपादक एवं देश भर में स्कूली बच्चों को वर्चुअल माध्यम से कोविड-19 काल में भी जिन्होंने विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी करवा कर एक नई पहल की, ऐसी क्रिएटिविटी कैफे की डायरेक्टर श्रीमती उषा केडिया ने अपनी भावनाएं पंक्तियों के माध्यम से तथा विचारों के माध्यम से प्रस्तुत की है, श्रीमती उषा केडिया मैसूर कर्नाटक कहती हैं कि 14 सितंबर हिंदी दिवस का यह अवसर हम सभी के लिए एक गौरवशाली है, हमें अधिक से अधिक हिंदी का उपयोग करना चाहिए तथा लोगों को हिंदी के उपयोग के प्रति बढ़ावा भी देना चाहिए,एवम आज 14 सितम्बर हिंदी दिवस की आप सभी को शुभकामनाये,हिंदी है तो हम है, हिंदी हमारी मातृ-राष्ट्र भाषा है, उषा केडिया कहती है कि क्या आप जानते है कि अमेरिका में साढ़े छः लाख लोग हिंदी बोलते और समझते है, विदेशो के 91 विश्वविद्यालयों में हिंदी की विशेष पीठ है,यूनेस्को की सात प्रमुख भाषाओ में हिंदी शामिल है,अंग्रेजी के मुकाबले हिंदी अखबारो की बिक्री दो गुना है,विदेशो के 150 विश्वविद्यालयों में हिंदी पढाई जाती है।

## स्टोर रूम, लेब, बेड व चिकित्सा कक्ष सब एक ही कमरे में

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com





जिला मुख्यालय से करीबन 25 किलोलिटर दूर ग्राम बनोरा का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अपने बदहाली की आंसू बहा रहा है। अपने स्थापना काल से ही एक छोटे से कमरे में ही यह संचालित हो रही है। इस स्वास्थ्य केंद्र के तहत 23 गांव आते हैं। वहीं यह अस्पताल एक आरएमए , 2 नर्स, एक ए एन एम ,एक डाटा ऑपरेटर ,एक क्लर्क तथा 1 सफाई कर्मी के भरोसे चल रही है। आर एम ए अपने 23 गांव के दौरे में चली जाती है तो नर्स टीकाकरण में जाती है ,यही नही एक नर्स की अंतरराज्यीय कोरोना बेरियर में भी ड्यूटी लगी है। एक फार्मासिस्ट है जिसे लोईंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अटैच है जबकि यहाँ का फार्मासिस्ट रायगढ़ में अटैच है। बनोरा के इसी अस्पताल का नेत्र सहायक रायगढ़ जिला चिकित्सालय में अटैच है , लेब टेक्नीशियन पिछले 2 माह से सेवा निवृत्त हो गया है ,यह पद भी खाली है। टीकाकरण के इस दौर में यह अस्पताल सिर्फ स्वीपर के भरोसे ही संचालित होता है। शाम को 4 बजे बाद इस अस्पताल में ताले लटके देखे जा सकते हैं। यहाँ के मरीज भगवान भरोसे ही हैं। न बेड , न एम्बुलेंस न एम बी बी एस डॉक्टर और न ही उचित दवाइयां,ऐसे बीमार अस्पताल को समुचित इलाज की दरकार है। वही समुचित स्वास्थ्य सेवाओं की दावा करने वाली छत्तीसगढ़ सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल रही है, बनोरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र। जब हमारे संवाददाता ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं की खबर लेने बनोरा गाँव पहुंचे तो सरपंच कार्तिक राम साव से टेलीफोनिक बातचीत हुई ,उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिये नया भवन बन रहा है।

### क्या कहते हैं सीएचएमओ

मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ केशरी से जब इस भवन को लेकर जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि यह छत्तीसगढ़ मेडिकल कॉर्पोरेशन की ओर से बनाया जा रहा है। ठेकेदार कौन है इसकी जानकारी मुझे नही है। मैं निर्माण स्थल गया था ,वहाँ किसी तरह की भवन को लेकर बोर्ड नहीं लगाया गया है। मैं संबंधित को बोर्ड लगवाने के लिए बोलूंगा।

## धर्मेंद्र सिंह कलेक्टर से 15 वें वित्त के अंतर्गत कार्य योजना पर रोक लगाने की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत शक्ति के सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने 13 सितंबर को जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला से मिलकर जनपद पंचायत शक्ति में 15 वे वित्त के अंतर्गत आवंटित राशि से अनुमोदित कार्य योजना पर रोक लगाने की मांग की है, तथा धर्मेंद्र सिंह द्वारा प्रेषित ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में जनपद सदस्य रामकुमार गबेल, शशि कंवर, भुनेश्वरी कंवर, गायत्री सिदार, सावित्री नेताम, अमर सिंह सिदार, अशोक यादव एवं ननकी नोनी प्रमुख हैं, धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में मिलने गए प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को बताया कि जनपद पंचायत शक्ति में 15वें वित्त योजना के अंतर्गत वर्ष 2020- 21 एवं वर्ष 2021-22 में लगभग 25200000 के कार्य स्वीकृत किए जाने हेतु वर्किंग कमेटी का गठन किया गया था, किंतु वर्किंग कमेटी के गठन के बावजूद मनमाने ढंग से उपरोक्त राशि को अपने- अपने क्षेत्रों में ही दे दिया गया है, तथा विगत महीनों संपन्न सामान्य सभा की बैठक में पारित संकल्प प्रस्ताव को वर्तमान परिपेक्ष में बिना चर्चा कराए ही जनपद सदस्यों की अनदेखी की जा रही है, तथा 15 वें वित्त की आवंटित राशि को कुछ जनपद सदस्यों के क्षेत्र में ही लगभग 80त्न राशि दे दी गई है, एवं जनपद पंचायत में सदस्यों की मांगों को निरंतर नजरअंदाज किया जा रहा है, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में कलेक्टर से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने उनके प्रेषित ज्ञापन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शक्ति को टीप कर आवश्यक संज्ञान लेने के निर्देश दिए हैं, तथा प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व में पारित संकल्प पत्रों सहित अन्य दस्तावेजों की छाया प्रति भी अपने ज्ञापन के साथ प्रेषित कर 15 वे वित्त की वर्तमान में आवंटित राशि की अनुमोदित कार्य योजना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है, साथ ही धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि जनपद पंचायत को प्राप्त कुल राशि का आवंटन सभी जनपद क्षेत्रों में बराबर- बराबर किया जाए, तथा जब तक राशि का आवंटन विधिवत नहीं हो जाता तब तक इस पर रोक लगाई जाए।

## एक तो बिजली व्यवस्था बेहाल, दूजा बिजली बिल कर रहा कंगाल

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

विद्युत विभाग के सब स्टेशन जैजेपुर अंतर्गत विद्युत वितरण केन्द्र जैजेपुर व सलनी अंतर्गत ग्राम शिकारीनार, भोथीडीह, केकराभाठ, नंदेली, पाँड़ाहरदी, गुचकुलिया, गलगलाडीह, बोरसरा, जैजैपुर, अरसिया, तुषार सहित क्षेत्र के अनेकों गांवों में ना सिर्फ बरसात के मौसम में बल्कि जनवरी 2021 से ही लोगों को बिजली विभाग की सर्विस से बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ,बिना कोई बारीश या आंधी तूफान के भी कई कई घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप्प कर सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी अपना फोन बंद करके कार्यालय से भी नदारद हो जाते हैं जिससे क्षेत्र भर के लोगों के भीतर शासन-प्रशासन और विद्युत विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है जो बीच बीच में सब स्टेशनों में देखने को भी मिल रहा है लेकिन व्यवस्था है कि सुधार होने का नाम नहीं ले रहा है जबकि अनेकों शिकायतें ऑनलाईन और ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से किया जाता रहा है।

### पहले 80 रुपये और अब हजारों में आ रही बिजली बिल

आमजनता जो कोरोनाकाल मे बड़ी ही मुश्किल से अपना और अपने बच्चों का पेट पाल रही है बिजली विभाग के बिजली बिल से मानसिक रूप से प्रताड़ति हो रहे हैं क्योंकि कुछ महिने पहले तक जहाँ एकल बत्ती कनेक्शन वाले अधिकतर लोगों का 80 से 120 रुपये तक बिजली बिल आता था अब बिजली विभाग के द्वारा अब उनको किसी को दो हजार किसी को आठ हजार तो किसी को नौ और दस हजार रुपये तक का बिल थमाया जा रहा है जिससे दिन भर काम कर अपने परिवार का पेट पालने वाले लोग काफी आहत हो रहे हैं, हद तो तब हो जाती है जब इनके रीडरों से बात करने पर वो 8 के बदले 4 हजार दे देने की बात करते हैं और इसकी शिकायत करने की बात करने पर कहते हैं कि जाओ जो करना है कर लेना हमारा कौन क्या कर लेगा ।अधिक बिल आने का कारण पूछे जाने पर कहते हैं कि कई महिने तक बिल जमा नहीं किये हो इसलिए इतना आया है, अब सवाल यह उठता है कि इसमें आम लोगों की क्या गलती है जब विभाग हर महीने बिल ही नहीं भेजता है तो जुर्माना आमजनता क्यों चुकाये?

### बीएसपी और बीजेपी नेताओं ने किया कार्यप्रणाली में सुधार करने की मांग

हालाँकि जब जनता के इस मुख्य समस्या के बारे में प्रदेश और जैजैपुर विधानसभा के दो प्रमुख विपक्षी दल बहुजन समाज पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं व विधायक द्वारा तत्काल अपने स्तर पर कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाना देखा जा रहा है , इसी कड़ी में क्षेत्रिय विधायक केशव प्रसाद चन्द्रा को क्षेत्र के लोगों ने जब इस समस्या के बारे में बताया तो तत्काल ही विद्युत विभाग से सभी क्षेत्रिय कर्मचारियों/अधिकारियों को इस सम्बन्ध में दूरभाष के माध्यम से सूचना देकर समस्या का हल निकालने का आह्वान किये जबकि बीजेपी के युवा मोर्चा द्वारा भी उप अभियन्ता जैजैपुर को ज्ञापन सौंप कर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की गयी है।

# 7 सूत्रीय मांगों को लेकर बालोद जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संघ ने धरना दिया

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com





7 सूत्रीय मांगों को लेकर बालोद जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। सुबह से ही खराब मौसम के बावजूद आंगनबाड़ी कर्मियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आंगनबाड़ी कर्मियों को शासकीय कर्मचारी घोषित करने एवं जब तक शासकीय कर्मचारी न हो आंगनबाड़ी कर्मियों को न्यूनतम वेतन 18000/रू.-एवं सहायिका को 9000/रू.- प्रतिमाह लागू करें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने सहित अन्य बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकर्षण करने हेतु राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया और प्रधानमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के द्वारा पूरे देश में वर्ष 1975 से आंगनबाड़ी केंद्रों के समेकित महिला एवं बाल विकास योजनाओं का संचालन हो रहा है जिसमें 25 लाख से भी ज्यादा की संख्या में आंगनबाड़ी कर्मी कार्यरत हैं तथा इस योजना को फलीभूत कर रहे हैं। जिसके अंतर्गत 0 माह से 6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के पोषण माह प्रारंभिक स्वास्थ्य की देखभाल पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने शिशु स्तनपान, गर्भवती माताओं को, 0 माह से 6 वर्ष के बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए जरूरी पोषण आहार विटामिन ,प्रोटीन उपलब्ध कराने का कार्य ,बाल संदर्भ सेवाओं का कार्य केंद्र सरकार की इस स्कीम के तहत आंगनबाड़ी कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा राज्य शासन के द्वारा बीएलओ, आर्थिक जनगणना जनगणना, पल्स पोलियो, फाइलेरिया, राशन कार्ड ओडीएफ, कोविड-19 सर्वे डोर टू डोर, वैक्सीनेशन के प्रचार प्रसार आदि का कार्य आंगनबाड़ी कर्मियों से संपन्न कराया जाता है। 8 घंटे से भी अधिक का कार्य आंगनबाड़ी कर्मियों को करना पड़ता है इस प्रकार आंगनबाड़ी कर्मियों को सभी प्रकार के शासकीय कार्य करने के बाद भी आज तक शासकीय कर्मचारी घोषित नहीं किया गया है ना ही अब तक न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जा रहा है। केवल अल्प मानदेय का भुगतान ही आंगनबाड़ी कर्मियों को प्राप्त हो रहा है एवं न ही किसी प्रकार से सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही। जिसके चलते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षण करवाने हेतु 13 सितंबर 2021 एक दिवसीय धरना, प्रदर्शन किया गया। सात मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कर्मियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका शामिल हुये। उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को बालोद जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की जिला अध्यक्ष आयशा खान ने संबोधित किया और कहा कि सब को संगठित होकर इस लड़ाई को लड़नी है जीत हमारी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की जिला महामंत्री माधुरी रथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की बहनें एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल हैं। जिले की बहनें भी खराब मौसम के बावजूद धरने में शामिल होने के लिए दूर-दूर से आई हैं मैं आप सभी का धन्यवाद करती हूं और आशा करती हूं कि आने वाले समय में जब भी भारतीय मजदूर संघ का आह्वान होगा हम सब एकजुटता के साथ धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। वक्ता के रूप में सभा को संबोधित करते हुए जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने कहा कि आप सभी महिला शक्ति को नमन है जो आज अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए खराब मौसम में भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए हैं। आपकी उपस्थिति ही इस बात का प्रमाण है कि सरकार को आपकी जायज मांगों को मानना होगा, आज चाहे केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकार दोनों की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य अगर कोई पूरी ईमानदारी से कर रहा है तो वह हमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ही है। इनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। लेकिन बदले में सरकार इनको उनके कार्य के हिसाब से न वेतन और न ही सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। नियमितीकरण का मामला सालों से लंबित है, वेतनमान बढ़ाने पर भी सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जिला मंत्री ने उपस्थित बहनों से कहा कि आपकी मांगों को सरकार को मानना होगा और अगर सरकार इसमे आनाकानी करती है तो भारतीय मजदूर संघ आर पार की लडाई लडने से भी पीछे नहीं हटेगा। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री ने इस धरने को सफल बनाने के लिए जिले के सभी यूनियनों के अध्यक्ष और महामंत्रियों को धन्यवाद दिया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के बालोद जिले की अध्यक्ष आयशा खान और महामंत्री माधुरी रथ के साथ साथ सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

# कुआं निर्माण से किसान कमल किशोर की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



ग्राम जामगांव (बी) के किसान कमल किशोर के निजी भूमि में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कुआं निर्माण कार्य होने से उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। वर्ष 2019-20 में किसान कमल किशोर के नाम से मनरेगा के तहत कुआं निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ, जिसके उपरांत उसके निजी भूमि में पर कुआं निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। कुआं निर्माण के दौरान मात्र 18 फीट में ही पर्याप्त पानी निकला, जिससे वर्तमान में कुएं में वर्षभर पानी की उपलब्धता बनी रहती है। किसान कमल किशोर ने कुआं निर्माण होने के बाद अपने 25 डिसमिल भूमि में सेमी, कुम्हड़ा, लौकी, गोभी, भाजी, खीरा आदि की सब्जी लगाना शुरू किया और विगत पांच माह से अपने बाड़ी के उत्पादित सब्जियों के विक्रय से अच्छी आमदनी अर्जित कर रहा है। किसान कमल किशोर ने बताया कि उसने कभी नहीं सोचा था कि वह अपने निजी भूमि में कुआं निर्माण करा पाएगा, लेकिन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत् कुँआ निर्माण होने से उसका सपना साकार हुआ है। कुआं निर्माण के बाद सब्जी उत्पादन व विक्रय से किसान कमल किशोर को आमदनी का जरिया मिला जिससे उसका परिवार काफी खुश है।

# लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन हुआ प्रभावित, ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के अंदर घुसा पानी

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। जिले के कई ग्रामीण इलाकों के संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गए है। गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम खर्रा में एक गरीब किसान का कच्चा मकान टूट गया है। जिसकी जानकारी लगते ही प्रभारी तहसीलदार मनोज भारद्वाज अपने टीम के साथ मौके पर पहुच निरीक्षण कर जायजा लिया। वही गुंडरदेही ब्लॉक के कई ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के अंदर पानी घुस गया है। गुरुर ब्लॉक के ग्राम फागुनदाह, खर्रा एवं दर्रा नाला उफान पर आ गए है। नालों के ऊपर पानी आ गया है। स्थानीय प्रशासन ने इस क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बंद करवा दी है। वही ग्राम पलारी से गुरुर मार्ग बन्द हो गया है। ग्राम बोरी के पास सेमरिया नाला उफान पर है। इन सबके बीच एक अच्छी खबर यह भी है कि लगातार हो रही बारिश से तांदुला सहित खरखरा, गोंदली जलाशयों का जलस्तर बढ़ गया है। वही लगातार हो रही बारिश से कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सभी अधिकारियों को अलर्ट कर दिया है और बाढ़ नियंत्रण कक्ष में भी 24 घन्टे कर्मचारी की तैनाती कर दी है। साथ ही राजस्व अमले को भी लगातार बारिश प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण करने के कड़े निर्देश दिए है।



## फागुनदाह में निर्माणाधीन पुल हुआ क्षतिग्रस्त

गुरुर ब्लॉक के ग्राम फागुनदाह में एडीबी द्वारा निर्माणाधीन डायवर्शन पूल तेज बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया है। फागुनदाह व मोहारा सड़क निर्माण कार्य अंतर्गत डायवर्शन पुल जिसका निर्माण अभी प्रारंभ ही हुआ था। मूसलाधार बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया हैं। पहली ही बारिश ने गुणवत्ता की पोल खोल कर रख दी हैं। आलम यह है कि पूल के ऊपर से पानी जा रहा है। एसडीएम अमित श्रीवास्तव ने मौके पर पुलिस बल के साथ कोटवार की तैनाती की हैं। इस दौरान श्री श्रीवास्तव ने पटवारी और सचिव के साथ बाढ़ की आशंका के चलते आश्रय स्थल, भोजन व्यवस्था आदि के बारे में सरपंच और पंचायत प्रतिनिधि के साथ चर्चा भी की है। वही एसडीएम अमित श्रीवास्तव और तहसीलदार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मुआयना किया। आपको बता दे कि समाचार लिखे जाने तक किसी भी प्रकार की नुकसान की सूचना नही प्राप्त हुई हैं।

# जिले के गौठानों में विभिन्न गतिविधियों का हो रहा संचालन

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना के तहत जिले में निर्मित गौठान व चारागाहों में मवेशियों के लिए सुविधायुक्त आश्रय स्थल एवं चारागाहों के माध्यम से पौष्टिक आहार की व्यवस्था हुई है। गौठान व चारागाह ग्रामीणों के आय का स्त्रोत बन रहा है। जिले में चयनित गौठानों में गोधन न्याय योजना संचालित है यहां खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इसे मल्टीएक्टिविटी सेंटर के रूप में स्थापित कर स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा-वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट निर्माण, सब्जी बाड़ी, चैनलिंक फेसिंग तार निर्माण, गोबर का दिया, हर्बल गुलाल, मुर्गीपालन, मछलीपालन, कड़कनाथ पालन, एलोविरा की खेती, फिनाइल, मशरूम उत्पादन, डेयरी, दोना पत्तल, अरहर की खेती आदि गतिविधियॉ की जा रही है। उक्त गतिविधियों के संचालन हेतु मनरेगा आदि योजनाओं के माध्यम से स्वसहायता समूह के लिए वर्कशेड, मुर्गी शेड, डेयरी शेड, डबरी, वर्मी टांका का निर्माण किया गया है साथ ही समय-समय पर स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को विभिन्न गतिविधि हेतु प्रशिक्षण प्रदाय कराया जा रहा है। गौठान के क्रियाकलापों से अन्य ग्रामीण भी प्रोत्साहित हो रहे है। गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट से एक ओर जहां वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कर रही महिलाओं को आमदनी प्राप्त हो रहा है वहीं दूसरी ओर किसानों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से जिले में जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है।



# कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर ने अपने नए विद्यार्थियों के लिए आईस ब्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया

**रायपुर।** कलिंगा विष्वविद्यालय रायपुर मध्य भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक है। जहां छात्रों को विभिन्न शोध और नवीन गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह छात्रों में गहन विष्लेषणात्मक कौषल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कलिंगा विष्वविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबधन संकाय के एक्सपेरिमेंटल लर्निंग क्लब के छात्रों ने 10 सितंबर 2021 को अपने प्रथम वर्ष के स्नातक छात्रों के लिए ऑनलाइन आईस ब्रेकिंग सत्र आयोजित किया। जिसमें प्रथम वर्ष के छात्रों ने इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल के माध्यम से जैसेः- ''मैं क्या हूँ?'', ''शो एंड टेल'', ''सेल्फपोर्ट्रेट'' गेम, पहेलियों, फिल्मों, टैगलाइन, सीईओ और विज्ञापनों का अनुमान लगाने में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम को निर्णायक कलिंगा विष्वविद्यालय, वाणिज्य और प्रबंधन संकाय के श्रिया त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक एवं ए. नागा रमनी सहायक प्राध्यापक थे। इस कार्यक्रम में वाणिज्य और प्रबंधन संकाय के डीन डॉ. मोनिका सेठी शर्मा और वाणिज्य के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे। इस गतिविधि में 90 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और प्रतिभागियों ने इस कार्य म को बहुत ही रोमांचक और सीखने पर केंद्रित पाया।

सुश्री श्रिया त्रिपाठी ने समापन सत्र के दौरान परिणाम घोषित करते हुए कहा कि नए छात्रों के लिए आइस ब्रेकिंग तकनीक काफी रोमांचक रही।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषाहार एवं योग के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**मुंगेली।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिलाषा बेहार ने आज यहां बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2021 के द्वितीय सप्ताह के दौरान पोषण हेतु योग और आयुष थीम के अनुसार जिले के सभी पांच बाल विकास परियोजनाओं के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषाहार एवं योग के विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे है। इसी सिलसिले में 13 सितम्बर को बच्चों एवं महिलाओं के लिए ऑनलाईन लघु अवधि के प्रशिक्षण के अलावा गर्भवती, शिशुवती, किशोरी बालिकाएं और बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। जिसमें योग विभिन्न आसनों यथा शीतली प्राणायाम, स्कन्ध चक्र , नाड़ी शोधन, नौकासन, मकरासन इत्यादि के संबंध में महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी गई। गर्भवती एवं शिशुवतियों को विशेष तौर पर लाभकारी आसन बताया गया। गौरतलब है कि विकासखण्ड लोरमी, मुंगेली की दो-दो एवं पथरिया की एक बाल विकास परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केंद्रो में आने वाले हितग्राहियों को योग की आदत विकसित करने, उत्तम स्वास्थ्य लाभ हो इसे ध्यान में रखते हुए योग एवं पोषण संबंधित जानकारी दी गई।

## एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन 17 को

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 17 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें व्यापार एवं उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

**न्यायालय तहसीलदार, कांकेर (नजूल), जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ / अ-20(1)/2019-20

**// उद्घोषणा //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **होमेन्द्र गिरी गोस्वामी अध्यक्ष छ.ग. दशनाम गौंस्वामी समाज ईकाई कांकेर** तहसील कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर द्वारा मोहल्ला शीतलापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 7 सी प्लाट नंबर 1 में से क्षेत्रफल 3590 व.मी. मे से 1000 वर्गमीटर रिक्त नजूल भूमि को आबंटित करने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त /आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 22.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार (नजूल)**
**उत्तर बस्तर कांकेर**

# परिवहन मंत्री से राडा पदाधिकारियों ने आटो मोबाइल व्यवसाय को सुविधा देने पर चर्चा की



**रायपुर।** ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के पदाधिकारी ने परिवहन मंत्री मो. अकबर के निवास पर मुलाकात करने गये जिसके तहत समय समय पर छत्तीसगढ़ सरकार व् परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर ग्राहकों व् ऑटोमोबाइल व्यवसाय को सुविधा प्रदान करने के लिये अपने विचारो के माध्यम से शासनको अवगत कराना होता है जिसके फल स्वरूप छत्तीसगढ शासन के परिवहन विभाग, ग्राहक व् व्यवसायियों के बीच सुगमताव् सरलता स्थापित हो, रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने परिवहन मंत्री को बधाई व् धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है। जहा परिवहन विभाग ने RC व् DL आधार से इंटीग्रेटेड करते हुवे ग्राहक को 22 प्रकार की सुविधाओं का लाभ मिला स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदकों एवं वाहन स्वामियों के घर के पते पर पहुंचाया जा रहा है जो की सराहनीय है तथा इस नई सुविधा से अभी तक 1 लाख लोगों को उनके पते पर स्मार्ट कार्ड पहुंचाया जा चुका है जिसका प्रतिशत 99 है जो की अतुलनीय है छ.ग. राज्य का गठन हुये 20 वर्ष हो चुके हैं और राज्यसाल दर सालदरसाल प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राज्य का परिवहन विभाग भी इस कंप्यूटर तकनीकी के युग में अपने कार्यशैली को सरल व् सुगम बनाने के लिये कार्यरत है। राज्य के गठन के उपरांत परिवहन विभाग ने राज्य की गाडियों की ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया की शुरुआत की जिससे ऑटोमोबाइल डीलर काफी उत्साहित हुवे व् अपने कार्यालय के काम काज में परिवर्तन किया जिससे नागरिको व् डीलरो को कम परेशानियों का सामना करना पड़े व् सुगमता से कार्य को सम्पादित किया जा सके। इसी क्रम में अध्यक्ष ने ऑटोमोबाइल व्यवसाय से जुड़े कई समस्याओं पर मंत्री का ध्यानाकर्षित किया की अनावश्यक रूप से बहुत से कार्यो की नहीं किया जाना चाहिये।

# जिले के 20 गांवों को नल कनेक्शन के माध्यम से मिलेंगे स्वच्छ पेयजल

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित उनके चेम्बर कक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेस्टोफिटिंग ऑनलाईन निविदाओ, निविदाओं की स्थिति, पाईप लाईन के माध्यम से हर घर जल और विद्यमान पेयजल स्त्रोतो से जल नमूनों के परीक्षण आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एकल ग्राम योजना के तहत जिले के 20 गांवो को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 20 करोड़ 87 लाख 36 हजार रूपये के कार्यो की प्रषासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। इनमें विकास खण्ड लोरमी के ग्राम सारईपतेरा के लिए 1 करोड़ 77 लाख 69 हजार, ग्राम तेलीयापुरान के लिए 1 करोड़ 71 लाख 24 हजार, ग्राम देवरहट के लिए 1 करोड़ 49 लाख 30 हजार,ग्राम चंदली महंत के लिए 1 करोड़ 38 लाख 34 हजार, ग्राम भालूखोंधरा के लिए 1 करोड़ 38 लाख 28 हजार, ग्राम सेमरसल के लिए 1 करोड़ 32 लाख 01 हजार, ग्राम पैजनिया के लिए 1 करोड़ 31 लाख 10 हजार, ग्राम तुलसाघाट के लिए 1 करोड़ 24 लाख 89 हजार, ग्राम लालपुरकला के लिए 1 करोड़ 11 लाख 83 हजार, ग्राम मसना के लिए 1 करोड़ 09 लाख 80 हजार, ग्राम बुधवारा के लिए 1 करोड़ 03 लाख 55 हजार, ग्राम हरदी खेकतरा के लिए 99 लाख 83 हजार, ग्राम नवागांव जैत के लिए 99 लाख 33 हजार, ग्राम मसनी के लिए 96 लाख 71 हजार, ग्राम फ्लवारी एफके लिए 80 लाख 22 हजार और विकास खण्ड पथरिया के ग्राम परसदा के लिए 1 करोड़ 11 लाख 92 हजार रूपये के कार्यो के प्रषासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

इसी तरह समूह जल प्रदाय योजना के तहत विकास खण्ड मुंगेली के ग्राम देवरी (क) के लिए 1 करोड़ 11 लाख 32 हजार रूपये के कार्यो के प्रषासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता तथा जिला जल एवं स्वच्छता मिषन के सदस्य सचिव संजीव बृजपुरिया ने आय-व्यय के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक में जिला जल एवं स्वच्छता मिषन की सदस्यगण उपस्थित थे।

## पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 सितम्बर दिन बुधवार को पी.पी.टी 2021 प्रवेश परीक्षा का आयोजन सुबह 09 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक किया जाएगा। पी.पी.टी.प्रवेश परीक्षा के लिए शासकीय भानुप्रतापदेव पीजी कॉलेज कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसमें कुल 200 परीक्षार्थियों को बैठने की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा परीक्षा केन्द्र में आवश्यक व्यवस्था के लिए संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता मण्डावी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा संस्था के प्राचार्य डॉ. कृपाराम ध्रुव को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। पी.पी.टी. प्रवेश परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल भी गठित किये गये हैं।

**न्यायालय तहसीलदार, बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./202108080400111/ अ-59 वर्ष 2020-2021

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **चंद्रशेखर शुक्ला प्रभारी महामंत्री संगठन छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजीव भवन, रायपुर** द्वारा नगर बोड़ला, तहसील बोड़ला में कांग्रेस भवन हेतु भूमि मांग किया गया है जिस हेतु हल्का पटवारी द्वारा नगर बोड़ला तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 556 रकबा 0.717 हे. मद प्रचलित आबादी का चयन कर नजरी नक्शा एवं पंचनामा सहित प्रतिवेदन पेश किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 16.09.2021 तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 26.08.2021
पेशी दिनांक - 16.09.2021

मुहर

**तहसीलदार**
**बोड़ला**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - छत्रपति शिवाजी वार्ड
वार्ड क्र. 15, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **13.10.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2159/14.09.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 291/15, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - सुनील कुमार S/o भगवान सिंह, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- श्रीवास विश्वास S/o रोहिणी विश्वास.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 225/2021-2022
वार्ड का नाम - बाबू जगजीवन रामवार्ड क्र.-53

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र.-53 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **53/ नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती राजेश हरसानी S/o हीरामल हरसानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती अपेक्षा अमित द्विवेदी W/o श्री अमित द्विवेदी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 224/2021-2022
वार्ड का नाम - बाबू जगजीवन रामवार्ड क्र.-53

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र.-53 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **53/ नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती राजेश हरसानी S/o हीरामल हरसानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती प्रभात चन्द्र पाण्डेय S/o स्व. एस.पी. पाण्डेय** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 227/2021-2022
वार्ड का नाम - बाबू जगजीवन रामवार्ड क्र.-53

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र.-53 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **53/C-10 स.व. भाई पटेल थोक बाजार** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती किशन लाल खेमका S/o स्व. गिरधारी लाल खेमका** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती श्रीनारायण ट्रेडर्स प्रोराईटर जय प्रकाश कुकरेजा S/o स्व. नारायण दास कुकरेजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 226/2021-2022
वार्ड का नाम - बाबू जगजीवन रामवार्ड क्र.-53

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र.-53 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **53/ नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती राजेश हरसानी S/o श्री हीरामल हरसानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती कमल माटा S/o शंकर लाल माटा, रितिका माटा W/o कमल कुमार माटा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण, (क्रेडा)**
**(ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन)**
जोनल कार्यालय, सी-2, दूरदर्शन केन्द्र के पीछे धरमपुरा-1, जगदलपुर छ.ग.
कार्यालय फोन नं. 07782-239200

CREDA

पत्र क्रं./क्रेडा/जो.का.ज./2021/1560 जगदलपुर, दिनांक 13.09.2021

**परियोजना निरीक्षक (सिविल डिप्लोमा) हेतु आमंत्रण सूचना**

क्रेडा जोनल कार्यालय जगदलपुर अंतर्गत जिलों में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत स्थापित / स्थापनाधीन सोलर ड्यूल पंपों के निरीक्षण कार्य हेतु कलेक्टर दर पर पूर्णतः अस्थायी तौर पर परियोजना निरीक्षक हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रं. | जिला का नाम | परियोजना निरीक्षक की संख्या | आवेदन प्राप्त / जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | बस्तर | 01 | दिनांक 15.09.2021 से 22.09.2021 तक कार्यालयीन समय में। कार्यालय- क्रेडा जोनल कार्यालय जगदलपुर सी-2 धरमपुरा-01, जगदलपुर, जिला - बस्तर |
| 2. | कांकेर | 02 | |
| 3. | कोण्डागांव | 01 | |
| 4. | नारायणपुर | 01 | |
| 5. | बीजापुर | 01 | |
| 6. | दन्तेवाड़ा | 01 | |
| 7. | सुकमा | 01 | |
| | कुल | 08 | |

आवेदन शुल्क रू. 100/- क्रेडा, क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर में जमा करना होगा। परियोजना निरीक्षक हेतु शैक्षणिक योग्यता सिविल संकाय में डिप्लोमा होना अनिवार्य है। जिले के स्थानीय निवासीयों एवं सिविल निर्माण कार्य में अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर मैरिट सूची तैयार कर आवश्यकता अनुसार आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले आवेदक को किसी भी प्रकार का मानदेय देय नहीं होगा। परियोजना निरीक्षक किसी भी रूप में क्रेडा के कर्मचारी नहीं माने जावेंगे।

संवाद-29863/2

**अधीक्षण अभियंता**
**क्रेडा, जोनल कार्यालय जगदलपुर**

# रौद्र वर्षा : तीन पहले गायब व्यक्ति की नदी किनारे मिली लाश, गंडई इलाके में महिला पुल से बही, कच्चा मकान ढह गया, दर्जनों गांवों से संपर्क टूटा

## जलाशयों में पानी के बढ़ते स्तर से उफान में शिवनाथ नदी, तटीय इलाकों में अलर्ट

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राहत की बारिश अब आफत लेकर आ रही है। बीते तीन दिनों में नदी-नालों के उफान में होने के चलते कई हादसे हो चुके हैं। जलाशयों में बढ़ते भराव के चलते बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। इसके चलते शिवनाथ नदी उफान पर है। नदी किनारे इलाके अलर्ट पर हैं। इस बीच नदी-नालों में डूबकर जिले में दो व्यक्तियों और जिले की सरहद से लगे इलाके में एक महिला की मौत की खबर सामने आई है। शहर में आज एक घर धराशायी हो गया। वहीं कई क्षेत्र में दर्जनों गांवो से संपर्क टूटने की खबरें भी आ रही है। तेज बारिश के बीच तीन दिनों से लापता एक कामगार का शव मंगलवार की सुबह नदी किनारे बरामद हुआ है। संदेह है कि उक्त व्यक्ति काम करने निकला और उसी दौरान पानी में बह गया। इस बीच जिले की सरहद से लगे गंडई के करीब स्थित ग्राम परपौड़ी थाना क्षेत्र के नर्मदा नदी के नवागांव पुल में सोमवार की रात एक महिला पुल से बह गई। बताया गया कि पुल में बाईक के गिरने के बाद महिला नदी में बह गई। उसके साथ दो पुरुष भी मौजूद थे जो बच गए। महिला का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। जहां घटना हुई वह राजनांदगां और बेमेतरा जिले की सरहद है।

अगस्त के लंबे सूखे के बाद सितंबर के पहले पखवाड़े में शुरु हुई बारिश से किसानों को तो राहत मिली है लेकिन लगातार हो रही बरसात के चलते बाढ़ का अंदेशा भी बढ़ गया है। प्रशासन बाढ़ व आपदा, स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में इन विषयों को लेकर सतर्क रहने की हिदायत दी है। वहीं बारिश के बीच किसानों को फसल के लिए जरुरी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार मोंगरा से 4 हजार, सूखा नाला से 3200 और घुमरिया नाला से 3000 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसके चलते शिवनाथ नदी का जलस्तर खतरनाक तरीके से बढ़ा है। नदी किनारे के इलाकों के लिए अलर्ट जारी किया जा चुका है। मोंगरा 85 फीसदी, सूखानाला में 71 फीसदी और घुमरिया नाला में 84 फीसदी पानी जमा हो चुका है। जिले के दक्षिणी हिस्से की बात करें तो यहां के जलाशयों में पानी का भराव अब भी कम है। रूसे में 66, ढारा में 47, पिपरिया में 58, मटियामोती में 42 तथा मडियान जलाशय में 72 फीसदी जमा हुआ है।

### सतर्क रहने की जरुरत, खतरा न मोल लें

नदी-नालों में तेज बहाव के बाद भी लोग लापरवाह बने हुए हैं। तेज बहाव की चपेट में आकर मौत के मामले थम नहीं रहे हैं बावजूद लोग खतरा मोल ले रहे हैं। नदी के आसपास सेल्फी लेने के चक्कर में लोग खतरा मोल ले रहे हैं। वहीं जिन पुल के ऊपर से पानी का तेज बहाव हो रहा है उसे भी पार करने की कोशिश जानलेवा ही है। युवा वर्ग को खासा सतर्क रहते हुए खतरा मोल लेने से दूर ही रहना जरुरी है। लोगों को ऐसे हालात में खुद के बचाव और तेज बहाव से दूर रहने की जरुरत है।

### कई गांवों से संपर्क टूटा

नदी-नालों में उफान के चलते अंचल के कई ग्रामों से संपर्क टूट गया है। छुरिया, डोंगरगांव, अंबागढ़ चौकी इलाके में कई पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। बीते दिनों छुरिया इलाके में ऐसे ही एक पुल पार करते हुए युवक की बाईक बह गई और जैसे-तैसे वह खुद बच पाया। छुरिया में ही नाले में गिरने से एक व्यक्ति की भी मौत हो चुकी है। डोंगरगांव में शिवनाथ के आसपास के क्षेत्र में बाढ़ के हालात हैं। अंबागढ़ चौकी क्षेत्र मं भी हालात ऐसे ही हैं। गंडई क्षेत्र में जिले की सरहद से लगे इलाकों में भी नदी-नाले उफान पर हैं।

### नदी किनारे फंसा मिला 3 दिनों से लापता व्यक्ति का शव



3 दिनों से गुमशुदा 40 वर्षीय व्यक्ति की लाश शिवनाथ नदी किनारे बरामद हुई है। बताया गया कि मृतक सुरगी इलाके के ढोडिया गांव का निवासी घनाराम निषाद रविवार से ईंट भट्ठे में काम करने के लिए घर से निकला था और तब से ही उसका कोई पता नहीं था। तीन दिनों तक घर न लौटने पर उसकी तलाश शुरु की गई। नदी किनारे स्थित गांव के एक सब्जी बाड़ी के पीछे मंगलवार सुबह उसका शव ग्रामीणों ने देखा। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि मृतक नदी के दूसरे किनारे में स्थित ईंट भट्ठे में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता था। नदी पार कर वह आना-जाना करता था। माना जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश की वजह से नदी के जलस्तर बढने के दौरान संभवत~ मृतक गहरे पानी में चला गया, जिसके चलते उसकी जान चली गई।

### धमधा- गंडई मार्ग रहा बाधित, दनिया पुल में जलभराव

गंडई नगर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम दनिया का पुल



जलमग्न होने की वजह से बीते दिन बाधित रहा। पुल के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारे लगी रही। बस या अन्य वाहनो को दूसरी मार्ग से अपने गंतव्य स्थान के लिए जाना पड़ा। यह पुल गंडई से रायपुर - दुर्ग जाने वाली प्रमुख मार्ग है, जहाँ सैकड़ों की संख्या में वाहनों का आवागमन बना रहता है। दनिया पुल छोटी होने के कारण कम बारिश में ही जलमग्न हो जाता है जिससे आवागमन बाधित रहता है। नगर में पिछले दो दिनों से झमाझम बारिश हो रही है। पुल में जलभराव होने के चलते किसी प्रकार की अनहोनी न हो इसके लिये गंडई पुलिस सुबह से ही तैनात रहे। नये पुल की मांग क्षेत्रवासियों के द्वारा कई मर्तबा किये जाने के बावजूद आज तक नहीं बन पाया है। इस पुल में कई बार घटनाएं भी घट चुकी है, साथ ही कइयों की जाने जा चुकी है।

### कच्चा मकान ढहा



शहर के राजीव नगर के एक गरीब परिवार का कच्चा मकान बारिश के चलते ढह गया। हादसे में यहां निवासरत परिवार को किसी तरह की चोट नहीं पहुंची। संदीप यादव नामक युवक का मकान एकाएक बीती रात को ढह गया। इस बीच वार्ड पार्षद ऋषि शास्त्री ने मौके का मुआयना किया। पार्षद ने पीड़ित परिवार को यथासंभव मदद देने का भरोसा देते आवास योजना का लाभ दिलाने का भी आश्वासन दिया है।

# मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारी, खाद और गिरदावरी पर भी मिली हिदायत

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बारिश के बीच किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाने निर्देशित किया है। उन्होंने कृषि विभाग को गिरदावरी का कार्य भी समय सीमा के भीतर ही पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इस बीच उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर अलर्ट रहने की बात कही है। कलेक्टर ने कहा कि बारिश में मौसमी बीमारियों की संभावना अधिक होती है, इसके बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने टीकाकरण की जानकारी लेते हुए कहा कि कोरोना अभी समाप्त नहीं हुआ है। कोविड-19 से सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। बुधवार और गुरूवार को व्यापक टीकाकरण अभियान चलाते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करें। मुख्यमंत्री सस्ती दवाई योजना के अंतर्गत स्थानीय लोगों को इसके प्रति प्रोत्साहित करें।



**शिकायतों पर हो फौरी कार्रवाई-** कलेक्टर ने कहा कि शिकायतें प्राथमिकता के साथ सुने और इसका निराकरण करें। हितग्राहियों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना न पड़े। सभी प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण करना सुनिश्चित करें। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही निराकरण की सूचना उन्हें दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सोमवार को कार्यालय में रहना सुनिश्चित करें। बिना कारण कार्यालय में अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई की जाएगी।

### राजस्व प्रकरणों के लिए शिविर

कलेक्टर ने आदेश दिया कि सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण, बंटवारा, जाति, आय, निवास सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए ग्रामवार शिविर लगाएं तथा इसकी समीक्षा के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल के निर्माण कार्य तथा स्कूलों में अध्ययन कार्य की समीक्षा करें। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन, शिक्षकों की उपस्थिति, अभिभावकों की बैठक तथा पढ़ाई से संबंधित कार्यों का लगातार मॉनिटरिंग करें।

### 15 से 30 तक बनेंगे कार्ड

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत 15 से 30 सितम्बर तक पंचायत स्तर पर कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। सभी विकासखंडों के सीएससी सेंटरों के माध्यम से कार्ड बनाया जाएगा। सभी विभाग के इस कार्य में योगदान दें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सके।

# यूपी के गिरोह ने बैंक को लगाया 14 लाख का चूना, एटीएम के सहारे देते रहे वारदात को अंजाम

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है जो लगातार बैंक को ही चूना लगा रहा था। इनके तरीके हैरान करने वाले हैं। गिरोह के ये अपराधी एटीएम के सहारे बैंक से धोखाधड़ी करते आ रहे थे। भारतीय स्टैट बैंक शाखा के शाखा प्रबंधक ने ऐसे ही मामलों में 14 लाख 50 हजार की चपत लगने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। सायबर टीम की मदद से पुलिस ने दो आरोपियों को नया बस स्टैंड के स्टेट बैंक के एटीएम से रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एएसपी प्रज्ञा मेश्राम ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी मनीष कुमार यादव (22) और विकास यादव (19) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही आरोपियों के पास से 9 एटीएम कार्ड, 33 हजार 500 रुपए नगद बरामद किए गए हैं। यह आरोपी रायपुर में रुके हुए थे और राजनांदगांव में घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। आरोपियों ने बताया कि एटीएम के सहारे रकम डबल करने के इस काम में एक बड़ा गिरोह सक्रिय है। उसके ही संपर्क में आने के बाद दोनों ने ये काम शुरु किया।

**एक लाख से ज्यादा की रकम पर किया हाथ साफ-** पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों ने स्टेट बैंक के विभिन्न एटीएम से एक लाख 4 हजार रुपए निकाले हैं। अब इनके साथियों की तलाश की जा रही है। एएसपी प्रज्ञा मेश्राम ने बताया कि उत्तर प्रदेश के ही निर्भय सिंह ने ही इन दोनों आरोपियों को अपराध का तरीका बताया था। वह खुद भी अभी जगदलपुर की जेल में है। इस मामले में आरोपियों ने पंकज यादव का भी नाम लिया है। उक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ में पहले ऐसी कई वारदातें कर चुका है।

### स्टेट बैंक के एटीएम होते थे निशाना, किराए पर लेते थे कार्ड

अपराधी बेहद शातिर हैं। पुलिस ने बताया कि ये अपने ही गांव के कुछ लोगों के एटीएम किराए पर ले लेते थे। इस एवज में उन्हें कुछ रकम दी जाती थी। दोनों ही आरोपियों के पास से खुद के एक-एक एटीएम बरामद किए गए हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि दोनों आरोपी एटीएम के भीतर लगे तीन कैमरों को भी चकमा दे जाते थे। इसी बीच वह वारदात कर निकल जाते थे। हालांकि हर बार उनका पैंतरा काम तो नहीं करता था लेकिन अधिकतर मौके पर वह सफल होते रहे।

# अंडरब्रिज का न हो राजनीतिकरण : अभिमन्यु

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पिछले कुछ दिनों से राजनांदगांव की राजनीति में अंडरब्रिज को लेकर लगातार बयानबाजी जारी है। युवा कांग्रेस नेता गौरी नगर निवासी अभिमन्यु मिश्रा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अंडरब्रिज निर्माण के मुद्दे पर राजनीति करना कतई उचित नही है। निर्माण में उससे हर संबंधित विभाग की अहम भूमिका है और सभी के सामंजस्य के बिना कार्य संभव नही है। अंडरब्रिज की मूल मांग की अगर बात की जाए तो तत्कालीन कांग्रेस सांसद देवव्रत सिंह द्वारा देश के सर्वोच्च सदन में अपने प्रथम उद्बोधन में ही मोतीपुर व गौरी नगर में अंडरब्रिज निर्माण की मांग की गई थी जो कि एक साथ ही स्वीकृति दी गयी थी। उसके बाद राजनीतिक कारणों की वजह से ही मोतीपुर का अंडरब्रिज तो बन गया लेकिन गौरी नगर के अंडरब्रिज को कार्य प्रगति पर बता कर विभिन्न झमेलों में फंसा कर रोक दिया गया। पर इस बार पटरी पार की जनता की मूलभूत समस्या का समाधान होना तय है और इसमें कोई संशय नही होना चाहिए। पटरी पार के वासियो ने सालों से लगातार कांग्रेस पर विश्वास जताया है और नगर निगम व छत्तीसगढ़ प्रदेश की कांग्रेस सरकार पटरी पार की समस्त जनता के प्रति कृतज्ञ है, रेल्वे भी जनता की समस्या को समझते हुए जल्द से जल्द निर्माण का रास्ता साफ करेगी यही क्षेत्रवासी चाहते हैं, अंडरब्रिज को पुनः राजनीति की भेंट चढ़ाने की मंशा रखने वाले कभी सफल नही होंगे।

# जिला अस्पताल की व्यवस्था दुरुस्त करने के प्रयास



पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एसडीएम मुकेश रावटे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने शासकीय जिला चिकित्सालय बसंतपुर में बेहतर व्यवस्था तथा प्रबंधन के लिए सभी डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं सफाईकर्मी की बैठक ली। इस मौके पर सीजीएमएससी द्वारा कराए जा रहे रंग रोगन एवं मरम्मत कार्य पर चर्चा की गई। चिकित्सालय में पदस्थ मेडिकल ऑफिसरों को आपसी तालमेल के साथ काम करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे आने वाले मरीजों को परेशानी ना हो। सभी डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ की राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए। सभी डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी के रोस्टर चस्पा करने हेतु तथा नवजात शिशु आईसीयू को 100 बिस्तर एमसीएच हॉस्पिटल में शिफ्ट करने हेतु निर्देश दिए गए।

### खुज्जी पीएचसी में 16 कुपोषितों का स्वास्थ्य जांच

**डोंगरगांव नगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुज्जी में 4 माह से 5 वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया।



इस दरम्यान बीएमओ रागिनी चन्द्रे की स्वास्थ्य टीम आरएनएम मुकेश देवांगन सहित सहयोगी स्टॉफ ने बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर स्वास्थ्य परामर्श दिया। इस मौके पर एसडीएम हितेश पिस्दा व परियोजना अधिकारी महिला व बालविकास विभाग विशेष तौर पर मौजूदगी में स्वास्थ्य जांच किया गया। इस अवसर पर राकेश कुर्रे बीपीएम, भावना बाजपेयी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्टॉफ, मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। एसडीएम द्वारा स्वास्थ्य विभाग को चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों की सतत निगरानी व स्वास्थ्य परीक्षण समीपस्थ स्वास्थ्य केंद्र में निरंतर जारी रखने तथा स्वास्थ्य सुधार एवं स्वास्थ्य वृद्धि की अनिवार्यतः मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया है।

### कृमि से छुटकारा सेहदमंद भविष्य हमारा

**राजनांदगांव।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार जिले में 1 से 19 वर्षीय बालक, बालिकाओं को कुल 6 लाख 69 हजार 086 बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेण्डाजोल का सेवन मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा स्कूलों में खिलाया जाएगा।



महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखोली में बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाकर आज कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में चेयरमेन स्वास्थ्य विभाग श्री गणेश शंकर पवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, नोडल अधिकारी डॉ. बी. एल. तुलावी, चिकित्सा अधिकारी लखोली डॉ. रौशन कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, विकास रौठार, प्रणय शुक्ला, अखिलेश सिंह सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

**अपराध पर नकेल नहीं, अपराधिक तत्व आक्रामक हो रहे, फिर चाकूबाजी की वारदात, पिता-पुत्र घायल, आरोपी हिरासत में**

# पुलिसिंग तबाह, खौफज़दा आमआदमी और शहर में फैलती दहशतगर्दी

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहरी आवाम दहशत में है। गैंगवार, आपसी रंजीश के मामलों से दूर अब दुकानदार और राह चलते लोगों पर चाकू चलने लगे हैं। शहर के कई इलाकों में ऐसे कई अपराधिक तत्व सक्रिय हैं जो नशे के आदि हैं और वारदातों को अंजाम देने से नहीं हिचक रहे। सोमवार की देर रात शहर के पॉश इलाके सृष्टि कॉलोनी में दुकानदार पिता-पुत्र पर चाकू चला दिया गया। दोनों को आनन-फानन में पेंड्री अस्पताल ले जाया गया। वे खतरे से बाहर हैं। लेकिन माहभर के भीतर ही चाकूबाजी के इस तीसरी वारदात के बाद हालात बेकाबू होते दिख रहे हैं। इससे पहले ऐसी ही दो घटनाओं में दो युवकों की जान जा चुकी है। शहर में तबाह पुलिसिंग के चलते दहशतगर्दी बढ़ती जा रही है। पुलिसिंग पर ठीकरा फोड़ने के कई कारण हैं। पुलिस अपराधियों को पकड़ने पर तो ज़ोर लगा रही है लेकिन अपराधों को काबू करने में पुलिस की रणनीति नकारा साबित हो रही है। मैदानी पुलिसिंग ध्वस्त है। गश्त नहीं हो रही, देर रात घुमते-फिरते लोगों से पूछताछ और जांच में ढिलाई बरती जा रही है। शहर की सीमा पर बाहरी इलाकों में पुलिस की सक्रियता है ही नहीं। शहर के दो हिस्सों में शराब दुकानें है। दोनों ही इलाके बायपास से लगे हुए हैं और सूनसान भी। शराब दुकानों में पुलिस बलों की मुस्तैदी नहीं है। आसपास के वीरान इलाके अब नशेड़ियों का अड्डा बन चुके हैं। पेंड्री, रेवाडीह, मोहारा इलाके में तो खौफ सबसे ज्यादा है। इन क्षेत्र से गुजरने वाले लोग खौफज़दा रहते हैं। यहां लगने वाली हवा अपराधिक तत्वों को और ज्यादा आक्रामक बना रही है। इसका असर शहर के हर हिस्से में देखने को मिल रहा है।

### गली गली में शराब, गांजा की बिक्री

शहर की सीमा में 5 शराब दुकानें और आधा दर्जन से अधिक बार होने के बावजूद गली-गली में अवैध शराब बिक रही है। शहर में यह एक बड़ा अवैध व्यापार बन चुका है। गांजा भी इसी तरह बिक रहा है। कई तो बरसों पुराने ठीहे हैं लेकिन आज तक ये पुलिस की कार्रवाई से दूर है। दूसरी नशे की सामग्रियां भी युवाओं को आसानी से हासिल है। नतीजा यह है कि वे देर रात इसके लिए शहर में घूमते दिखते हैं। नशा करने के बाद यह और भी आक्रामक होते हैं। त्यौहार के मौकों पर घटनाएं और बढ़ती हैं।

### लोगों को घेरते, डराते हैं

नंदई चौक के अंदरुनी इलाके में देर रात लोगों को घेरने की खबरें सामने आती है। महामाया चौक में भी ऐसी ही वारदातों की खबर है। आश्चर्य यह कि गुरुद्वारा चौक से मानव मंदिर चौक के बीच भी गाड़ियों को रोककर वसूली की सूचनाएं सामने आती रहीं हैं। बताया जाता है कि यहां कुछ युवक देर रात सड़कों पर लेट जाते हैं और यहां से गुजरने वालों को रोककर डराया-धमकाया जाता है। लखोली और मठपारा में भी वारदातें बढ़ रही है। बात-बात पर हथियार निकालने की धमकी देने वाले अपराधिक तत्वों की तादाद बढ़ रही है।

### हाथापाई के बाद चलाया चाकू, तीसरी वारदात

शहर के सृष्टि कॉलोनी में डेली नीड्स दुकान संचालक प्रताप जवरानी (57) और उसके पुत्र सूरज जावरानी पर आरोपी रविकांत सोनी (24) वर्ष ने सोमवार की देर रात चाकू से हमला कर दिया। प्रताप को कान के पीछे और सूरज को जांघ पर चोट आई है। पुलिस ने बताया



कि देर रात सामान मांगने को लेकर आरोपी से पिता-पुत्र की बहस हुई थी। इस बीच हाथापाई भी हुई और तभी रविकांत ने चाकू चला दिया। घटनास्थल पर खून बिखरा हुआ था। आरोपी को पुलिस ने देररात ही गिरफ्तार किया। घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। माहभर के भीतर ही चाकूबाजी की यह तीसरी वारदात है। इससे पहले संगम चौक और मठपारा में दो युवकों की ऐसी ही वारदात में मौत हो चुकी है।

### गश्त वाहन खड़े रहते हैं

स्टेशनपारा, चिखली, शांति नगर, शंकरपुर हमेशा ही रेड लिस्ट में रहे हैं। यहां देर रात तक लड़कों को घूमते देखा जाता है। पुलिस की शांति इन्हें वारदात का मौका देती है। मोतीपुर, ममता नगर इलाकों में भी गश्त नहीं होती। गश्त वाहनों को घंटो एक ही जगह पर घंटो खड़ा देखा जाता है। म्युनिसपल और स्टेट स्कूल के मैदान और इसके पास के इलाके शराबियों का ठिकाना बन चुके हैं। सुबह यहां की तस्वीर देखते ही यह पुख्ता हो जाता है। कौरिनभांठा, सृष्टि कॉलोनी से लगे हिस्से में भी अपराधिक तत्व पनप रहे हैं। आरके नगर, लक्ष्मी नगर का सन्नाटा भी खतरे की घंटी ही है।

# विकास विजय बजाज डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



शहर के प्रतिष्ठित एथेना वर्ल्ड स्कूल के चेयरमैन एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया समन्वयक एवं सचिव विकास विजय बजाज को हैती गणराज्य के थियोफेनी विश्व विद्यालय द्वारा दिनांक 12 सितम्बर को डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए नई दिल्ली स्थित इंडिया है बिटेट सेंटर में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि इस उपाधि के लिए देश से 56 विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्वानों का चयन किया गया था। डाक्टर विकास विजय बजाज की इस उपलब्धि पर संपूर्ण एथेना परिवार को गर्व है।

## अशोक लेलैंड ने छत्तीसगढ़ में 'बड़ा दोस्त' के लॉन्च के साथ अपना एलसीवी पोर्टफोलियो बढ़ाया


**रायपुर।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी और भारत की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन निर्माता अशोक लेलैंड ने छत्तीसगढ़ में 'बड़ा दोस्त' लॉन्च किया, जिससे एलसीवी (लाइट कमर्शियल व्हीकल) रेंज में कंपनी की पेशकश और मजबूत हुई है। इस प्रकार, इसने छत्तीसगढ़ के घरेलू एलसीवी बाजार की संभावना को उपयोग में लाते हुए अपनी क्षमता को बढ़ाया है। बड़ा दोस्त, 'दोस्त' ब्रांड द्वारा रखी गई मजबूत नींव पर निर्मित हुआ है जो विश्वसनीयता, माइलेज और आराम के लिए जाना जाता है। टेक्नोलॉजी और ड्राइवर के आराम की दृष्टि से, इसमें ग्राहकोन्मुखी पेशकशों को लाया गया है और साथ ही, यह आधुनिक एवं भविष्योन्मुखी भी है। नवीनतम बीएस-6 इंजन से लैस इसके दो वेरिएंट हैं, आई4 और आई3, जो क्रमशः 1,860 किलोग्राम और 1,400 किलोग्राम की बेस्ट-इन-क्लास पेलोड क्षमता वाले हैं। यह बड़ा दोस्त को छत्तीसगढ़ के इलाकों का सही साथी बनाते हैं। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए अशोक लेलैंड सीओओ, नितिन सेठ, ने कहा, 'हमारा दोस्त एलसीवी अपने सेगमेंट में सबसे सफल वाहनों में हैं।


## सरकार के प्रवक्ता चौबे कहते हैं 15 साल में भाजपा ने सिस्टम खराब किया, मुख्यमंत्री कहते हैं बारिश में कोई सिस्टम काम नहीं करता; ऐसी लबरा सरकार से भगवान बचाए : भाजपा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com


भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बारिश के कारण सिस्टम के बंद होने और लोगों को अपने घरों में रुकने की सलाह देने संबंधी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर तीखा कटाक्ष कर कहा है कि मुख्यमंत्री का यह कथन अपनी सरकार की शर्मनाक विफलताओं की स्वीकारोक्ति है। श्री कौशिक ने कहा कि कोरोना काल में केंद्र सरकार के लॉकडाउन के फैसले को लेकर प्रलाप करने वाले कांग्रेस के लोग अब मुख्यमंत्री के इस बयान पर मुँह में दही जमाकर बैठे हैं! प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री कौशिक ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से अंतर्विरोधों की शिकार हो चली है। अभी दो दिन पहले ही प्रदेश सरकार के 'लबरा' प्रवक्ता और मंत्री रवीन्द्र चौबे ने प्रदेश में 15 साल के भाजपा शासनकाल को लेकर किए गए प्रलाप में छत्तीसगढ़ की समस्याओं के लिए भाजपा को कोसा था। अब मुख्यमंत्री सिस्टम फेल होने की बात कहकर लोगों से घरों में ही रुके रहने को कह रहे हैं। कौशिक ने कहा कि बारिश में भाजपा के तन-मन धुलने की फ़िक्र करना छोड़ मुख्यमंत्री बघेल इस बात की चिंता करें कि इस मॉनसून की पहली तेज़ बारिश के पानी के साथ राजधानी के अधिकांश मुहल्लों-घरों व दुकानों और यहाँ तक कि मॉल्स में कांग्रेस की ओछी मानसिकता से प्रेरित उनकी सरकार की कार्यप्रणाली की गंदगी भी घुस आई है और अब वे इसकी सफ़ाई की अपनी ज़िम्मेदारी से मुँह चुराने की एक और शर्मनाक हरक़त से बाज आएँ।







## कोदो, कुटकी, रागी अब बन गए हैं ख़ास
## स्वास्थ्य व सुपोषण के साथ करेंगे आर्थिक विकास

## धान का कटोरा छत्तीसगढ़

# अब बनेगा मिलेट हब

## लघु धान्य उत्पादकों को 'न्याय'


**कोदो-कुटकी पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला देश का पहला राज्य**

**₹3000 प्रति क्विंटल**

**राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत देश में सबसे ज्यादा आदान सहायता**

कोदो-कुटकी और रागी की फसल लेने वाले किसानों को ₹9,000 प्रति एकड़

धान के बदले कोदो-कुटकी और रागी लेने पर ₹10,000 प्रति एकड़



श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ का
# मिलेट मिशन

- कोदो-कुटकी एवं रागी की उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास
- कोदो-कुटकी एवं रागी की उत्पादकता बढ़ाने हेतु तकनीकी जानकारी, उच्च क्वालिटी के बीज व सीड बैंक की स्थापना में मदद के लिए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद और 14 जिलों के साथ एमओयू
- लघु वनोपज सहकारी संघ की वन-धन समितियों के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी एवं रागी की खरीदी
- लघु धान्य उपज की सही कीमत व आदान सहायता देने के साथ समर्थन मूल्य पर खरीदी, प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग की पहल, मिलेट के प्रसंस्करण और गुणवत्ता सुधार से किसानों, महिला समूहों और बेरोजगार युवाओं को मिलेगा रोजगार
- राज्य में दो प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित





संवाद-29857/113

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403